फाल्गुन, कृष्ण पक्ष 7, वर्ष 11, अंक 294, पृष्ठ 12, मूल्य : 5.00

प्रयागराज, सोमवार, 13 फरवरी, 2023


# जनसंदेश टाइम्स

परख सच की

प्रयागराज, वाराणसी, लखनऊ, कानपुर एवं गोरखपुर से प्रकाशित

नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news

अंदर - शांति के लिए प्रतिबद्ध खान अब्दुल गफ्फार खान



अन्दर : रविचंद्रन अश्विन ने रचा एक और इतिहास, अनिल कुंबले को पछाड़ा

# इन्वेस्टर्स समिट से यूपी बनेगा उत्तम प्रदेश

## बोलीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू : देश की कुल अर्थव्यवस्था का पांचवा हिस्सा उत्तर प्रदेश से पूरा होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाने के संकल्प में अवश्यम्भावी सिद्धि बनने वाले ऐतिहासिक यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का समापन रविवार शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के मार्गदर्शन के साथ हुआ। तीन दिवसीय यूपी जीआईएस का शुभारंभ 10 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया था। इस समिट के जरिये उत्तर प्रदेश में समावेशी विकास के लिए करीब 33 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों के करार हुए जिनसे लगभग 93 लाख नए रोजगार सृजित होंगे। उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने कहा कि समावेशी विकास की सोच के साथ आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिति के सार्थक परिणाम आएंगे। उत्तर प्रदेश को विश्वव्यापी ख्याति मिलेगी। दूरदर्शितापूर्ण नीतियों को लागू कर तथा उसके कार्यान्वयन से उत्तर प्रदेश प्रधानमंत्री के विजन के अनुरूप नए भारत का ग्रोथ इंजन बनने के लिए सक्षम भी है और इसके लिए तैयार भी है। उत्तर प्रदेश समृद्ध होगा तो भारत भी समृद्ध होगा। ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्तर प्रदेश को उत्तम निवेश प्रदेश बनाने में सहायक सिद्ध होगा। वृंदावन योजना के वाल्मीकि मेन हाल में उपस्थित देश विदेश के उद्यमियों, निवेशकों, नवाचारियों, नीति निमार्ताओं, मंत्रियों, अधिकारियों आदि को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश न केवल आबादी के लिहाज से देश का सबसे बड़ा प्रदेश है बल्कि यह देश की अर्थव्यवस्था में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। देश की कई योजनाओं में या पहले स्थान पर है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की धरती अन्नदाता की धरती है। खाद्यान्न, गन्ना, आलू आदि व दूध के उत्पादन में यह देश में अग्रणी है। राष्ट्रपति ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कृषि आधारित उद्यमिता विकास की अनेक संभावनाएं हैं। प्रसन्नता की बात है कि उत्तर प्रदेश सरकार फूड प्रोसेसिंग पॉलिसी से खाद्य प्रसंस्करण उद्योग को प्रोत्साहित कर रही है। खुद को किसान परिवार का सदस्य बताते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि कृषि व कृषि आधारित उद्योगों के विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों हेतु वह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व उनकी टीम की प्रशंसा करती हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता जताई कि प्रधानमंत्री के प्रयासों से संयुक्त राष्ट्र संघ की तरफ से वर्ष 2023 को अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है और इस दिशा में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मिलेट्स की डिमांड और सप्लाई चैन को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

राष्ट्रपति ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर बनाने के लक्ष्य में उत्तर प्रदेश ने एक ट्रिलियन डॉलर का योगदान देने का संकल्प लिया है। देश की कुल अर्थव्यवस्था का पांचवा हिस्सा उत्तर प्रदेश से पूरा होगा। इस संकल्प के सिद्ध होने से प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर अभियान को भी काफी बल मिलेगा। उन्होंने कहा कि 2019 में प्रयागराज कुंभ के शानदार आयोजन के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जिस प्रकार पूरे विश्व में प्रशंसा हुई थी, उनकी कामना है कि इस ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट को भी विश्वव्यापी ख्याति मिले।

राष्ट्रपति ने प्रदेश सरकार की इस बात के लिए भी सराहना की की उत्तर प्रदेश में विकास के सामाजिक आयामों पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। यहां आर्थिक विकास के साथ ही सामाजिक व आध्यात्मि, सांस्कृतिक विकास के प्रयास भी किए जा रहे हैं। ऐसा विकास ही सुनियोजित विकास होता है। जीआईएस में महिला उद्यमियों व शिल्पकारों को खासी भागीदारी दी गई। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि आधी आबादी का विकास किए बिना देश का विकास संभव है। वहीं उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के समापन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु का स्वागत करने के साथ देश-दुनिया से आए निवेशिकों, औद्योगिक घरानों के प्रमुखों प्रतिनिधियों, विदेशों से आए राजनयिकों समेत समिति के सभी भागीदारों के प्रति आभार जताते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबको विश्वास दिलाया कि उत्तर प्रदेश निवेश का सुरक्षित गंतव्य होगा। उत्तर प्रदेश में आया और आने वाला निवेश प्रदेश के विकास में सहायक तो होगा ही, स्वयं निवेशकों के लिए भी काफी फलदायी होगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने तीन दिन तक चले ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि निवेश के इस वैश्विक महाकुंभ में 33.50 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले। इसके बारे में किसी ने सोचा भी नहीं था। इस निवेश से 93 लाख नौकरी व रोजगार का सृजन होगा। उन्होंने कहा कि पहले निवेश का मतलब सिर्फ एनसीआर में निवेश होता था। समिट में प्रदेश के सभी 75 जनपदों के लिए निवेश मिले हैं। कमजोर समझे जाने वाले पूर्वांचल व बुंदेलखंड में भी भारी निवेश आया है। 9.54 लाख करोड़ तथा बुंदेलखंड में 4.28 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव मिले हैं। उन्होंने विश्वास दिलाया कि मंत्री समूह व प्रशासनिक अधिकारी मिलकर टीम भावना से सभी निवेश प्रस्तावों को व्यवस्थित तरीके से धरातल पर उतारेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रिफार्म, परफॉर्म और ट्रांसफॉर्म के मूल मंत्र पर काम किया। पारदर्शी नीतियों और तकनीकी को अपनाकर निवेश के चार स्तम्भो पर काम किया। एमओयू से लेकर निवेश को धरातल पर उतारने तक के चरणों में उद्यमियों की सहायता के लिए निवेश सारथी, निवेश मित्र, मुख्यमंत्री उद्यमी मित्र और इंसेंटिव मॉनिटरिंग सिस्टम जैसे पारदर्शी सिंगल विंडो सिस्टम बनाए गए। इन सबके साथ हर निवेशक प्रदेश के कानून व्यवस्था से प्रभावित होकर निवेश के लिए आकर्षित हुआ। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में असीम संभावनाएं हैं प्रधानमंत्री की अनुकंपा से औद्योगिक निवेश को आगे बढ़ाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि नए भारत के विकसित उत्तर प्रदेश और देश की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था का प्रदेश बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। उन्होंने जोर देकर कहा कि देश के किसी भी राज्य की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य लेकर यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था का प्रदेश मनाया जाएगा।

### निवेश महाकुंभ

**ऐतिहासिक यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के मार्गदर्शन के साथ हुआ समापन**




NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा०लि०)
वाराणसी
SUNDAY OPEN

C.U.E.T. BHU / DU / AU
B.Sc, B.Com, B.A, B.Ed
CHS ENTRANCE EXAM - 2023
6, 9 & 11
Selection 1218 in CUET 155 in CHS
संकल्प ट्यूटोरियल्स
पॉलिटेक्निक
CLAT & BLAT
9335418689, 9335720660


## नई वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक नीति से निजी क्षेत्र होगा प्रोत्साहित : अनुप्रिया




**लखनऊ।** केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने संचालन तंत्र पर आने वाले खर्च को कम करने के राष्ट्रीय लक्ष्य की सफलता में उत्तर प्रदेश के प्रयासों की रविवार को सराहना की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप उत्तर प्रदेश सरकार की नयी वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक नीति निजी क्षेत्र को प्रोत्साहित करने वाली है और निजी क्षेत्र को इसका अधिक से अधिक लाभ लेना चाहिए।

पटेल ने यहां आयोजित तीन दिवसीय 'उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन-2023' के अंतिम दिन रविवार को 'भारत का उभरता हुआ वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टक हब उत्तर प्रदेश' विषय पर सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि फिलहाल देश में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद का 14 प्रतिशत है, जिसमें वर्ष 2030 तक लगभग आठ प्रतिशत तक की कमी लाने का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के नाते भारत का लक्ष्य वर्ष 2030 तक लॉजिस्टिक्स प्रदर्शन सूचकांक में शीर्ष 10 में शामिल होना है।

पटेल ने कहा कि देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की सरकार, जिस तरह वेयरहाउसिंग और लॉजिस्टिक्स इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बना रही है, उससे हमें अपने लक्ष्य में निश्चित ही सफलता मिलेगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री सोम प्रकाश ने विशेष सत्र में लॉजिस्टिक सेक्टर की चुनौतियों की चर्चा करते हुए कहा कि लॉजिस्टिक लागत को कम करना उद्योग जगत के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है, इसके लिए नीतिगत प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि अमेरिका, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर और कुछ यूरोपीय देशों में लॉजिस्टिक लागत जीडीपी अनुपात से बहुत कम है और सरकार का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि लॉजिस्टिक समस्याओं को कम-से-कम किया जाए, निर्यात कई गुना बढ़े और छोटे उद्योगों एवं उनमें काम करने वाले लोगों को अधिक लाभ मिले।

## बजरंगबली को रेलवे का नोटिस मिली सात दिन की मोहलत



**मुरैना (मध्यप्रदेश)।** मध्य प्रदेश से रेलवे का एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां भगवान बजरंगबली को ही अतिक्रमणकारी बताते हुए उन्हें नोटिस जारी कर दिया गया है। साथ ही नोटिस में मोहलत भी दी गई है। रेलवे का ये अजब-गजब नोटिस सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इन मकान और हनुमान जी के मंदिर को रेलवे विभाग द्वारा 8 फरवरी को नोटिस जारी किया गया है। नोटिस में हनुमान जी को अतिक्रमणकारी बताते हुए नोटिस में लिखा गया है कि 'हनुमान जी ने रेलवे की भूमि पर मकान बनाकर अतिक्रमण कर लिया है इसलिए रेलवे द्वारा उन्हें 7 दिन का समय दिया जा रहा है'। जारी नोटिस में बताया गया कि 7 दिन में अपना अतिक्रमण स्वयं हटाना होगा।

## दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे, वेस्टर्न कॉरिडोर तस्वीर बदल देंगे : पीएम



**जयपुर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राजस्थान के दौसा में 18,100 करोड़ रुपए से अधिक की सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास किया और दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे के दिल्ली-दौसा-लालसोट खंड का उद्घाटन किया।

मोदी ने कहा दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस वे और वेस्टर्न कॉरिडोर राजस्थान की तस्वीर बदल देंगे। दिल्ली मुम्बई इंडस्ट्रीयल कॉरिडोर का बड़ा फायदा मिलेगा। यह पश्चिम भारत के बंदरगाहों से भी जुड़ेगा। कई उद्योगों के लिए नई-नई सम्भावनाएं अभी से बननी शुरू हो जाएंगी। पीएम गति शक्ति मास्टर प्लान से भी इसे ताकत मिल रही है। जरूरी ऑप्टिकल फाइबर बिछाने के लिए कॉरिडोर रखा गया है। बिजली, पानी लाइनों की जगह छोड़ी गई है। अतिरिक्त जगह बचेगी तो सोलर पार्क और वेयर हाउस के लिए रखा जाएगा। सबका साथ, सबका विकास हमारा मंत्र है, जिससे हम सक्षम समृद्ध भारत बना रहे हैं। मोदी ने कहा- मुझे पास में ही एक सार्वजनिक कार्यक्रम में बोलना है। बहुत बड़ी तादाद में राजस्थान के लोग वहां इंतजार कर रहे हैं।

पीएम मोदी ने कहा राजस्थान के सरिस्का नेशनल टाइगर रिजर्व, केवलादेव घना पक्षी विहार, रणथम्भौर नेशनल टाइगर रिजर्व और जयपुर, अजमेर जैसे पर्यटक स्थलों को भी इस एक्सप्रेस वे का फायदा होगा। राजस्थान देशी-विदेशी पर्यटकों के लिए पहले ही आकर्षण रहा है, अब यह आकर्षण और बढ़ जाएगा। पीएम मोदी ने बताया कि चार परियोजनाओं का उद्घाटन किया है। इसमें से एक परियोजना जयपुर से दिल्ली इस एक्सप्रेस वे को डायरेक्ट कनेक्टिविटी देगी। ढाई-तीन घंटे का सफर जयपुर से दिल्ली के बीच रह जाएगा। परियोजना का एक रास्ता अलवर के पास अम्बाला कोटपूतली कोरिडोर से जोड़ेगा, एक और परियोजना करौली सड़क के विकास की है। ये सड़क भी इस सड़क को ना सिर्फ एक्सप्रेस वे से जोड़ेगी, लोगों के जीवन को आसान बनाएगी। पीएम मोदी ने कहा आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का एक और पक्ष है। इसके तैयार होने पर किसान, कॉलेज-दफ्तर आने जाने वाले लोग, व्यापारी सबकी आर्थिक गतिविधि भी बढ़ती है।

दिल्ली-दौसा-लालसोट एक्सप्रेसवे बनने से जयपुर से दिल्ली जाने में पहले 5-6 घंटे लगते थे, अब आधे समय में हो जाएगा। जिन लोगों का दिल्ली में नौकरी, कारोबार, अन्य काम के लिए आना जाना होता है, वो आसानी से शाम को अपने घर पहुंच सकते हैं। ट्रक-टेम्पो वाले जो दिल्ली आते-जाते हैं उन्हें पूरा दिन हाईवे पर नहीं बिताना पड़ेगा। फल-सब्जी- दूध कम समय में दिल्ली भेज सकते हैं। माल खराब होने का खतरा भी खत्म हो गया है। बुनकर हस्तशिल्पी अपने उत्पाद आसानी से भेज पाएंगे। हरियाणा, मध्यप्रदेश ,गुजरात को इससे बड़ा फायदा होगा। हरियाणा के मेवात और राजस्थान के दौसा में कमाई के नए रास्ते खुलेंगे। पीएम मोदी ने कहा- जब सरकार हाईवे, रेलवे, पोर्ट, एयरपोर्ट पर काम करती है, तो उसका सभी को फायदा मिलता है। जब सरकार गरीबों के घर, मेडिकल कॉलेज बनाने का काम करती है, तो सामान्य मानव से लेकर छोटी दुकान, बड़ी इंडस्ट्री तक सभी को बल मिलता है।

### सौगात

**पीएम मोदी ने किया दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे के पहले फेज का उद्घाटन**

**आधे समय में दिल्ली से जयपुर का सफर होगा पूरा**

## यूपी का भविष्य उज्ज्वल है, सीएम योगी ने संकल्प पूरा किया : पीयूष गोयल

**लखनऊ।** राजधानी में आयोजित यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में आज कई केंद्रीय मंत्रियों ने शिरकत की। समिट में पहुंची केंद्रीय मंत्री पियूष गोयल ने निवेशकों से संवाद किया। उन्होंने कहा कि सीएम योगी आदित्यनाथ ने चुनाव से पहले जो संकल्प लिया उसे पूरा कर दिखाया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का भविष्य निश्चित ही उज्जवल है। उन्होंने यूपी में बिना डरे निवेश के लिए उद्यमियों से आवाहन किया। केंद्रीय मंत्री ने राममंदिर निर्माण का जिक्र करते हुए कहा कि ये भाजपा के संकल्पपत्र में शामिल था और इसपर काम शुरू हो चुका है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हर तरह का माफियाराज खत्म कर दिया है। यहां माफिया क्या एक साधारण अपराध पर भी बड़ा एक्शन होता है। उत्तर प्रदेश में एक्साइज का कलेक्शन तीन गुना बढ़ा है। पहले जहां 14000 करोड रुपए का कलेक्शन होता था वहीं अब 42 हजार करोड़ का कलेक्शन पर पहुंच गया है। पियूष गोयल ने कहा कि साल 2018 तक यूपी एक बीमारू राज्य माना जाता था।

## 13 राज्यों के राज्यपाल बदले, बैस महाराष्ट्र के गवर्नर

### फेरबदल

**राष्ट्रपति ने महाराष्ट्र में विवादों से घिरे भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधाकृष्णनन माथुर सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल का इस्तीफा स्वीकार किया**



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को बड़ा फेरबदल किया। असम, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, झारखंड, हिमाचल समेत 13 राज्यों के राज्यपाल और उप-राज्यपाल बदले गए हैं। राष्ट्रपति ने महाराष्ट्र में विवादों से घिरे भगत सिंह कोश्यारी और लद्दाख के उपराज्यपाल राधाकृष्णनन माथुर सहित कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है।

तमिलनाडु भाजपा के प्रमुख नेता रहे सीपी राधाकृष्णन झारखंड के 11वें राज्यपाल बने हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को उन्हें झारखंड के राज्यपाल के पद पर नियुक्त किया। 65 वर्षीय सीपी राधाकृष्णन वर्तमान में भाजपा राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य हैं। कोयंबटूर संसदीय सीट से राधाकृष्णन दो बार लोकसभा सदस्य निर्वाचित हो चुके हैं। वहीं झारखंड के वर्तमान राज्यपाल रमेश बैस को महाराष्ट्र का राज्यपाल नियुक्त किया गया हैं। बता दें कि बैस को यह उनके बेहतर कार्य का पुरस्कार मिला है। वह भगत सिंह कोश्यारी का स्थान लेंगे, जिन्होंने नवंबर माह में ही अपने पद से इस्तीफा दे दिया था और राष्ट्रपति ने उनका इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता गुलाबचंद कटारिया को असम के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई है। वे आठ बार विधायक रह चुके हैं। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने कहा कि वह 'ईमानदारी से जिम्मेदारी निभाएंगे। वर्तमान में आंध्र प्रदेश के राज्यपाल बिस्वा भूषण हरिचंदन को छत्तीसगढ़ का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। वह अनुसुइया उइके का स्थान लेंगे। छत्तीसगढ़ के नए राज्यपाल हरिचंदन की उम्र 84 साल की है और वे ओडिशा के भुवनेश्वर और चिल्का विधानसभा से 5 बार विधायक रह चुके हैं।' वहीं छत्तीसगढ़ की राज्यपाल सुश्री अनुसुइया उइके को मणिपुर का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपको बता दें कि मणिपुर की नई राज्यपाल अनुसुइया उइके मध्य प्रदेश से विधायक रह चुकी हैं, वह इसी राज्य में मंत्री पद पर रहीं थीं। मणिपुर के राज्यपाल ला गणेशन को नागालैंड का राज्यपाल नियुक्त किया गया है।

बिहार के राज्यपाल फागू चौहान को मेघालय का राज्यपाल नियुक्त किया गया है। आपको बता दें कि बिहार के पूर्व राज्यपाल और मेघालय के नए राज्यपाल फागू चौहान यूपी के 17वें विधानसभा चुनाव में सबसे अधिक मतों से जीतने वाले विधायक थे। हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर को बिहार के राज्यपाल की जिम्मेदारी दी गई है। अरुणाचल प्रदेश के राज्यपाल बीडी मिश्रा को राष्ट्रपति ने केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में एलजी नियुक्त किया गया है। बता दें कि बीडी मिश्रा भारतीय सेना के पूर्व ब्रिगेडियर हैं। शिव प्रताप शुक्ल को हिमाचल प्रदेश का राज्यपाल बनाया गया है। वह राजेंद्र आर्लेकर का स्थान लेंगे। लक्ष्मण प्रसाद आचार्य को सिक्किम का राज्यपाल बनाया गया है। वह 2018 से सिक्किम के राज्यपाल रहे गंगा प्रसाद की जगह लेंगे।

## लोकभवन में हुआ राष्ट्रपति का नागरिक अभिनन्दन



**लखनऊ।** दो दिवसीय दौरे पर राजधानी पहुंची राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उत्तर प्रदेश ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन समारोह में शिरकत कीं। राजधानी के लोकभवन में राष्ट्रपति का नागरिक अभिनन्दन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने माता सरस्वती की प्रतिमा भेंट की। इस अभिनन्दन समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, लोक गायिका मालिनी अवस्थी, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना समेत कई मंत्री विधायक नेता समेत गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# रामचरित मानस नहीं, चौपाई के विवादित अंश का विरोध

**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव व पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी प्रसाद मौर्य ने रामचरित मानस पर दिये गये बयान को लेकर रविवार को यहां सफाई दी। कहा कि रामचरित मानस के विवादित अंश का विरोध किया है। विवादित अंश को संशोधित या प्रतिबंधित किया जाए। मैं आज भी उस बयान पर टिका हूं। इसे संशोधित करने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति को पत्र भी लिखा है।

पहड़िया स्थित एक होटल में मीडिया से बातचीत करते हुए स्वामी प्रसाद कहा कि आप लोगों को किसने बताया कि हमने रामचरित मानस का विरोध किया। एक चौपाई का विरोध करना रामचरित मानस का विरोध नहीं हुआ। हमने रामचरित मानस की कोई प्रति नहीं जलाई। उन्होंने कहा कि रामचरित मानस के चौपाई में दलितों, महिलाओं के अपमान वाले अंश पर मैंने सवाल खड़े किए। यह विरोध आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि किसी को भी वर्ग विशेष पर टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। यदि किसी धर्म के हम प्रशंसक या अनुयायी हैं तो कमियां मिलने पर समीक्षा करने का भी हक होना चाहिए। जिस चौपाई को लेकर विरोध किया है, भले ही उसकी अलग-अलग व्याख्या की जाए, उसका विरोध जारी रहेगा।

एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सनातन कोई धर्म नहीं बल्कि एक प्राचीन व्यवस्था है। कोई भी अपने धर्म को सनातन बता सकता है। ये विषय बहस का नहीं है। अपने धर्म की तारीफ करना कोई गलत बात नहीं। सभी अपने-अपने धर्म को सनातन बताते हैं। इस्लाम का मूल भारत में होने के बात पर उन्होंने कहा कि यह उनके धर्मावलंबियों का काम है, वह जाने। उन्होंने लखनऊ का नाम लखनपुर या लक्ष्मणपुर करने की भाजपा सांसद संगम लाल गुप्ता की मांग पर प्रतिक्रिया दी। कहा, 'लखनऊ का नाम लक्ष्मण की वजह से नहीं, बल्कि लखनऊ के राजा लखन पासी की पत्नी लखनावती के नाम पर पड़ा है। कोई दूसरा आकर कब्जा नहीं कर सकता। यदि बदलना ही है तो लखनऊ का नया नाम लखन पासी कर दो।' यदि लखन पासी नही कर पा रहे हैं तो पासी समाज की गौरव ऊंदा देवी के नाम कर देना चाहिए। जिन्होंने 1857 की क्रांति के दौरान लखनऊ में 36 अंग्रेज सैनिकों को मार गिराया था।

सपा नेता स्वामी प्रसाद ने कहा कि नारी की बात उठाने वाले कबीरदास हिंदू धर्म के सर्वेसर्वा नहीं थे। कबीर की बातों को हिंदू धर्म के रूप में लोग नहीं स्वीकारते। जो जिस धर्म को मानेगा, वह उसी की कमियों को इंगित कर सकता है। हम मुस्लिम नहीं, इसलिए उनकी कमियां नहीं उठा सकते। हमारे सारे सर्टिफिकेट में हिंदू है। मैं अभी भी हिंदू हूं। एक सवाल के जवाब में स्वामी प्रसाद ने कहा कि जो लोग मुझे मेडिकल सर्टिफिकेट देते हुए विक्षिप्त कह रहे, हम उनको पागल ही मानते हैं। अधजल गगरी छलकत जाए... जिनको कुछ आता-जाता नहीं है, ऐसे लोगों को पागल ही कहेंगे। हमें समझ नहीं आता कि लोग डॉक्टर कैसे बन गए। वैसे भी हम किसी ऐरे-गैरे नत्थू खैरे की शिकायत नहीं करते। स्वामी प्रसाद ने मनोज मुंतशिर को भी निशाने पर लिया। कहा कि मेरा सर्टिफिकेट देखना हो तो आप लोग यूनिवर्सिटी जाकर देख लिजिए कि मैं कितना पढ़ा-लिखा हूं। भागवत खुद ही कहते हैं कि जितने भी धर्म है, सभी हिंदू से निकले हैं। भागवत को तो सबसे गले मिलना चाहिए।

### बोले स्वामी प्रसाद



**यह भी कहा, कबीर दास हिंदू धर्म के सर्वेसर्वा नहीं थे**

**जिनको मेरा सर्टिफिकेट देखना हो चला जाए यूनिवर्सिटी**

### भाजपा सरकार पर साधा निशाना

सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने मौजूदा भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि देश के गरीब नौजवान, किसान, महिलाएं की महंगाई से कमर टूट गई है। जीएसटी के माध्यम से लघु और मध्यम वर्ग के व्यापारी से धन उगाही की जा रही है। नाम बदल कर वाहवाही लूटना अच्छी बात नहीं है। आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि यह पहली सरकार है, जो राष्ट्रीय सम्पत्ति को निजी हाथों में बेच रही है। देश के सारे बंदरगाह बिक गए हैं और एयरपोर्ट बेच दिए गए। नौजवानों को नौकरी देनी चाहिए थी, लेकिन इस सरकार ने सरकारी सम्पत्तियों को कौड़ियों के दाम अडाणी और अंबानी को बेच दिया। जब सारे संस्थान अडाणी और अंबानी चलायेंगे तो नौजवानों को सरकारी नौकरी कहां से मिलेगी।

## संक्षेप

### भाजपा नेता को पुत्र शोक

**नवाबगंज।** भाजपा मंडल महामंत्री अशोक शंकर मिश्रा के छोटे पुत्र रिंकू मिश्र उम्र लगभग 30 वर्ष का आकस्मिक निधन मुंबई में हो गया। मुंबई में वह कपड़े का व्यवसाय करते थे शाम 4 बजे पार्थिव शरीर एयर एंबुलेंस से परिवार के लोग लेकर सोमवार को सुबह दासापुर पहुचेंगे। यह जानकारी देते हुए महामंत्री ऋतु राज पांडेय ने बताया कि भाजपाइयों में शोक की लहर है इस दुःख समय पर पार्टी उनके साथ पूरी तरीके से है।अंतिम संस्कार कुरेसर घाट पर दोपहर 1 बजे होगा।

### युवक को मार पीट कर किया लहूलुहान, महिला के साथ छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मामा के यहाँ आया यूवक को मामा के विरोधियों ने घर में घुस कर मारे पीटे और महिला के साथ छेड़खानी किये। युवक ने चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। सोरांव के खनिनार देवरिया गांव निवासी एक युवक अपने मामा के पुत्र को छोडने मऊआइमा के ग्राम उमरिया बादल उर्फ गेंदा गया था। आरोप है कि मामा के विरोधी एक राय होकर घर में घुस कर यूवक को मार पीट कर लहूलुहान कर दिए एंव मामा की बहू के साथ छेड़खानी किये युवक ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर उमरिया गेंदा उर्फ बादल निवासी सालिकराम, राम प्रसाद यादव, सूरज, नीरज के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

### बरामदे में खड़ी बाइक चोरी, अज्ञात में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा के कल्याणपुर में बरामदे में बाइक खड़ी करके सो गया यूवक सुबह उठा तो बाइक नदारद थी। युवक ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के केअलयनपुर(पक्का तालाब) गांव निवासी राजेश कुमार प्रजाति पुत्र रमाशंकर प्रजाति के यहां उनका साढू अजीत कुमार निवासी अजगरा रानीगंज पूरे गिरवर थाना लीलापुर प्रतापगढ़ अपनी बाइक से आया था। बताया गया है कि वह अपनी बाइक बरामदे में खडी करके बगल में सो गया। सुबह बाइक नदारद थी। राजेश कुमार ने मऊआइमा थाने में तहरीर दे कर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# फाफामऊ में अवैध खनन माफियाओं के हौसले बुलंद धूल से जनता परेशान

**बस्ती के लोगों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस के मिली भगत से अवैध खनन किया जा रहा है**


मिट्टी ले जाता ट्रैक्टर

**फाफामऊ।** प्रदेश सरकार भले ही खनन माफियाओं के खिलाफ कड़ी कार्रवाई का दावा कर रही हो लेकिन उनका यह दावा फाफामऊ में फेल नजर आ रहा है। फाफामऊ थाना क्षेत्र में इन दिनों खुलेआम अवैध खनन का काम जोरों पर है। खनन माफिया इस कदर हॉबी है की सरेआम दिन में ही अवैध खनन कर बस्ती के बीच से ही ट्रैक्टर और डंफर से मिट्टी ढोई जा रही है धूल उड़ने से बस्ती के लोग परेशान है। बस्ती के लोगों का आरोप है कि स्थानीय पुलिस के मिली भगत से अवैध खनन किया जा रहा है जिससे खनन माफियाओं के हौसले बुलंद है। बता दे की इन दिनों फाफामऊ थाना क्षेत्र में खनन माफियाओं के हौसले बुलंद है उन्हे तनिक भी पुलिस प्रशासन का भय नहीं है दिन में ही अवैध खनन किया जा रहा है और बीच बस्ती से टैक्टर और डंफर से मिट्टी सप्लाई की जा रही है जिससे धूल उड़ने से बस्ती के लोग परेशान है। बस्ती के लोगों का आरोप है कि कई बार स्थानीय पुलिस से शिकायत किया लेकिन उसके बाद भी पुलिस की मिलीभगत से अवैध खनन का कार्य रुक नहीं रहा है।

## अवैध हुक्काबार में पुलिस ने मारा छापा, संचालक गिरफ्तार

**फाफामऊ।** गद्दोपुर स्थित एक कैफे में अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हुक्काबार को पुलिस ने छापा मारा। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए संचालकों को गिरफ्तार कर उनके पास कई हुक्का, कई फ्लेवर के पावडर और तंबाकू बरामद करने के बाद लिखापढ़ी के बाद जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक गद्दोपुर चौराहे के पास एक कैफे में कैफे संचालक द्वारा अवैध रूप से हुक्काबार संचालन किया जा रहा था। पुलिस ने झापा मारकर अवैध तरीके से संचालित हुक्काबार को बंदकराकर उनके पास कई हुक्का, पाईप, कई फ्लेवर के नशीला पाउडर, तंबाकू बरामद किया। हुक्क्काबर संचालक शिवकुटी मेहदौरी के अब्दुल रेहमान, मोहम्मद अल्फाज, अदनान रेहमान अंसारी, सम्मान शुक्ला के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया।

# टोंस नदी से नाव द्वारा हो रही अवैध बालू की निकासी, वीडियो वायरल

**अवैध**

**बालू निकासी की जानकारी स्थानीय जिम्मेदारों को होने के बावजूद भी मामले में किसी तरह की नही हो रही कार्यवाही**


नाव से बालू निकालते लोग

**कोरांव।** टोंस नदी से खरका गांव के पास नाव से अवैध बालू की निकासी की जा रही है अवैध बालू निकासी का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। बालू निकासी की जानकारी स्थानीय जिम्मेदारों को होने के बावजूद भी मामले में किसी तरह की कार्यवाही ना होना समझ से परे है। सरकारी तौर पर भले ही अवैध खनन को प्रतिबंधित किए जाने का आदेश सरकारी कागजों में जारी किया गया है लेकिन जमीनी हकीकत सरकारी आदेशों से बहुत अलग दिख रही है। खीरी थाना क्षेत्र में अवैध बालू निकासी के अलावा क्षेत्र के पथरपुर, महुली बैजला में अवैध रूप से पत्थर की तुड़ाई भी की जा रही है। क्षेत्र में अवैध खनन सामग्री परिवहन कर रहे वाहनों के खिलाफ भी जिम्मेदार कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। क्षेत्र में लगातार चल रहे अवैध खनन को लेकर पुलिस एवं राजस्व विभाग के अफसर सवालों के घेरे में दिख रहे हैं। खीरी थाना क्षेत्र में काफी समय से अवैध कारोबार करने वालों की चांदी दिख रही है। क्षेत्र के कई गांव में गैर प्रांत से आने वाली शराब की आपूर्ति के साथकई गांवों में कच्ची शराब बनाने का कारोबार का काम भी तेजी के साथ दिख रहा है।

# चार दिन पहले घर से निकले युवक की लाश अरैल घाट से बरामद

**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया**

**नैनी।** नैनी थाना क्षेत्र के दक्षिणी लोकपुर मोहल्ले से चार दिन पहले घर से निकले युवक की लाश रविवार की सुबह अरैल घाट से बरामद कर लिया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार नैनी थाना के दक्षिणी लोकपुर निवासी हुसैन (28) वर्षीय पुत्र अफसार अहमद लोहे का मिस्त्री था। बताते हैं, कि बीते आठ फरवरी की शाम को वह बिना किसी को कुछ बताए कही चला गया। वह अपना मोबाइल, बाइक व पर्स घर में छोड़ दिया था। देर रात तक उसके वापस न लौटने पर परिजनों में बेचैनी बढ़ी। पहले तो परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की। न मिलने पर परिजनों के द्वारा घटना की गुमशुदगी नैनी कोतवाली में दर्ज करा दी गई। रविवार को अरैल घाट पर एक युवक का शव उतराते हुए देखा गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकाला, तो उसकी पहचान हुसैन के रूप में हुई। सूचना पर परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए मर्चरी भेज दिया। परिजनों ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। फिलहाल पुलिस मामले में जांच-पड़ताल कर रही है।

## छेड़खानी का विरोध करने पर शोहदे ने महिला को पीटा

**फाफामऊ।** शांतिपुरम कालोनी में दो दिन पहले एक महिला ने छेड़खानी का विरोध किया तो शोहदे ने महिला की जमकर पिटाई करने के बाद उसे धमकाया भी। महिला ने आरोपी युवक की शिकायत फाफामऊ थाने में की है। जानकारी के मुताबिक शांतिपुरम सेक्टर एफ की एक महिला का आरोप है कि दो दिन पहले उसके पति घर बाहर गए थे घर में अकेली थी तभी मौका देखकर मकान मालिक का लड़का उसके साथ छेड़खानी किया महिला ने विरोध किया तो आरोपी युवक ने उसकी जमकर पिटाई कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग दौड़े तो आरोपी युवक महिला को धमकाते हुए भाग निकला। महिला ने रविवार को आरोपी युवक के खिलाफ फाफामऊ थाने में तहरीर दी है।

# सीआरपीएफ डीआईजी ने की गंगा आरती

**लालगोपालगंज।** सीआरपीएफ डीआईजी प्रभाकर त्रिपाठी ने परिवार संग श्रृंगवेरपुर धाम स्थित मां भगवती की विधि विधान व पूजा अर्चन कर अरती उतारी। इस दौरान विश्व शांति और समाज कल्याण के लिए प्रार्थना किया। इस दौरान जय श्रीराम सेवा समिति के पदाधिकारियों के साथ स्थानीय संत महात्मा और तीर्थ पुरोहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

जय श्रीराम सेवा समिति के तत्वावधान में मंगलवार को श्रृंगवेरपुर धाम स्थित गंगा तट पर पवित्र ग्रंथ रामचरितमानस का वितरण, पूजन तथा विद्वत संगोष्ठी का आयोजन किया जाना है। कार्यक्रम की कुशलता के लिए रविवार को दिव्य गंगा आरती की गई। इस अवसर पर सीआरपीएफ गुरुप के डीआईजी प्रभाकर त्रिपाठी भी परिवार सहित भव्य आरती कार्यक्रम में भाग लिया। भगवती मां गंगा की विधि विधान से आरती उतारी कर विश्व कल्याण और कार्यक्रम निर्विघ्न संपन्न होने की कामना की गई। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संजय तिवारी ने किया। जबकि संचालन महामंत्री अरुण द्विवेदी द्वारा किया गया। वेदों के उच्चारण के साथ वेद बटुकों ने


परिवार संग माँ गंगा की आरती करते सीआरपीएफ डीआईजी प्रभाकर त्रिपाठी

आरती व पूजन कार्यक्रम सम्पन्न कराया। इस अवसर पर प्रदीप केसरवानी, एडवोकेट श्याम उपाध्याय, कुलदीप तिवारी, हर्षित, तीर्थ पुरोहित मनीष त्रिपाठी, मोनू महाराज, शिवदीप, संतोष, सुधांशु आदि स्थानीय संत महात्माओं ने भाग लिया।

### सरकारी जमीन पर निर्माण करने पर लेखपाल ने दर्ज कराया मुकदमा

**मऊआइमा।** ग्राम सभा की भूमि पर कराया गया अवैध निर्माण को लेखपाल द्वारा ध्वस्त करा दिया गया था उस के बावजूद भी दबंग द्वारा दोबारा निर्माण कराने पर लेखपाल ने एक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम खोजापुर में एक व्यक्ति द्वारा ग्राम सभा की भूमि पर निर्माण करा लिया गया था।।जिसे पूर्व में लेखपाल ने ध्वस्त करवा दिया था बावजूद इसके फिर निर्माण कर लेने पर लेखपाल अखिलेश यादव ने मऊआइमा थाने में खोजापुर निवासी सुभाषचंद्र पांडेय पुत्र मोहन लाल पांडेय के खिलाफ लोक सम्पत्ति क्षति निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया है।

## यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के दौरान औद्योगिक क्षेत्र में लगी पहली यूनिट

**नैनी।** यूपी ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट उत्पन्न हुए विश्वास और उपयुक्त माहौल से औद्योगिक क्षेत्र में इंडस्ट्री का लगना शुरू हो गया है रविवार को जिला अधिकारी संजय खत्री ने औद्योगिक क्षेत्र में फ्यूचर प्लास्टिक इंडस्ट्री के वाटर टैंक यूनिट का उद्घाटन किया इस अवसर पर फ्यूचर प्लास्टिक इंडस्ट्री के मालिक मोहित नैयर ने बताया कि हम लोगों को निवेश के किसी भी काम के लिए अलग-अलग विभागों के महीनों चक्कर लगाना पड़ता था अब इज ऑफ डूइंग बिजनेस का मॉडल लागू होने से निवेश मित्र पोर्टल से सभी प्रक्रियाएं सामान्य हो रही हैं। लगभग 4000 स्क्वायर मीटर क्षेत्रफल में बने इस यूनिट पर लगभग 100 करोड रुपए खर्च किए गए हैं और इससे 100 लोगों को रोजगार भी मिलेगा इस अवसर पर जिलाधिकारी संजय खत्री ने कहा कि सरकार की योजना निवेश के माध्यम से रोजगार को उपलब्ध कराने की है जिस पर काम किया जा रहा है। इस मौके पर बड़ी संख्या में उद्यमी कर्मचारी व प्रशासनिक अधिकारी मौजूद थे।

## गड़ेवरा कोटेदार की मनमानी से ग्रामीणों में आक्रोश


**कोहड़ार।** तहसील क्षेत्र के विकास खण्ड मेजा स्थित गड़ेवरा गाँव के कोटेदार की मनमानी चरम पर है। यहाँ के ग्रामीणों ने कोटेदार पर गल्ला न देने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने बताया कि गाँव के कोटेदार का चयन समूह के माध्यम से हुआ था। कोटेदार द्वारा गेंहू खुले बाजार में बेंच लिया जाता है। आरोप है कि ग्रामीण जब गल्ला लेने जाते हैं तो कोटेदार अगले महीने देने की बात कह कर टाल देते हैं इस तरह कोटेदार के पास ग्रामीणों का कई महीने का गल्ला एडवांस हो गया है। ग्रामीणों ने बताया कि इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से कई बार की गई लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। कोटेदार की मनमानी से ग्रामीणों में गहरा आक्रोश व्याप्त है।

# इफको फूलपुर अधिकारी संघ के अध्यक्ष का जार्डन में निधन

**दु:खद**

**हृदयाघात से हुई मौत पर इफको परिवार में शोक की लहर**

**इफको फूलपुर इकाई में लगातार तीन बार से थे अधिकारी संघ के अध्यक्ष**


संजय मिश्रा (फाइल फोटो

**फूलपुर।** इफको फूलपुर इकाई में अधिकारी संघ के अध्यक्ष व पूर्व जनसंपर्क अधिकारी संजय मिश्रा की शनिवार शाम जार्डन में जिफको संयंत्र में हृदय गति रुक जाने से मौत हो गई। मौत की सूचना जैसे ही इफको फूलपुर इकाई में मिली अधिकारियों एवं कर्मचारियों में शोक की लहर दौड़ गई। वहीं इफको घियानगर कालोनी में रह रही उनकी पत्नी शिखा मिश्रा सहित परिवार में कोहराम मच गया। मूलतः कानपुर नगर के रहने वाले संजय मिश्रा 58 पुत्र गार्गी प्रसाद मिश्रा इफको की फूलपुर इकाई में अधिकारी के पद पर कार्यरत थे। संजय मिश्रा लगातार तीन बार इफको की फूलपुर इकाई में अधिकारी संघ के अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे। साथ ही इफको के जनसंपर्क अधिकारी पद का भी कार्यभार देख रहे थे। वर्ष 1994 में इफको फूलपुर में तकनीकी ऑफसाइट के तौर पर नियुक्त हुए संजय मिश्रा का हाल ही में स्थानांतरण जिफको जार्डन संयंत्र में हुआ था। अचानक हुई घटना से पत्नी शिखा मिश्रा, पुत्र सुयश मिश्रा, पुत्री सौम्या मिश्रा व पिता गार्गी प्रसाद मिश्रा, माता सरोज मिश्रा के साथ ही भाई अजय मिश्रा का रो रोकर बुरा हाल है। इफको के अधिकारियों ने बताया कि संजय मिश्रा का शव समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करने के बाद ही जार्डन से भारत भेजा जाएगा।

### साधारण परिवार में जन्मे संजय मिश्रा ने इफको में बनाई थी अलग पहचान

15 मार्च 1965 को कानपुर शहर में एक साधारण परिवार में जन्मे संजय मिश्रा बेहद मिलनसार व मृदुभाषी प्रवृत्ति के थे। इफको में अधिनस्थ कनिष्ठ कर्मचारियों के साथ भी समानता का भाव रखने वाले संजय मिश्रा के निधन से इफको के कैजुअल कर्मचारी भी आहत हैं। वरिष्ठ पत्रकार दयाशंकर त्रिपाठी ने बताया कि संजय मिश्रा इफको के प्रति कृतज्ञ थे। प्रबंध निदेशक डॉ उदय शंकर अवस्थी को अपना अभिभावक व जितेंद्र तिवारी को अपना बड़ा भाई मानने वाले संजय मिश्रा अपने दायित्वों का बखूबी निर्वहन करते थे।

### इफको के उच्चाधिकारियों ने शोक संतृप्त परिवार को दी सांत्वना

इफको परिवार के होनहार सदस्य के चले जाने से शोकाकुल ऑल इंडिया इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष जितेंद्र तिवारी, संयुक्त महाप्रबंधक संजय वैश्य, पी.के.सिंह, संजय भंडारी, अरूण कुमार, विभागाध्यक्ष मानव संसाधन शम्भू शेखर, इफको ऑफिसर्स एसोसिएशन के महामंत्री स्वयं प्रकाश, इफको कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पाण्डेय, जनसम्पर्क अधिकारी सोनू तिवारी के साथ ही बड़ी संख्या में इफको परिवार ने शोकाकुल परिवार को सांत्वना देने के साथ ही मृतक की आत्मा की शांति हेतु ईश्वर से प्रार्थना की।

## जमीनी विवाद को लेकर महिला को निर्वस्त्र कर मारा पीटा, चार के विरुद्ध केस दर्ज

**मऊआइमा।** जमीनी विवाद को लेकर एक महिला ने विपक्षियो पर निर्वस्त्र कर के मारने पीटने तथा नाजुक अंगों पर हाथ लगाने का आरोप लगाते हुए पांच के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराय है। जबकि विपक्षी महिला ने एक सप्ताह पूर्व इसी प्रकार का आरोप लगाते हुए चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराई थी। मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम गोवर्धपुर निवासी एक महिला ने एक सप्ताह पूर्व रास्ते के विवाद को ले कर निर्वस्त्र कर के मारने पीटने का आरोप लगाते हुए। मुकदमा दर्ज कराया था। अब विपक्षी महिला ने ईट पत्थरों से मारने पीटने और साडी उतार कर निर्वस्त्र कर नाजुक अंगों को छूने का आरोप लगाते हुए गांव के सीता राम ,ज्ञानचन्द्र ,मोहित ,पवन कुमार और विजयवती के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दी है।

## सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान द्वारा चलाया गया स्वच्छता अभियान


सामाजिक सराहनीय कार्यों के लिए सम्मानित करते संस्थान के पदाधिकारी

**नैनी।** सरस्वती सामाजिक सेवा संस्थान अरैल नैनी प्रयागराज के सौजन्य से रविवार को माघ महीने के पश्चात अरैल तट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। एवं सामाजिक सराहनीय कार्यों के लिए विकास मिश्रा एवं प्रवीण तिवारी को संस्थान पदाधिकारी अध्यक्ष- संतोष तिवारी, महासचिव- महेश प्रसाद केसरवानी, मार्गदर्शक- डां प्रमोद मिश्रा, कोषाध्यक्ष- मनीष पांडेय द्वारा सम्मानित किया गया। संस्थान के सदस्य रोहित दुबे ने कहा कि हम सभी लोगों से अपील करते हैं कि मां गंगा के तटों पर, सार्वजनिक स्थानों पर कभी भी गंदगी एवं पालीथीन का प्रयोग कर गंगा तटों को प्रदूषित न करें। कार्यक्रम में सर्वश्री कुंवर तिवारी, धीरज यादव, सुनील कुशवाहा, डां. एस.बी. यादव, निखिलेश पाण्डेय, गोविंद सिंह, दीपक गुप्ता, पुष्पेन्द्र द्विवेदी, आत्म प्रकाश यादव, ज्योति सिंह, तुलसी तिवारी, निर्मल कुशवाहा, सौरभ यादव,कुंवर अलख प्रताप सिंह, शनि यादव, उज्जवल यादव, गौरव यादव आदि उपस्थित रहे।

## सुपर ओवर में एडवोकेट्स इलेवन की जीत

**प्रयागराज।** एडवोकेट्स इलेवन ने मार्क क्रिकेट क्लब को सुपर ओवर में हराकर रिपब्लिक डे कप टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। चक हरिहरवन झूंसी मैदान पर रविवार को खेले गये मैच में एडवोकेट्स इलेवन ने 20 ओवर में 6 विकेट पर 169 रन (शैलेंद्र सिंह 63, हर्ष द्विवेदी 34, श्रेष्ठ यादव 31, आदेश शर्मा 3/26, रवि भूषण 2/22) बनाये। जवाब में मार्क क्रिकेट क्लब की टीम भी 19.4 ओवर में 169 रन (शिवम शुक्ल 63, आदेश शर्मा 45, अंकुर कुशवाहा 20, अतहर हुसैन 4/23, हर्ष द्विवेदी 2/29) पर सिमट गई। मैच टाई होने में बाद सुपर ओवर में मार्क क्लब के सात रन के जवाब में एडवोकेट्स इलेवन ने नौ रन बनाकर मैच जीत लिया। अतहर को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

### फैजान ने दौलत हुसैन को जिताया

**प्रयागराज।** फैजान अहमद (93 रन एवं तीन विकेट) की बदौलत दौलत हुसैन क्रिकेट अकादमी ने भानु प्रताप सिंह क्रिकेट क्लब को 116 रन से हराकर स्वर्गीय अमृत लाल भारतीय अंडर-16 क्रिकेट प्रतियोगिता में पूरे अंक प्राप्त किये। ईश्वर शरण इंटर कॉलेज मैदान पर रविवार को खेले गए मैच में दौलत हुसैन क्रिकेट अकादमी ने 33.1 ओवर में 176 रन (फैजान अहमद 93, मो. तंजील 25, मो. शाद व रुद्रवंश त्रिपाठी तीन-तीन विकेट) बनाये। जवाब में भानु प्रताप क्लब की टीम 17.3 ओवर में 60 रन (शिव गौतम 17, ऋषि यादव 14, सिद्धार्थ वर्मा 4/22, फैजान अहमद 3/11, उबैद उल्लाह 2/27) बना लिए। फैजान को मैन ऑफ दि मैच चुना गया।

# राजस्व कर्मियों की मिली भगत से सरकारी जमीन पर कब्जा, शिकायत के बावजूद भी नही हुआ कब्जा मुक्त

**अवैध कब्जा**

**हल्का लेखपाल सुविधा शुल्क के आगे नतमस्तक**

**दर्जनों तालाबों पर कब्जा बरकरार, जिम्मेदार मौन**

**पैमाइस होने पर कार्यवाई शून्य**




अवैध कब्जे का दृश्य

**लालापुर।** एक तरफ सरकार ने सख्त निर्देश दिया कि जो भी सरकारी भूमि से लेकर तालाबों पर कब्जा कर रखा है तत्काल उस भूमि को कब्जा मुक्त कराया जाय। लेकिन ऐसा नही है, बारा तहसील के राजस्व कर्मियों की कहानी अलग है। चाहे जितनी शिकायत समाधान दिवस पर की जाय कार्यवाई के नाम पर शून्य रहता है।

क्षेत्र के अधिकांस चकरोट, तालाब से लेकर सरकारी बंजर भूमि पर दबंगों कब्जा बरकरार है। कई बार तहसील समाधान दिवस पर कब्जा मुक्त को लेकर किसान संगठन के कार्यकर्ता से लेकर ग्राम प्रधान ने लिखित शिकायत की लेकिन नतीजा जस का तस रहा। यहाँ तक कि कुछ तालाबों की जमीन पर कब्जा करके घर बना लिया तो किसी तालाब को खुदाई करके फसल बो लिया।

कार्यवाई क्यो नही की जाती। दिखावटी राजस्व टीम पैमाइस जरूर करती है लेकिन हल्का लेखपाल सुविधा शुल्क लेकर कार्यवाई करने के बजाय ठंढे बस्ते में डाल देता है। अधिकारी अगर इस पर तनिक ध्यान दिए होते तो चिल्ला गौहानी के तालाब, सोनौरी गांव के दो तालाब, मन्दुरी गांव के तीन तालाब, दबंगो का कब्जा न होता। वही गोबरा तरहार में 131 नम्बर बंजर में लगभग 10 बिस्वा सड़क के बगल कब्जा लगातार बरकरार है, ग्राम प्रधान आंगनवाड़ी, स्वाथ्य केंद्र बनवाने की जगह चिन्हित किया लेकिन आज तक हल्का लेखपाल ने जमीन खाली नही कराई।

एक तरफ जहां तालाबों का अस्तित्व खतरे में वही दूसरी तरफ आने वाले समय मे जल संचय को लेकर बिकट समस्या जरूर पैदा हो जाएगी।

## संदिग्ध अवस्था में अधेड़ व्यक्ति का शव मिलने से मचा हड़कंप

**प्रयागराज।** थाना कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मनोविज्ञान शाला परिसर के अंदर लगभग 50 वर्षीय अधेड़ व्यक्ति का शव मिला सूत्रों की माने तो हत्या की आशंका बताई जा रही । मनोविज्ञान शाला परिसर के अंदर ट्रेजरी का काम करने वाले वीरेंद्र मिश्रा द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। लगभग 25 घंटे से मनोविज्ञान शाला परिसर में पड़ी रही लाश। सूचना पाकर घटनास्थल पर कोतवाली पुलिस टीम के साथ, एसीपी कोतवाली, डीसीपी नगर संतोष कुमार मीना पहुंचे। डॉग स्कॉट को फॉरेंसिक टीम के द्वारा घटनास्थल की बारीकियों से जांच की गई। प्रारंभिक पूछताछ के बाद पुलिस ने शव को मर्चरी भेजा।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड - प्रयागराज
विज्ञप्ति
इस खण्ड द्वारा आमंत्रित निविदा सूचना संख्या-06/अ.अ./2022-2023, दिनांक 23.01.2023 में निहित कार्यो की निविदाएं अपरिहार्य कारणों से एतद्द्वारा निरस्त की जाती है ।
अधिशासी अभियन्ता
नलकूप निर्माण खण्ड
प्रयागराज
उ.प्र.-185756 दिनांक-11.02.2023
वेबसाइट-www.upgov.nic.in



जंघई के भण्डा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा में कथा व्यास संतोष जी महाराज

# प्रयागराज भारत



## मौसम



| | |
|---|---|
| अधिकतम : | 27.00 |
| न्यूनतम : | 15.00 |
| सूर्योदय : | 06.50 |
| सूर्यास्त : | 05.27 |

### बहुजन समाज के लिये एक अनोखी पहल

**प्रयागराज।** प्रबुद्ध फाउंडेशन के प्रबंधक/सचिव उच्च न्यायालय के अधिवक्ता रंगकर्मी, रंग निर्देशक आईपी रामबृज ने बताया कि प्रबुद्ध फाउंडेशन का मुख्य लक्ष्य बहुजन साहित्य, कला और संस्कृति के साथ बहुजन रंगमंच का संरक्षण, सम्बर्धन, और विकास के साथ साथ उसे पुनर्स्थापित करने की दिशा में काम करना है साथ ही जनपद प्रयागराज स्थित यमुनापार की बहुजन बाहुल्य बस्तियों में पांच से पन्द्रह आयु वर्ग अर्थात प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के बच्चों की अंग्रेजी, गणित और विज्ञान विषय मे उन्हें कुशाग्र बनाने या कहे उनका शैक्षिक स्तर में सतत विकास लाने के लिये प्रबुद्ध पाठशाला की स्थापत्य करना है। प्रबुद्ध पाठशाला के स्थापत्य में शनिवार को करछना थानान्तर्गत बहुजन बाहुल्य बस्ती इसौटा में प्रबुद्ध पाठशाला की शाखा खोली। गई। यह पाठशाला प्रत्येक रविवार को दोपहर 12 बजे से अपराह्न 04 बजे तक चलेगी। पाठशाला का संचालन गांव के ही उच्च शिक्षा प्राप्त विष्णु कुमार और अंगूरा के नेतृत्व में चलाई जायेगी। आईपी रामबृज ने बताया कि वह खुद गांव के रहने वाले है। गांव के प्राथमिक और जूनियर तक की पढ़ाई किस प्रकार होती है उससे वो अच्छी तरह वाकिफ है। पांच से पन्द्रह आयु वर्ग के बच्चों को सही मार्गदर्शन मिले उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास हो। बच्चे खुद अपना, अपने माता पिता, अपने गांव, जिले और अपने देश का नाम रोशन करें इसके लिये निःशुल्क प्रबुद्ध पाठशाला खोली जा रही है।

## ऊँचडीह में बह रही सात दिवसीय शिव पुराण की गंगा : अंकुश जी महराज



शिव कथा कहते अंकुश जी महराज



शिव कथा में कथा का आनंद लेते शिव भक्तगण

**शिव कथा**

### शिव ही रचना करते हैं, शिव ही आधार हैं उन्ही की कृपा से मनुष्य जन्म लेता है : अंकुश जी महाराज

### शिव सहस्त्रार्चन शिव कथा का शुभारंभ, प्रथम दिन सैकड़ों शिव भक्तों ने सुनी कथा



कथा के मुख्य यजमान राम उजागर शुक्ल सपत्नीक व आयोजक धर्म प्रकाश शुक्ल महराज से आशीर्वाद लेते हुए

**मेजा।** क्षेत्र के विकास खण्ड माण्डा के ऊँचडीह में पंडित राम उजागर शुक्ल के आवास पर रविवार से सात दिवसीय शिव सहस्त्रार्चन शिव कथा का शुभारंभ कलश स्थापना और विधि विधान से पूजन के बाद हुआ । कथा के मुख्य यजमान पंडित राम उजागर शुक्ल व उनकी पत्नी श्यामलता शुक्ल ने पूजा अर्चना किया उसके बाद कथा वाचक अंकुश जी महाराज ने कथा का शुभारंभ किया । अंकुश जी महराज ने कहा कि शुक्ल परिवार शिव कृपा पात्र हैं, उनकी सराहना करते हुए कहा कि शुक्ल परिवार ने क्षेत्र के लोगों को शिव पुराण कथा सुनने का अवसर दिया उसका सब लाभ उठाएं।

शिव कथा के प्रथम दिन अंकुश जी महाराज ने भक्तों से कहा ऊँचडीह में सात दिन शिव पुराण की गंगा बह रही है उसमें सब डुबकी लगाएं । अंकुश जी महाराज ने शिव जी के पावन पांचाच्छर नामावली का जाप कराया। आगे उन्होंने शिव की भव्य और दिव्य महिमा की कथा सुनाते हुए कहा कि शिव की कथा कोई सुना नहीं सकता वह अपनी कथा स्वयं कहते हैं। उन्होंने कहा कि आप लोग कथा सुन रहे हैं यह शिव की कृपा है वह आप लोगों के अंदर विराजमान हैं और मैं कथा कह पा रहा हूँ क्यों वह मेरे अंदर भी विराजमान हैं । अंकुश जी महाराज ने शिव पुराण की महिमा का बखान करते हुए कहा कि आप सौ बार राम कथा और सौ बार श्रीमद्भागवत कथा सुने और एक बार शिव पुराण की कथा सुन लें बराबर है। उन्होंने कहा शिव भगवान बड़े निराले हैं राम की पूजा करने के लिए मयार्दा की जरूरत है, श्री दुर्गा जी की पूजा करने के लिए श्रंगार की आवश्यकता है और हनुमानजी की पूजा करने के लिए नियम और संयम की जरूरत है लेकिन शिव जी की आराधना पूजा करने के लिए कोई नियम नहीं है जैसे हो वैसे भजो फल मिलेगा। उन्होंने बताया कि शिव जी एक चोर के उपर प्रसन्न हो गए और उसको कुबेर बना दिया था। उन्होंने कहा कि शिव पुराण की कथा सुनने सभी पाप नष्ट हो जाता है। शिव ही रचना करते हैं, शिव ही आधार है, उन्ही की कृपा से मनुष्य जन्म लेता है।

कथा के आयोजक धर्मप्रकाश शुक्ल (महादेव) व धनंजय शुक्ल ने सभी शिव भक्तों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सभी लोग सात दिन शिव कथा सुने और अपने जीवन को धन्य बनाएं।

### 'अरे द्वारपालों कन्हैया से कह दो, दर पे सुदामा गरीब आ गया है'

**जंघई।** भण्डा गांव में चल रही श्रीमद्भागवत कथा का समापन शनिवार को सुदामा चरित्र वर्णन के साथ हुआ इस दौरान कलाकारों द्वारा सुदामा और कृष्ण कथा का मंचन किया गया। कथा व्यास संतोष जी महाराज द्वारा सुदामा चरित्र का वर्णन किए जाने पर पंडाल में उपस्थित श्रोता भाव-विभोर हो गए।कथाव्यास ने सुदामा चरित्र का वर्णन करते हुए कहा कि मित्रता करो, तो भगवान श्रीकृष्ण और सुदामा जैसी करो सच्चा मित्र वही है, जो अपने मित्र की परेशानी को समझे और बिना बताए ही मदद कर दे कहा, कहा कि सुदामा अपनी पत्नी के कहने पर मित्र कृष्ण से मिलने द्वारकापुरी जाते हैं जब वह महल के गेट पर पहुंच जाते हैं, तब प्रहरियों से कृष्ण को अपना मित्र बताते है और अंदर जाने की बात कहते हैं। सुदामा की यह बात सुनकर प्रहरी उपहास उड़ाते है और कहते है कि भगवान श्रीकृष्ण का मित्र एक दरिद्र व्यक्ति कैसे हो सकता है। प्रहरियों की बात सुनकर सुदामा अपने मित्र से बिना मिले ही लौटने लगते हैं। तभी एक प्रहरी महल के अंदर जाकर भगवान श्रीकृष्ण को बताता है कि महल के द्वार पर एक सुदामा नाम का दरिद्र व्यक्ति खड़ा है और अपने आप को आपका मित्र बता रहा है। द्वारपाल की बात सुनकर भगवान कृष्ण नंगे पांव ही दौड़े चले आते हैं और अपने मित्र को रोककर सुदामा को रोककर गले लगा लिया। महाराज ने कहा कि भागवत पुराण हिन्दुओं के अट्ठारह पुराणों में से एक है। इसे श्रीमद्भागवत या केवल भागवतम् भी कहते हैं। इसका मुख्य विषय भक्ति योग है, जिसमें श्रीकृष्ण को सभी देवों का देव या स्वयं भगवान के रूप में चित्रित किया गया है। इस पुराण में रस भाव की भक्ति का निरूपण भी किया गया है। साथ ही भगवान की विभिन्न कथाओं का सार भागवत मोक्ष दायिनी है। इसके श्रवण से परीक्षित को मोक्ष की प्राप्ति हुई। और कलियुग में आज भी इसका प्रत्यक्ष प्रमाण देखने को मिलते हैं। श्रीमदभागवत कथा सुनने से प्राणी को मुक्ति प्राप्त होती है।कथा यजमान राजेंद्र प्रसाद सिंह लालती सिंह, पंकज सिंह सोनी सिंह एवं मैन बहादुर सिंह द्वारा व्यास पीठ की आरती किया एवं प्रसाद वितरण करवाया।इस अवसर पर परमेंद्र बहादुर सिंह, फतेह बहादुर सिंह, शेर बहादुर सिंह, राम अनुग्रह, भानु प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह, रमेश सिंह, संतोष सिंह, दिनेश सिंह, आनंद सिंह प्रतीक सिंह मोनू, संतोष पांडेय सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## मशरूम उत्पादन के तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन



युवाओं को प्रशिक्षण प्रमाण पत्र देते हुए

**प्रशिक्षण**

### युवाओं में चढ़ा मशरूम उत्पादन का खुमार

**प्रयागराज।** औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुशरू बाग प्रयागराज में चल रहे तीन दिवसीय मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम का रविवार को समापन हो गया । मशरूम उत्पादन में स्वरोजगार की असीम संभावनाओं को देखते हुए इस कार्यक्रम में युवाओं ने विशेष तौर पर इसमें हिस्सा लिया। कार्यक्रम के संयोजंक और औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र के प्रशिक्षण प्रभारी वीके सिंह के मुताबिक प्रशिक्षण कार्यक्रम 30 लोगों को प्रशिक्षण के पंजीकरण के लिए कहा गया था लेकिन इसमें पंजीकरण के लिए 51 लोगो ने आवेदन किया जिन्हें यहाँ तीन दिनों तक ट्रेनिंग दी गई । उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार मशरूम उत्पादन में स्वरोजगार की असीम संभावनाओ को देखते हुए कई तरह से सहयोग कर रही है । मशरूम की इकाई स्थापना के लिए 20 लाख रुपए की इकाई स्थापना में सरकार 40 फीसदी सब्सिडी दे रही है। इस तरह से सरकार इन्हें 8 लाख रुपए का अनुदान दे रही है । इसके अलावा मशरूम के बीज स्पोन के उत्पादन और मशरूम की कम्पोस्ट इकाई लगाने पर भी 40 फीसदी की सब्सिडी है। कार्यक्रम के तीसरे दिन उद्यानिकी प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र खुशरू बाग में इस विषय के विशेषज्ञों द्वारा इन्हें मशरूम उत्पादन के गुर सिखाये गए । मशरूम उत्पादन में लम्बे वक्त से कार्य कर रही सीएमपी डिग्री कॉलेज की असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. हेमलता पन्त ने मशरूम उत्पादन की बारीकियों को साझा किया । उन्होंने बताया कि अपने पोषक मूल्य और हर्बल विशेषताओं की वजह से आने वाले समय में मशरूम सुपर फूड का स्थान हासिल करने जा रहा है। अमित कुमार मौर्य विशेषज्ञ मशरुम द्वारा मशरूम उत्पादन में मशरूम के रोगों से बचाव के उपायों पर जानकारी दी गई । कार्यक्रम में चन्द्र शेखर आजाद कृषि विश्विद्यालय से आये डॉ नौशाद आलम ने अनुपयोगी मशरूम से वर्मी कम्पोस्ट तैयार करने की विधि और फायदों पर अपनी जानकारी साझा की । कार्यक्रम में प्रतापगढ़ से आई कृति शुक्ला ने मशरूम उत्पादन की अपनी सक्सेज स्टोरी साझा की। इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में कौशाम्बी में मशरूम उत्पादन कर रहे एक मशरूम उत्पादन केंद्र में भी इन सभी को भौतिक प्रशिक्षण दिया गया। आखिर में औद्यानिक प्रयोग एवं प्रशिक्षण केंद्र की तरफ से प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र और प्रशिक्षण किट का वितरण किया गया।

## निबंध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता में बच्चों को पुरस्कार से नवाजा



निबंध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता में पुरस्कृत बच्चे

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश महिला शिक्षक संघ जिला प्रयागराज के तत्वाधान में निबंध एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय कटरा में रविवार को सम्पन्न हुआ। प्रधानमंत्री की महत्वाकांक्षी योजना जल संचयन हेतु विकसित हो रहे अमृत सरोवर की महत्ता/ बालिका शिक्षा एवं उसकी महत्ता जिसमें विभिन्न विद्यालयों व ब्लॉक से प्रतिभागी बालिकाएं उपस्थित हुई और निबंध लेखन व चित्रकला प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया ।परीक्षा संयोजक पूनम यादव रहीं। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष सुलोचना मौर्य प्रदेश संगठन मंत्री अलका गौतम, प्रदेश मीडिया प्रभारी मिनी ओहरी, मंडल अध्यक्ष श्रीमती अपर्णा बाजपाई मंडल महामंत्री अंजली मौर्य, जिला कार्यकारिणी से महामंत्री अनुरागिनी सिंह, संगीता सिंह, पूनम यादव, आशा शर्मा, ज्योति सिंह, कविता, पूनम व ब्लॉक कार्यकारिणी से से दीप्ति, संध्या पुरी, फरहत, अनुपमा, अलका, सरिता सिन्हा आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम को मजबूती प्रदान की। चित्रकला व निबंध लेखन में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त बालिकाओं को प्रदेश अध्यक्ष महोदय द्वारा प्रशस्ति पत्र, पुरस्कार व माला पहना कर के प्रोत्साहित किया गया, व उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। तत्पश्चात प्रदेश अध्यक्ष ने मंडल व जिले की एक बैठक ली, जिसमें सभी पदाधिकारियों ने संघ को लेकर के अपने अपने विचार रखे और संघ के कार्यों को कैसे आगे बढ़ाया जाए इस पर विचार मंथन किया। इस पूरे कार्यक्रम का संयोजन जिला महामंत्री अनुरागिनी सिंह तथा धन्यवाद ज्ञापन कविता त्रिपाठी ने किया।

## नाजरेथ अस्पताल नर्सिंग स्कूल का स्नातक उपाधिग्रहण एवं दीप प्रज्ज्वलन समारोह आयोजित







दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते फादर व सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती नर्सिंग स्कूल की छात्राएं

**प्रयागराज।** रविवार को नाजरेथ अस्पताल नर्सिंग स्कूल के प्रांगण में स्नातक उपाधिग्रहण एवं कैपिंग समारोह आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि अति माननीय न्यायमूर्ति विवेक वर्मा, उच्च न्यायालय प्रयागराज एवं सम्मानित अतिथि डाक्टर श्रीमती रुचिका वर्मा, असिस्टेंट प्रोफसर, मनोविज्ञान विभाग, सी०एम०पी० डिग्री कालेज, प्रयागराज इस समारोह में उपस्थित रहे। अति माननीय रेव्ह फादर लुईस मसकरेनस, प्रशासक, रोमन कैथोलिक धर्म प्रान्त, इलाहाबाद एवं निदेशक, नाजरेथ अस्पताल ने इस समारोह की अध्यक्षता की।

कार्यक्रम की शुरूआत विशेष निमंत्रित अतिथियों की उपस्थिति में सुबह 10:30 बजे से नियोजित रूप से शुरू हुआ। आत्मा जागृत करने वाले प्रार्थना नृत्य के उपरान्त माननीय मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथि के साथ रेव्ह फादर लुईस मसकरेनस, रेव्ह फादर विपिन डिसूजा, रेव्ह सिस्टर एल्विना, प्रधानाचार्या, नाजरेथ अस्पताल नर्सिंग स्कूल, डॉ० अशोक अग्रवाल एवं रेव्ह सिस्टर मोन्सी, मेट्रन, द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का श्रीगणेश किया।

अति माननीय रेव्ह फादर लुईस मसकरेनस, निदेशक, नाजरेथ अस्पताल ने हमारे मुख्य अतिथि एवं सभी उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों का सौहार्दपूर्ण रूप से स्वागत किया। माननीय सम्मानित अतिथि ने 33वें बैच के नयी नर्सिंग छात्राओं को औपचारिक रूप से प्रज्वलित दीप छात्राओं को दिये। 33वें बैच की छात्राओं एवं 29वें बैच की जीएनएम छात्राओं ने प्रज्ज्वलित दीपों के साथ शपथ ग्रहण प्रक्रिया पूरी की। तद्पश्चात मुख्य अतिथि एवं सम्मानित अतिथि ने 29वें बैच की छात्राओं को उनके जीएनएम कोर्स का प्रमाण पत्र प्रदान किया।

नर्सिंग स्कूल की छात्राओं ने सांस्कृतिक, लोकनृत्य एवं विविध प्रकार के नृत्य प्रस्तुत किये, जिसे उपस्थित गणमान्य लोगों ने काफी सराहा।

नर्सिंग स्कूल की प्रधानाचार्या सिस्टर एल्विना ने अपने भाषण में अपने सहयोगी शिक्षिकाओं एवं छात्राओं की कड़ी मेहनत की सराहना की और उन्हें अपने कत्त्रव्यों एवं जिम्मेदारियों से अवगत कराया।

प्रतिभाशाली स्नातक छात्रा को मुख्य अतिथि ने पुरस्कृत किया।

माननीय मुख्य अतिथि ने अपने आशीर्वचन एवं संदेश के रूप में नर्सिंग छात्राओं की सेवा भावना, लगन एवं कडी. मेहनत के लिए उन्हें सराहा और जोर देकर माना कि आज नाजरेथ अस्पताल की ख्याति मुख्य प्रकार से, उसकी उच्च स्तरीय नर्सिंग सेवाओं के कारण ही है। अपनी उच्च नर्सिंग गुणवत्ता को बनाये रखकर लोगों की निःस्वार्थ सेवा करने के लिए प्रोत्साहित किया, और उन्होंने सभी नर्सिंग छात्राओं को एक सफल जीवनकाल के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। प्रशंसनीय छात्राओं को उनके उच्च शैक्षणिक मापदंडों के आधार पर पुरस्कृत किया गया। धन्यवाद ज्ञापन सुश्री शबाना द्वारा दिया गया। तदुपरान्त स्नातक छात्रओं द्वारा केक कटिंग का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय गान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

## निःशुल्क चिकित्सा शिविर संपन्न

**शिविर**

### असहाय तथा गरीबों के लिए सेवा करने के लिए संकल्पित विकास परिषद मंगलम : नागेंद्र सिंह





निःशुल्क चिकित्सा शिविर में उमड़ी मरीजों की भीड़

**प्रयागराज।** भारत विकास परिषद् मंगलम् की ओर से रविवार को एलआईसी कॉलोनी, टैगोर टाउन मां काली मंदिर परिसर में विशाल स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 195 मरीजों का सफल परीक्षण किया गया। उन्हें निशुल्क दवाएं वितरित की गई तथा समुचित चिकित्सकीय सहायता एवं परामर्श दिया गया। चर्म रोग, आंख, कान, नाक संबंधित रोग तथा बी.पी एवं शुगर की जांच तथा नेत्र रोग से संबंधित आंख के पावर की जांच की गई। इस चिकित्सा शिविर में सेवाएं देने वाले डॉक्टर नाक-कान-गला विशेषज्ञ डॉ. सियाराम सिंह, फिजीशियन डॉ. डी. के. पटवा, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ पंकज यादव एवं अन्य प्रख्यात डॉक्टर उपस्थित रहे और अपनी सेवाएं दिए।

भारत विकास परिषद मंगलम के अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने बताया कि शहर के हर पिछड़े और उपेक्षित क्षेत्र में परिषद का सचल चिकित्सा वाहन जाकर मेडिकल कैंप का आयोजन करता है तथा निशुल्क दवा वितरण एवं चिकित्सा की जाती है। उन्होंने कहा कि भारत विकास परिषद मंगलम की ओर से गरीबों असहाय ओं के लिए आगे भी शिविर लगते रहेंगे। यह संस्थान असहाय तथा गरीबों की सेवा के लिए संकल्पित है। इस अवसर पर मुख्य रूप से कमलाकांत पांडे, संरक्षक शिव नंदन गुप्ता, नागेंद्र जायसवाल, जितेंद्र कुमार, अमित श्याम, सौरभ भदोरिया, जानवी मिश्रा, रविंद्र साहू तथा शाखा के अनेक सदस्य एवं पदाधिकारी उपस्थित होकर अपनी सेवाएं दी। कार्यक्रम का संचालन आशीष गुप्ता ने किया तथा अध्यक्ष नागेंद्र सिंह ने सभी डॉक्टर एवं स्वयं सेवकों को इस पुनीत कार्य में विशेष सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों का हुआ सम्मान

**सम्मान**

### इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब का 125वां वर्ष मनाया गया





सम्मानित अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी

**प्रयागराज।** इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब के 125 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में रविवार को एबीआईसी मैदान पर भव्य कार्यक्रम आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति जेजे मुनीर रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जबकि जस्टिस वीसी दीक्षित एवं उत्तर प्रदेश फुटबॉल संघ के महासचिव मो. शाहिद उपस्थित रहे। इस मौके पर क्लब की ओर से विभिन्न खेलों में देश का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्व खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह देकर नवाजा गया। इनमें अन्तराष्ट्रीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ, ओलंपियन और अर्जुन अवार्डी शटलर अभिन्न श्याम गुप्ता, ओलंपियन और अर्जुन अवार्डी एथलीट बहादुर प्रसाद, ओलंपियन हॉकी खिलाडी दानिश मुजतबा, अन्तराष्ट्रीय फुटबॉलर शमशी रजा शामिल हैं। इसके अलावा क्लब और इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबाल अकादमी में अब तक सेवा दे चुके सभी प्रशिक्षकों और अकादमी के राष्ट्रीय फुटबॉलरों एवं विभिन्न विभागों में स्पोर्ट्स कोटे के तहत कार्यरत खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया।

क्लब के प्रेसिडेंट डॉ. रामेंदु रॉय ने बताया कि कार्यक्रम में क्लब की यात्रा का परिचय प्रस्तुत किया। अकादमी के अध्यक्ष बादल चटर्जी ने अतिथियों का स्वागत, सचिव बिप्लब घोष ने धन्यवाद ज्ञापन एवं मुख्य प्रशिक्षक शादाब रजा ने अकादमी की उपलब्धियां बताने के अलावा संजीव चंदा के साथ कार्यक्रम का संचालन किया।

इस मौके पर सोमनाथ चंदा, डीएफए के अध्यक्ष नारायणजी गोपाल, सचिव मकबूल अहमद, श्यामबाबू गुप्ता, पूर्व अपर महाधिवक्ता विनोदकांत श्रीवास्तव, एबीआईसी के प्रधानाचार्य स्वास्तिक बोस, शाहिद कमाल खान, एसआईटी के निदेशक कौशल तिवारी, उपमहालेखाकर राजेंद्रन नायर, अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल खिलाडी आरएस बेदी, अमल सेन गुप्ता, असद कासिम, सुनीता बी. जॉन, देवेश मिश्र, हसबीन अहमद, विनोद कुशवाहा, भास्कर शुक्ल, ताहिर अब्बास, राजेश वर्मा, इलाहाबाद स्पोर्टिंग क्लब और इलाहाबाद स्पोर्टिंग फुटबॉल अकादमी के सभी पूर्व व वर्तमान खिलाडी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### पेड़ से टकराया आटो, बाल-बाल बची सवारियां

**कौशाम्बी।** करारी से एक ऑटो रविवार सुबह सवारियां भरकर मंझनपुर जा रहा था। तुतीपुर के समीप अचानक मवेशी के सामने आने पर चालक नियंत्रण खो बैठा और ऑटो पेड़ से टकरा गया। गनीमत रही कि हादसे में कोई घायल नहीं हुआ। मुसाफिर दूसरे वाहनों ने गंतव्य के लिए रवाना हो गए।

### पेड़ से गिरकर किशोर जख्मी

**कौशाम्बी।** नगर कोतवाली इलाके के एदिलपुर गांव का सुमित (16) पुत्र सुरेश रविवार सुबह दातून तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़ा था। इस दौरान डाल टूटने से वह नीचे गिरकर घायल हो गया। परिजनों ने किशोर को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। डॉक्टरों ने बताया कि उसके दोनों हाथ टूट गए हैं।

### दबंगों ने अधेड़ को पीटा

**कौशाम्बी।** पश्चिमशरीरा थाना क्षेत्र के सदुल्लापुर गांव निवासी राममनोहर ने बताया कि पड़ोसी दबंगों से उसकी रंजिश है। इसे लेकर रविवार सुबह वह गाली-गलौज कर रहे थे। विरोध करने पर पिटाई कर शुरू कर दी। चीख-पुकार पर जुटे ग्रामीणों ने दखल देकर किसी तरह मामला शांत कराया। पीड़ित ने आरोपितों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दे दी है।

# मुठभेड़ के दौरान अंतर्जनपदीय दो बदमाश गिरफ्तार

## सदर कोतवाली के नसरूल्लापुर नहर के पास हुई मुठभेड़, बदमाश के पैर में लगी गोली

**मुठभेड़**

**एक मौके से हुआ था फरार, कांबिंग के दौरान चढ़ा पुलिस के हत्थे**



मुठभेड के दौरान अपराधी के पैर में लगी गोली व पुलिस टीम

**कौशाम्बी।** संदिग्ध बाइक सवार का पीछा कर रही पुलिस टीम पर बदमाशों ने फायरिंग किया। जवाब में पुलिस टीम ने फायर किया तो एक बदमाश के पैर में गोली जा धंसी। हालांकि मौके से एक बदमाश फरार हो गया था, जिसे पुलिस टीम ने कांबिंग कर अपने कब्जे में लिया है।

बता दे कि सदर कोतवाली व जनपदीय स्वाट टीम द्वारा शनिवार रात्रि गश्त के दौरान एक बाइक में सवार दो संदिग्ध व्यक्तियों को रोकने प्रयास किया गया, हालांकि बदमाश नसरुल्लापुर नहर रोड पर भागने लगे जिसपर जनपदीय नियंत्रण कक्ष को प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर द्वारा सूचना देकर स्वाट टीम के साथ पिछा किया गया। उधर नसरुल्लापुर नहर पुलिया से 200 मीटर पहले दूसरी तरफ से चौकी प्रभारी देवर कोत्तारी व थाना प्रभारी करारी द्वारा नाकाबंदी कर घेर लिया गया। पुलिस से अपने घिरा देख बदमाशों ने फायरिंग करना शुरू कर दिया। पुलिस टीम की क्रॉस फायरिंग में एक अपराधी को पैर में गोली लगी जबकि दूसरा अपराधी मौके से फरार हो गया था, जिसे पुलिस टीम द्वारा कांबिंग कर पकड़ लिया गया है। अपराधियों के पास से लगभग 27400 रुपया, 315 बोर के दो तमंचे, तीन जिंदा कारतूस, दो खोखा कारतूस बरामद हुआ है। अपराधियों से पूछताछ पर इनकी पहचान श्यामबाबू पुत्र सोहन लाल निवासी दुल्हापुर, थाना धानेपुर, जनपद गोंडा व दूसरा राम बख्श पुत्र बालेशर निवासी दुल्हापुर, थाना धानेपुर, जनपद गोंडा के रूप में हुई है। इन अपराधियों के खिलाफ बलरामपुर, गोंडा, अयोध्या, प्रयागराज में लूट, चोरी और जघन्य अपराध के लगभग दर्जन भर मुकदमें दर्ज हैं। दोनो अपराधी बैंक और एटीएम के आस पास रेकी कर लूट और गाड़ियों के ताले तोड़कर चोरी करने के अभ्यस्त अंतर्जनपदीय अपराधी हैं। पूंछताछ में दोनो अपराधियों द्वारा छह फरवरी 2022 को मंझनपुर और करारी थाने में बैंक से रुपये निकालकर जाने वाले दो व्यक्तियों की रैकी कर उनकी बाइक की डिग्गी तोड़कर पैसा निकालने के संबंध में दर्ज मुकदमा दर्ज हुआ था। शनिवार को फिर से रेकी करने और अपराध करने के उद्देश्य से कौशांबी जनपद में आए थे। घायल अपराधी श्याम बाबू को इलाज के लिए जिला अस्पताल लाया गया है। हालांकि पुलिस ने आरोपियों की लिखा पढ़ी में जुट गई थी।

# अंधेरे का फायदा : जेसीबी से हो रही तालाब की खुदाई

**मनमानी**

**मजदूरों के हक पर डाका डाल रहे जिम्मेदार**

**अझुवा, कौशाम्बी।** मनरेगा मजदूरों को काम मिले और गांव का विकास हो इसके लिए शासन तमाम योजनाओं का संचालन करती है, लेकिन जिम्मेदार अपनी तिजोरी भरने के लिए विकास कार्य ज्यादातर मशीनों से कराते हैं ऐसे में मजदूरों को काम नहीं मिल पाता।

बताना जरूरी होगा कि शासन ने मनरेगा योजना शुरू किया था ताकि मजदूरों को काम मिल सके और उन्हें काम के बदले धन मिले जिससे उनके परिवार का जीविकोपार्जन हो। लेकिन कौशाम्बी जिला में मनरेगा मजदूरों के हक पर जिम्मेदार डाका डालने में लगे हैं जिससे मजदूर काम के लिए परेशान घूमते रहते हैं। प्रधान कोई भी काम हो उसे मनरेगा मजदूरों से न कराकर जेसीबी मशीनों द्वारा करवाते हैं, इसका जीता जागता उदाहरण सिराथू तहसील क्षेत्र के गांवों में देखा जा सकता है। सबसे बड़ी बात यह होती है कि यदि गांव में तालाब की खुदाई कराना है तो दिन में नहीं बल्कि रात्रि में जेसीबी लगाकर तालाब की खुदाई करा लिया जाता है। ऐसे में जिम्मेदारों को डबल फायदा होता है। पहले तो उनका काम जल्द हो जाता है और दूसरी तरफ मिट्टी भी वह बेचने में कामयाब हो जाते हैं, लेकिन ऐसे में मजदूर जरूर परेशान हो जाते हैं। वह बात अलग है कि कुछ अपने चहेते लोगों का नाम जॉबकार्ड में डलवा रखते है और उनके खाते में मजदूरी की रकम भेज देते हैं और उसमें से भी कुछ धन खाताधारक को देकर बाकी अपनी तिजोरी में भर लेते हैं। बहरहाल यदि प्रशासन इसे गंभीरता से लेकर इसकी जांच कराई तो तमाम प्रधानों पर कार्यवाही की गाज गिरनी तय है।

# बस की टक्कर से बाइक सवार घायल



घायल का इलाज करते चिकित्सक

**चायल, कौशाम्बी।** पिपरी कोतवाली अन्तर्गत पाचनी का पूरा गांव के समीप रविवार को तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार घायल होकर सड़क पर तड़पने लगा। हालांकि आसपास रहे लोगों ने घायल को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है।

घटनाक्रम के मुताबिक समयलाल पाल पुत्र हरी लाला (50) निवासी असरवे खुर्द जो अपने समधी के यहां भीखपुर मेंडवाड़ा दावत खाने आया था। जहां से सुबह दामाद का चचेरा भाई कुलदीप कुमार पाल पुत्र जय करन निवासी भीखपुर मेंडावारा समय लाल को उसके घर असरावे खुर्द छोड़ने घर जा रहा था। जैसे ही बाइक पचनी का पुरवा मजरा कादिरपुर के समीप पहुंची कि सामने से आ रही तेज रफ्तार बस ने बाइक सवार को टक्कर मार दिया। हादसे में बाइक सवार घायल हो गए। उधर बस ड्राइवर गाड़ी छोड़ मौके से फरार हो गया। वहीं आसपास रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने हादसे की जानकारी घायल के परिजनों को देते हुए घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है।

# वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने मचाया धमाल

**कौशाम्बी।** भरवारी स्थित हुबलाल इंटरमीडिएट कॉलेज का वार्षिकोत्सव रविवार को धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर खूब तालियां बटोरीं। 12 के विद्यार्थियों को विदाई भी दी गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भरवारी के पूर्व चेयरमैन कैलाश चंद्र केसरवानी व कॉलेज प्रबंधक वीरेंद्र कुमार केसरवानी ने मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। छात्र-छात्राओं ने कई सांस्कृतिक और देश भक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सोशल मीडिया की गिरफ्त में नव युवा और उसके दुष्प्रभाव पर प्रस्तुत नाटक सराहा गया। इस मौके पर प्रधानाचार्य जीवन लाल चैधरी, पूर्व प्रधानाचार्य रशीद अहमद खान, डॉ. धीरेंद्र केसरवानी, जगदीश प्रसाद शिवहरे, तुषार केसरवानी तनु आदि मौजूद रहे।

# 1367.66 करोड़ के निवेश से 19 हजार 815 रोजगार होगा सृजित

**कार्यक्रम**

**निवेशक की समस्याओं का त्वरित निस्तारण के साथ हर संभव उपलब्ध कराई जाएगी मदद : डीएम**




कलक्ट्रेट में आयोजित बैठक में मौजूद अफसर

**कौशाम्बी।** महामहिम राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा रविवार को लखनऊ में 10 फरवरी से 12 फरवरी तक आयोजित ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का समापन किया गया। जिसका सजीव प्रसारण कलक्ट्रेट स्थित उदयन सभागार में आयोजित जनपद स्तरीय निवेश कुम्भ कार्यक्रम में किया गया तथा कार्यक्रम में उपस्थित निवेशको, छात्र-छात्राओं एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने महामहिम राष्ट्रपति, महामहिम राज्यपाल आनन्दी बेन पटेल एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के उद्बोधन को सुना गया।

जिलाधिकारी ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पूरे प्रदेश में उद्योग की स्थापना के लिए बहुत ही अच्छा माहौल बना है एवं जनपद कौशाम्बी में भी उद्यमियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेते हुए बड़ी मात्रा में निवेश के प्रस्ताव प्रस्तुत किये हैं। उन्हांने निवेशकों से आग्रह करते हुए कहा कि निवेश को धरातल पर उतारा जाय, आपकी सभी समस्याओं-एनओसी व सर्किल रेट आदि का त्वरित निस्तारण किया जायेंगा। उन्होंने कहा कि जनपद विगत कुछ दिनां से काफी तीव्र गति से विकास कर रहा है, जनपद की सड़कें अन्य जनपदों के सापेक्ष बेहतर हैं, जनपद में राम वनगमन मार्ग के साथ ही कौशाम्बी को एयरपोर्ट प्रयागराज से भी जोड़ा जा रहा हैं। उन्होंने कहा कि जनपद में अन्य जनपदों के सापेक्ष उद्योग की स्थापना के लिए असीम सम्भावनायें हैं, यहॉ पर बेहतर सड़क कनेक्टिविटी, सस्ती जमीन एवं विद्युत की बेहतर आपूर्ति आदि के साथ ही गंगा एवं यमुना नदी के बीच में स्थित होने के कारण जमीन उपजाऊ है इतना ही नहीं कच्चा माल भी आसानी से मिल जायेंगा। उन्हांने उद्यमियों एवं व्यापारियों के प्रति जनपद में निवेश करने के लिए आभार व्यक्त किया। इस दौरान पूर्व विधायक संजय गुप्ता ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि कोई निवेश कभी छोटा नहीं होता, छोटा निवेश भी आगे चलकर कितना बड़ा रूप ले लेगा, इसकी कल्पना नहीं किया जा सकता। उन्हांने कहा कि जनपद कौशाम्बी को छोटा जनपद न समझा जाय, कौशाम्बी में उद्योग की स्थापना के लिए सभी सम्भावनायें मौजूद है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण एवं प्रवेश केसरवानी व अरविन्द केसरवानी सहित अन्य उद्यमीगण एवं छात्र-छात्रायें उपस्थित रहें।

# शातिर ने युवक के खाते से नकदी किया पार

**कौशाम्बी।** कोखराज थाना क्षेत्र के भरवारी के एक युवक के खाते से शातिर ने एक लाख रुपये निकाल लिए। डाक पार्सल का लिंक भेजकर शातिर ने खाते से रकम पार कर दी। खाता लॉक कराने के बाद वह थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। मुकदमा दर्ज करते हुए पुलिस ने साइबर सेल को रिपोर्ट भेज दिया है। शिशु मंदिर कॉलोनी मेहता रोड भरवारी निवासी महर्षि रस्तोगी पुत्र अभय कुमार ने बताया कि कुछ दिन पहले उसके मोबाइल पर एक अनजान व्यक्ति ने कॉल किया। डाक पार्सल भेजने की बात कहते हुए लिंक भेजा और पता अपडेट करने को कहा। इसके बाद शातिर ने चार बार में युवक के बैंक खाते से एक लाख रुपये निकाल लिया। बैंक खाते से एक लाख रुपये निकालने का मैसेज देख युवक परेशान हो गया। वह बैंक पहुंचा और खाता बंद कराते हुए शनिवार को मामले की तहरीर थाने में दी। पीड़ित युवक की तहरीर पर पुलिस ने साइबर शातिर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर ने बताया कि मुकदमा दर्ज करने के बाद साइबर सेल को कार्रवाई के लिए रिपोर्ट भेज दी गई है। पुलिस मामले की तहकीकात कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# शौचालय में ताला, लोग खुले में शौच को मजबूर



शौचालय में लटक रहा ताला

**कनैली,कौशाम्बी।** विकास खंड कौशाम्बी अंतर्गत ग्राम पंचायत कायमपुर में स्वच्छ भारत मिशन के तहत लाखों रुपये की लागत से बनाये गए सामुदायिक शौचालय में लोगों के लिए बेमतलब साबित हो रहा है। क्योंकि जिम्मेदारों की लापवाही के चलते शौचालय अपने मकसद से भटकते हुए हमेशा ताला में जड़ा रहता है। ऐसे में लोगों को शौच के लिए बाहर ही जाना पड़ता है।

बताना जरूरी होगा कि ग्रामीणांचल इलाकों में बेहतर तरीके से साफ सफाई रहे, गांव स्वच्छ रहे ताकि तमाम तरह की बीमारियों से लोग बच सकें, इस नाते ग्राम निधि से लाखों रुपये की लागत से सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है, और देखरेख व साफ-सफाई की जिम्मेदारी गांव में बने स्वयं सहायता समूह को दी गई है। इसके लिए ग्राम पंचायत द्वारा प्रतिमाह हजारों की रकम खर्च की जा रही है। कायमपुर गांव में वित्तीय वर्ष 2020 व 21 में साढ़े तीन लाख की लागत से महिला व पुरुष के लिए शौचालय बनवाया गया था, लेकिन गांव वालों का कहना है बने शौचालय में ताला लटकता रहता है। जिसकी वजह से लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। ग्राम प्रधान व सचिव से ताला खुलवाने की मांग की गई थी, लेकिन अब तक इस पर कोई कार्य नहीं हो सका। गांव में सामुदायिक शौचालय शोपीस बना हुआ है। निर्माण के बाद से ही ताला लटका है, जिसकी वजह से लोगों को इस सुविधा का लाभ नहीं मिल पाता है। गांव के ओम प्रकाश अग्रहरि का कहना है कि गावों को स्वच्छ बनाने के लिए भले ही सरकार की ओर से तमाम प्रयास किए जा रहे हैं, लेकिन इसका लाभ ग्रामीण क्षेत्र में रहने वाले लोगों को नहीं मिल पा रहा है जिसकी वजह से शौचालय निर्माण होने के बाद भी लोगों को खुले में जाना पड़ता है। वहीं गांव के अमित देवा के मुताबिक बने शौचालय के रख-रखाव के लिए ग्राम पंचायत निधि से हजारों रुपये खर्च किए जा रहे है, लेकिन शौचालय न खुलने की वजह से इनका प्रयोग नहीं हो पाता है और लोगों को खुले में शौच के लिए जाना पड़ता है। हालांकि गांव के लोगों ने जिला स्तरीय अफसरों का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

# कोर्ट के आदेश पर दो के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के बजहा खुर्रमपुर गांव के एक युवक के फरेबियों ने पांच लाख रुपये हड़प लिए। जमीन बैनामा करने के बहाने रकम लेकर आरोपितों ने बैनामा नहीं किया। अदालत के आदेश पर पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बजहा खुर्रमपुर निवासी पुजारी लाल ने बताया कि मंझनपुर के रफीक अहमद व अरहान से एक जमीन का सौदा तय हुआ था। सौदा तय होने के बाद पांच लाख रुपये एडवांस देकर बाकी की रकम जमीन बैनामा के दौरान देने की बात हुई थी। समय पूरा होने के बाद युवक ने पैसे की व्यवस्था कर जमीन बैनामा करने को कहा तो आरोपित बैनामा करने से मुकर गए। इसके बाद उसने दी गई रकम वापस मांगी तो आनाकानी करने लगे। फिर जान से मारने की धमकी दी। इसकी शिकायत पीड़ित ने कई बार थाने में की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। पीड़ित अदालत पहुंचा। अदालत के आदेश पर करारी पुलिस ने आरोपित रफीक व अरहान के खिलाफ धोखाधडी का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# सड़क पर गिरे बाइक सवार, घायल

**हादसा**

**प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो बाइक में सवार दोनों युवक नशे घुत थे, शायद यही वजह है कि तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गये**



घटनास्थल पर मौजूद घायल बाइक सवार व जुटे लोग

**दारानगर, कौशाम्बी।** कड़ाधाम कोतवाली अंतर्गत गड़रियापुर गांव के समीप एक बाइक में सवार दो लोग आचानक तेज रफ्तार में गिर गए। हादसे में दोनों को चोट आई। आसपास रहे लोगों ने हादसे की जानकारी परिजनों को देते हुए इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया है। हालांकि घटनास्थल पर मौजूद लोगों की बातों पर यकीन करें तो कहा जा रहा था कि बाइक में सवार दोनों युवक नशे घुत थे, शायद यही वजह है कि तेज रफ्तार में अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गए। हालांकि स्थानीय अस्पताल इलाज के लिए भेज दिया गया था।

### पड़ोसियों ने की मारपीट, तीन लोगों पर केस दर्ज

**कौशाम्बी।** सदर कोतवाली के रामपुर बसोहरा गांव में शनिवार की शाम पड़ोसियों ने पिता-पुत्र को पीट दिया। देर शाम पुलिसने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद तीन आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। रामपुर बसोहरा निवासी अनमोल सिंह ने बताया कि पड़ोसी से उसका विवाद चल रहा है। शनिवार की शाम दोनों के बीच पुरानी बात को लेकर कहासुनी हो गई। इसके बाद आरोपित ने परिवार के साथ मिलकर उसके साथ उसके बेटों को पीट दिया। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। सूचना पर गांव पहुंची पुलिस ने घायलों का प्राथमिक उपचार कराने के बाद आरोपित बंशी लाल समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# द्वारचार में दूल्हे को हर्ष फायरिंग करना पड़ा महंगा

**हर्ष फायरिंग**

**केस दर्ज कर तलाश में जुटी खाकी**

**आरोप है कि वीडियो शूट करने पर नशे में धुत दूल्हे के दोस्तों ने कैमरामैन की किया था पिटाई**

**कौशाम्बी।** जिले में एक बंदूकबाज दूल्हे का बारात में हर्ष फायरिंग करने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। या वीडियो उस समय का है, जब दुल्हन के घर पर द्वारचार की रस्म अदा होनी थी। नशे में धुत दूल्हे के एक साथी ने अपनी लोडेड पिस्टल उसे पकड़ा दी। जिसके बाद दूल्हे ने लगातार दो राउंड फायरिंग कर दी। जिसका वीडियो शादी में वीडियोग्राफी कर रहे कैमरामैन ने शूट कर लिया। आरोप है कि नशे में धुत दूल्हे के साथी, दूल्हे एवं अन्य बारातियों ने हर्ष फायरिंग का वीडियो शूट करने पर कैमरामैन को पीट भी दिया। हालांकि बीच-बचाव कर लोगों ने मामले को शांत करा दिया, लेकिन दूल्हे द्वारा हर्ष फायरिंग का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते ही हड़कंप मच गया। पुलिस अधीक्षक बृजेश कुमार श्रीवास्तव के अनुसार करारी पुलिस ने आरोपी दूल्हे के खिलाफ अदालत के आदेश की अवहेलना कर हर्ष फायरिंग एवं अन्य लोगों के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर लिया। फिलहाल अभी तक आरोपी दूल्हे की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। एसपी का दावा है कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# चोरी का आरोप लगाकर युवक को पीटा

**कौशाम्बी।** कोतवाली क्षेत्र के कादिराबाद के एक युवक को पड़ोसी गांव के दबंगों ने चोरी का आरोप लगाते हुए पीट दिया। पीड़ित युवक थाने पहुंचा और मामले की शिकायत की। पीड़ित का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने दो आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। कादिराबाद निवासी अजय कुमार किसान है। बताया कि पड़ोसी गांव का युवक उससे खुन्नस रखता है। शनिवार की शाम वह खेत से घर लौट रहा था। इसी दौरान ने आरोपित ने भाई के साथ मिल उसे रोक लिया। इसके बाद आलू चोरी का आरोप लगाने लगा। विरोध करने पर आरोपितों ने उसकी पिटाई कर दी। ग्रामीणों के बीच-बचाव करने पर आरोपित धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़ित थाने पहुंचा और मामले की नामजद तहरीर पुलिस को दी। पीड़ित युवक का प्राथमिक उपचार कराने के बाद पुलिस ने आरोपित नागेंद्र व बीरेंद्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# बिजली विभाग का मनमाना रवैया न बदला तो सकिपा करेगी घेराव



बैठक करते समर्थ किसान पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता

**कौशाम्बी।** समर्थ किसान पार्टी के नेता एवं जिला पंचायत सदस्य अजय सोनी ने विद्युत विभाग के मनमाने रवैए पर तीखा हमला बोला है। पार्टी कार्यकताओं के साथ रविवार को ग्राम भ्रमण के दौरान ग्राम गंभीरा पूर्व ब्लॉक सिराथू में लोगों से वार्ता करते हुए अजय सोनी ने विद्युत विभाग के जनविरोधी रवैए को लेकर तीखी नाराजगी जाहिर की। इस अवसर पर अजय सोनी ने कहा कि जिले के कई विद्युत उपकेंद्रों में विभागीय अधिकारियों के संरक्षण में भारी भ्रष्टाचार हो रहा है। प्राइवेट और संविदा लाइनमैनो एवं विद्युत कर्मियों द्वारा विद्युत उपभोक्ताओं के जेब में दिनदहाड़े डाका डाला जा रहा है जिससे विद्युत उपभोक्ता परेशान हैं।

अजय सोनी के मुताबिक विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से विभागीयकर्मी विद्युत उपभोक्ताओं के मीटर रीडिंग, विद्युत बिल और विद्युत लोड में पहले चुपचाप मनमाने तरीके से बढ़ोत्तरी कर देते हैं, फिर उपभोक्ताओं से बिल जमा करने को लेकर दबाव और समझौते का पैंतरा चलाते हैं। बात न मानने पर मुकदमा दर्ज कराने की धमकी दी जाती है। जिसपर मजबूरन तमाम विद्युत उपभोक्ता समझौता करने पर राजी हो जाते हैं और फिर उनसे मनमानी अवैध वसूली की जाती है। कुछ लोगो द्वारा राजी न होने पर उनके नाम या तो भारी भरकम बिल भेजा जाता है या फिर मुकदमा दर्ज करा दिया जाता है। इस तरह का खेल जिले के कई विद्युत उपकेंद्रों मे चल रहा है। अजय सोनी ने इसे लेकर भारी नाराजी जाहिर करते हुए कहा कि विद्युत विभाग के अधिकारी और कर्मचारी सुधर जाएं और लोगों का शोषण बंद कर दें अन्यथा पुराने अंदाज में समर्थ किसान पार्टी विद्युत विभाग का घेराव करेगी और अधिकारियों एवं कर्मचारियों को बंधक बनाया जायेगा। इस मौके पर सुरेश तिवारी, सूर्य प्रकाश तिवारी, अमित तिवारी, अंकित शुक्ला, रमेश सिंह, प्रहलाद मौर्य, दिनेश कुमार, रवि प्रकाश आदि मौजूद रहे।

# महुआ की शराब के साथ महिला गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** कोखराज थाने की पुलिस ने शनिवार की रात निधियावां गांव में छापामारी कर एक महिला को रंगे हाथ शराब बनाते पकड़ा। पुलिस ने आरोपित महिला के कब्जे से दस लीटर महुआ की शराब बरामद की। पुलिस ने लहन को मौके पर ही नष्ट करवा दिया। पुलिस के अनुसार, पकड़ी गई महिला निधियावां गांव की उर्मिला देवी पत्नी हरकेश है। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए आरोपित महिला को जेल भेज दिया है।

## संक्षेप

### अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का केस

**लालगंज।** दुर्घटना में महिला की मौत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के खालसा सादात निवासी संजय की पत्नी गुड्डा देवी की बीते दस फरवरी को नेशनल हाईवे लखनऊ-वाराणसी पर राजेंद्र नगर तिराहा के समीप अज्ञात वाहन की टक्कर से दुर्घटना में मौत हो गई। घटना को लेकर मृतका के ससुर गयादीन सरोज ने शनिवार को कोतवाली पहुंचकर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाने तथा गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज किया है।

### जहरीले जंतु के काटने से महिला की मौत

**लालगंज।** कोतवाली के पूरे मगई दुबान ढिंगवस के स्व. अजीत द्विवेदी की पत्नी निर्मला देवी (40) को शनिवार की रात किसी जहरीले जंतु ने डस लिया। जहरीले जंतु के डसने से महिला की हालत खराब होने पर परिजन उसे लेकर जिला अस्पताल पहुंचे। वहां चिकित्सकों ने निर्मला को प्रयागराज मेडिकल कालेज रेफर कर दिया। मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान निर्मला ने दम तोड़ दिया।

### नैनो यूरिया तरल जागरूकता अभियान सम्पन्न

**पट्टी।** सराय छिवलहा कृषि वानिकी पर नैनो यूरिया तरल जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नैनो यूरिया तरल के बारे में किसानों को जानकारी दी गई। किसानों को इसके उपयोग व लाभ के बारे में बताया गया। अध्यक्षता हरिकेश बहादुर सिंह ने किया। इस मौके पर छोटेलाल पांडे, प्रमोद कुमार सिंह, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, कुंवर बहादुर सिंह एवं समस्त समिति के सदस्य व किसान उपस्थित रहे ।

### फांसी पर लटकता मिला युवक का शव

**प्रतापगढ़।** नगर कोतवाली के चिलबिला बराछा में एक युवक ने घर के बाहर बने टिनशेड में फांसी लगाकर जान दे दी। चिलबिला बराछा निवासी दीपक सिंह (18) पुत्र गंगाराम पेंटिंग के साथ डेयरी का काम करता था। शनिवार की शाम वह बाहर टिन शेड में सो गया था। रविवार की सुबह टिनशेड के पाइप से उसका शव रस्सी के सहारे लटकता मिला। दीपक की अभी शादी भी नहीं हुई थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के समापन का हादीहाल में दिखाया गया सजीव प्रसारण




राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के उद्बोधन का लाइव प्रसारण देखते जिलाधिकारी सहित अन्य

**प्रतापगढ़।** उ0प्र0 ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट-2023 का समापन लखनऊ में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल सहित अन्य मंत्रियो के उद्बोधन का सजीव प्रसारण डीएम डा0 नितिन बंसल, मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया, अधिकारीगण, उद्यमी, व्यापारी, जनसामान्य द्वारा तुलसीसदन (हादीहाल) में देखा गया।

समापन के अवसर पर राष्ट्रपति के इन्वेस्टर्स समिट-2023 के सम्बन्ध में उनके विचारों को उपस्थित अधिकारीगण, उद्यमी एवं व्यापारी बन्धु व जनसामान्य ने गम्भीरतापूर्वक सुना एवं प्रसन्नता व्यक्त की। कार्यक्रम में एम0एस0एम0ई0 योजना में बेहतर कार्य करने वाले बैंकर्स केनरा बैंक के मण्डल प्रबन्धक विकास कुमार, रायबरेली पीएनबी के एजीएम एण्ड सर्कल के रोहिताश्व इन्द्रानि, बैंक ऑफ बड़ौदा प्रतापगढ़ के चीफ मैनेजर रवि गुप्ता व बड़ौदा उ0प्र0 ग्रामीण बैंक प्रतापगढ़ के जिला समन्वयक सुधीर सिंह को जिलाधिकारी ने सम्मानित किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के कार्यो की सराहना करते हुये उन्हें अंगवस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इसके अलावा मुख्य विकास अधिकारी ईशा प्रिया को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर व्यापार मण्डल के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र केसरवानी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखन बाबा, प्रान्तीय उपाध्यक्ष रामशंकर जयसवाल, संरक्षक जय नाराण अग्रवाल, उद्यमी रोशन लाल ऊमरवैश्य, उपाध्यक्ष कृष्ण मोहन केसरवानी, महामंत्री व्यापार मण्डल संजय सोनी सहित अन्य उद्यमी व व्यापार मण्डल के पदाधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया ने आये हुये अतिथियों, उद्यमियों, व्यापारियों एवं जनसामान्य के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## आम के पेड़ पर लटकता मिला विवाहिता का शव

**पट्टी।** विवाहिता का शव आम की पेड़ पर लटकता मिला। शव को देखने के लिए आसपास के लोगों के इकट्ठा होने पर शव की शिनाख्त हुई। सूचना पर परिजन भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना से अवगत कराया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कंधई थाना क्षेत्र के रैया गांव निवासी शांति देवी (55) पत्नी फूलचंद की संदिग्ध परिस्थितियों में घर से कुछ दूर आम के पेड़ पर शव लटकता हुआ मिला। शौच के लिए कुछ लोगों ने पेड़ पर शव लटकता देख ग्रामीणों को इसकी सूचना दी। शव की शिनाख्त होने पर परिजन भी मौके पर पहुंच गये। परिजन ने इसकी सूचना स्थानीय कोतवाली पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पेड़ से नीचे उतरवाते हुए पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के पांच बच्चे हैं। सभी की शादी हो चुकी हैं।

## भाजपा की एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न



कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य

**प्रतापगढ़।** टेऊंगा स्थित भाजपा कार्यालय पर रविवार को मंडल कार्यसमिति व डाटा प्रबंधन कार्यशाला की बैठक संपन्न हुई। जिसमें बूथ स्तर की संरचना के बारे में विस्तृत जानकारी लेते हुए सरकार की नीतियों को स्पष्ट किया गया।

मुख्य अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य ने कहा कि प्रदेश सरकार तथा केंद्र सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं के पक्ष में एक राजनीतिक प्रस्ताव लिया गया। जिसका अनुमोदन उपस्थित कार्यसमिति सदस्यों ने सर्वसम्मति से किया। वरिष्ठ नेता पूर्व मंत्री बृजेश शर्मा ने कार्यकताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पीएम मोदी के नीतियों से संचालित योजनाओं का लाभ देश के युवा, किसान, महिला एवं आर्थिक रूप से कमजोर लोगों को मिल रहा है। पीएम मोदी के अथक प्रयास के नतीजों को जन जन तक प्रचारित करने की जरूरत है। बैठक की अध्यक्षता महावीर पाल व संचालन महामंत्री गजराज सिंह ने किया। इस दौरान मंडल प्रभरी विजय तिवारी, पूर्व जिला अध्यक्ष देवानंद त्रिपाठी, विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक सूर्यकांत निराला, उपाध्यक्ष रजत सक्सेना, कार्यालय मंत्री विक्रम सिंह, सुशीला सरोज, मनीता सरोज ,रवींद्र पटेल, केपी सिंह, प्रदीप सिंह सोमवंशी, शक्ति केंद प्रमुख और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## हिमांचल का राज्यपाल बनाये जाने पर भाजपा नेता ने व्यक्त की खुशी



**प्रतापगढ़।** केंद्र सरकार में पूर्व वित्त राज्यमंत्री रहे शिव प्रताप शुक्ला को हिमांचल प्रदेश का राज्यपाल बनाए जाने पर जिले में खुशी का माहौल है। पूर्व वित्त राज्य मंत्री के करीबी भाजपा नेता पूर्व सहसंयोजक पंचायत प्रकोष्ठ काशीप्रांत बलवंत सिंह के अंतू क्षेत्र के गोकुलपुर स्थित आवास पर लोगो को लड्डू खिलाकर कर खुशी जाहिर की। पूर्व मंत्री शिव प्रताप शुक्ला को राज्यपाल बनाए जाने पर भाजपा के शीर्ष नेतृत्व का बलवंत सिंह ने आभार जताया है। पूर्व मंत्री शिव प्रताप शुक्ला को उनके गोरखपुर स्थित आवास पर पहुंचकर भाजपा नेता बलवंत सिंह ने मुलाकात कर बधाई दी।

# मेधा शक्ति के सम्पूर्ण विकास में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा अपरिहार्य : प्रो. ओझा

**कार्यक्रम**

**सरस्वती विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव में छात्रों ने बांधी समा**

**लालगंज।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज में रविवार को हुए वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर अभिभावकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रयागराज के सिविल जज प्रत्यूष आनंद मिश्र व विद्यालय के प्रबंधक एवं प्रदेश के पूर्व मंत्री प्रो. शिवाकान्त ओझा ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया।

छात्रा तृषा तिवारी, रिचा सिंह, अर्पणा, शैलजा, आराध्या, उदिता, गरिमा, एकता, कृति, वैष्णवी, मुस्कान आदि ने लोकगीत, होलिका गीत, बसंत गीत, एकांकी तथा प्रहसन के साथ सामाजिक कुप्रथा पर आधारित नाटक बहू की विदा का मंचन कर अतिथियों एवं अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। मेधावियों की मंचीय प्रस्तुतियों से खुश अभिभावकों को मगन देखा गया। वहीं कार्यक्रम को देख रहे छात्र-छात्राओं के चेहरे पर भी सुनहली मुस्कान खिली दिखी। समारोह को सम्बोधित करते हुए प्रदेश के पूर्व मंत्री एवं शिक्षाविद प्रो. शिवाकांत ओझा ने कहा कि मेधा शक्ति के सम्पूर्ण विकास में गुणवत्ता परक शिक्षा आज के परिवेश में अपिहार्य है। उन्होने कहा कि विद्या मंदिर की दीक्षा पद्धति संस्कारित शिक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने में मेरूदंड है। बतौर मुख्य अतिथि सिविल जज प्रत्यूष आनंद मिश्र ने छात्र-छात्राओं को प्रतियोगी सफलताओं के लिए अपने भाषण में कारगर टिप्स दिया। उन्होने कहा कि वही छात्र सफलता हासिल कर सकता है जो प्रारंभिक शिक्षा के समय से ही जीवन को स्वाअनुशासित रखने में दक्ष हुआ करता है। समारोह में प्रबंधक प्रो. शिवाकान्त ओझा व विद्यामंदिर के प्रधानाचार्य आचार्य रामअवधेश मिश्र ने विशिष्ट क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे धर्मेंद्र सिंह चैहान, डॉ. शक्तिकुमार पांडेय, पीसीएस अंकित शुक्ला, आचार्य शक्तिधरनाथ पांडेय, डॉ. कामता प्रसाद त्रिपाठी, पत्रकार डॉ. आशीष सिंह, अधिवक्ता ज्ञानप्रकाश शुक्ल, सतीष चंद्र मिश्र, दिनेश मिश्र को अंगवस्त्रम तथा प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। प्रधानाचार्य आचार्य रामअवधेश मिश्र ने स्वागत भाषण में विद्यालय की शैक्षिक उपलब्धियों का बखान किया। समारोह में पूर्व ब्लाक प्रमुख पूर्णांशू ओझा ने भी मेधावियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. सर्वेश कुमार मिश्र व संचालन आचार्य शिवानन्द मिश्र एवं आचार्य शिवदर्शन मिश्र ने संयुक्त रूप से किया। आभार प्रदर्शन शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य प्रदोष नारायण सिंह ने किया। इस मौके पर चेयर पर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, प्राचार्य डॉ. अमित कुमार सिंह, निदेशक संदीप मिश्र, समाजसेवी प्रकाशचंद्र मिश्र, सभासद ज्ञानचंद्र मोदनवाल व बृजेंद्र पांडेय मंटू, मिथिलेश जायसवाल, डॉ. राजकुमार पांडेय, सुबेदार बीडी सिंह बघेल, आदि रहे।



वार्षिकोत्सव कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देती छात्राएं

# तीन दिवसीय सांसद खेल स्पर्धा का समापन खिलाड़ियों को दिया गया प्रमाणपत्र

**प्रतापगढ़।** जिले के विभिन्न ब्लाकों में तीन दिन से चल रही सांसद खेल स्पर्धा का रविवार को समापन हो गया। खेल प्रतियोगिता में हर ब्लाकों से छात्र-छात्राएं व ग्रामीण खिलाड़ियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। प्रमाण पत्र से सम्मानित खिलाड़ी जिला स्तर पर आगे होने वाली खेल प्रतियोगिता में अपने हुनर का जादू दिखाएंगे। खेल प्रतियोगिता के सुभारम्भ से लेकर समापन तक हर ब्लाकों में भाजपा नेताओं ने पहुंच कर खिलाड़ियों की हौसला आफजाई की। प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर पट्टी के रामलीला खेल मैदान पर सांसद संगमलाल गुप्ता ने कहा कि खेल का मैदान हमें अनुशासन और एकता का भाव सिखाता है। खेल का मैदान ही एक ऐसा स्थान है जहां खिलाड़ी स्पर्धा के दौरान पूरी ताकत और क्षमता के साथ अपने खेल का प्रदर्शन करता है। परिणाम आने के बाद वह सारा भेदभाव भूलकर एक दूसरे से गले मिलकर मैदान से वापस जाता है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी और सीएम योगी की सोच है कि समाज से भेदभाव मिटाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की सोच के अनुरूप अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाई जाए। उसी उद्देश के तहत ग्रामीण छिपी प्रतिभाओं को आगे लाने के उद्देश्य से यह सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। जिसमें सफल प्रतिभागी को जनपद स्तरीय प्रतियोगिताओं में खेल का अवसर दिलाकर उनकी प्रतिभा को निखारने का एक प्लेटफार्म प्रदान किया जाएगा। प्रतापगढ़ संसदीय क्षेत्र के 13 विकास खंडों के लगभग प्रत्येक ग्राम पंचायतों को ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताओं में वहां के युवक एवं युवतियों को सम्मिलित कराने का अवसर प्रदान किया गया है। जिसका सुखद परिणाम सामने है। सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन पर हर ब्लाकों में सफल खिलाड़ियों को भाजपा नेताओं ने प्रमाणपत्र वितरित किये। इस दौरान खेल मैदानों पर बड़ी संख्यां में खिलाड़ी व खेल प्रेमी मौजूद रहे।



खेल प्रतियोगिता देखने को उमड़ी लोगों की भीड़

### आगजनी से गृहस्थी खाक

**लालगंज।** कोतवाली के अगई पूरे बोधी सिंह गांव में शनिवार की शाम मकान में अचानक आग लग जाने से गृहस्थी खाक हो गई। गांव के रूपेश सरोज के घर में हुई आकस्मिक आगजनी में आठ हजार रुपए नकद तथा कपड़े बिस्तर भी जल गया। ग्रामीणों के द्वारा मशक्कत करने पर किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। पीड़ित के घर हुई आगजनी से परिवार के समझ खाने पीने की भी समस्या उत्पन्न देख गांव के लोग दुखी नजर आए।

## मरीज बनकर आए बदमाशों ने डॉक्टर को बंधक बनाकर की लूट

**प्रतापगढ़।** डॉक्टर के घर निजी क्लिनिक पर शनिवार की रात कार सवार पांच बदमाश दवा के बहाने आए। गेट खुलवाकर डॉक्टर को अपनी कार में बंधक बना लिया। मारपीट कर घर में घुसकर सामान लूट लिया। डॉक्टर को जंगल में अचेत छोड़कर आरोपित भाग निकले। लीलापुर थाने के चमरूपुर शुक्लान निवासी डॉ. बनवारी लाल सोनी (70) की घर के पास ही क्लीनिक है। शनिवार को डॉक्टर घर में अकेले थे। रात में आठ बजे कार सवार पांच लोग पहुंचे और घर का दरवाजा खटखटया। डॉक्टर के आने पर बदमाश उतरे और कार में मरीज होने की बात बताते हुए देखने की बात कही। कार के पास पहुंचने पर डॉक्टर को अन्दर खींच लिया। कार से उतरे दो बदमाश डॉक्टर के घर में चले गए। बदमाशों ने घर खंगाल लिया। आरोप है कि इस दौरान डॉक्टर को मारपीट कर अचेत कर दिया और घर से नकदी व जेवर लूट लिए।

# सांसद खेल स्पर्धा में संगम इंटरनेशनल स्कूल का दबदबा, खिलाड़ी हुए पुरस्कृत

**खेल**

**कबड्डी और खो-खो खेल में प्रथम स्थान हासिल कर जिले में बनाया स्थान**

**रेस में दीक्षा, लाजो, आफताब और कुश्ती में विकास जिले की टीम में चयनित**



सम्मानित खिलाड़ी व अतिथिगण

**प्रतापगढ़।** संगम इंटरनेशनल स्कूल कटरा मैदान मे तीन दिवसीय सांसद स्पर्धा प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ है। तीन तक चली इस प्रतियोगिता में संगम इंटरनेशनल स्कूल के खिलाड़ियों का दबदबा रहा। सीनियर कबड्डी और खो खो खेल में बालिका वर्ग की टीम विजेता रही। वही सेतापुर की भी जूनियर बालिका खो खो और कबड्डी की टीम ने जीत हासिल कर स्टेडियम में होने वाले जिला खेल प्रतियोगिता में अपनी जगह बनाई। आठ सौ मीटर बालिका दौड़ में दीक्षा, चार सौ मीटर में लाजू विश्वकर्मा और आठ सौ मीटर बालक वर्ग में आफताब ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कुश्ती में विकास और आलोक रंजन ने पहला स्थान प्राप्त किया। संगम इंटरनेशनल स्कूल में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व भारतीय जनता युवा मोर्चा पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष युवा नेता वरुण प्रताप सिंह, विशिष्ट अतिथि समाज सेवा रोशन लाल उमर वैश्य, नेहरू युवा केन्द्र के उप निदेशक समर बहादुर सिंह ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन आयोजक केके गुप्ता ने किया। इस मौके पर सदर पीटीआई शैलेंद्र सिंह शैलु और नगर पीटीआई खुर्शीद ने सभी खिलाड़ियों और टीम प्रभारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# जिसके पास प्रेम धन है वह कभी नहीं हो सकता निर्धन : आचार्य यज्ञेश महराज

**प्रतापगढ़।** लालगंज क्षेत्र के अर्जुनपुर गांव में चल रही सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा में समापन दिन रविवार को भगवान श्रीकृष्ण व सुदामा के चरित्र का वर्णन किया गया। कथा व्यास आचार्य यज्ञेश ने कहा कि मित्रता प्रभु श्रीकृष्ण व सुदामा जैसी होनी चाहिए। प्रभु का जो प्रेम सुदामा के प्रति दिखा वह एक संदेश बन गया। भगवान ने बचपन के मित्र सुदामा को सादर सम्मान के साथ राजमहल में ले गए। प्रभु ने अपने सिंहासन पर बैठाकर उनके पांव को पखार कर मित्र का धर्म निभाया। दुनिया के सामने यह संदेश दिया कि जिसके पास प्रेम धन है वह कभी निर्धन नहीं हो सकता है। कथा में दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने सुदामा के प्रति प्रभु की भावुकता को देखकर भाव विभोर हो उठे। इस मौके पर जगदीश सिंह, पूर्व प्रमुख रमेश सिंह, गुदून मिश्र, गया मिश्र, सुरेश सिंह, नागेश प्रताप सिंह, शिवदर्शन सिंह, अनिल सिंह, कमल सिंह, रिंकू सिंह, राजकुमार सिंह, संदीप सिंह समेत सैकड़ों भक्तो ने भगवान व सुदामा की मित्रता के प्रसंग का आनंद लिया।



भगवान व सुदामा की मित्रता के प्रसंग का आनंद उठाते भक्तगण

### रोजगार मेले का आयोजन कल

**प्रतापगढ़।** जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया है कि जिला सेवायोजन कार्यालय प्रतापगढ़ के तत्वावधान में कौशल विकास केन्द्र (सीटीईडी) निर्मला माता प्रसाद पैलेसे के सामने रानीगंज में 14 फरवरी को पूर्वान्ह 10 बजे से रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी क्षेत्र की कम्पनियों द्वारा विभिन्न रिक्त पदों जैसे सिक्योरिटी गार्ड, सेल्स आफिसर, अप्रेन्टिसशिप ट्रेनिंग हेतु बेरोजगार अभ्यर्थियों का चयन किया जाना है। सिक्योरिटी गार्ड पद हेतु नियोजक द्वारा न्यूनतम शारीरिक अर्हता 170 सेमी0 लम्बाई तय की गयी है। पूर्व से सेवायोजन पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थी अपनी लागिन आई0डी0 व पासवर्ड द्वारा आवेदन कर रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते है। इच्छुक अभ्यर्थी अपनी समस्त मूल शैक्षिक योग्यताओं एवं पासपोर्ट साइज फोटो के साथ कौशल विकास केन्द्र (सीटीईडी) निर्मला माता प्रसाद पैलेसे के सामने रानीगंज में समय से उपस्थित हो।

## जिला उद्योग बंधु की बैठक सम्पन्न

**प्रतापगढ़।** डा0 नितिन बंसल की अध्यक्षता में तुलसीसदन सभागार में जिला उद्योग बन्धु की बैठक की गयी। बैठक में उपायुक्त उद्योग दिनेश कुमार चैरसिया ने बैठक के एजेण्डों के सम्बन्ध में जानकारी दी। बैठक में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना की समीक्षा करते हुये जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों एवं बैंकर्स को निर्देशित किया कि आपस में समन्वय स्थापित कर लम्बित लाभार्थियों के ऋण पत्रावलियों को यथाशीघ्र निस्तारित करायें जिससे योजना का लाभ लाभार्थी को समय से मिल सके, इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाये। उद्यमी अनुराग खण्डेलवाल के प्रकरण कार्यशाल पूंजी न बढ़ाये जाने के सम्बन्ध में पंजाब नेशनल बैंक के जिला समन्वयक को निर्देशित किया गया कि समस्या का निस्तारण एक हफ्ते के अन्दर करायें। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों एवं बैंको के जिला समन्वयक को निर्देशित किया कि उद्यमियों एवं व्यापारियों की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण करायें तथा ऋण पत्रावलियों पर आवश्यक कार्यवाही करते हुये लाभार्थियों को योजना से लाभान्वित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं उदासीनता कदापि न बरती जाये।

# कवि सम्मेलन में समाजसेवियों को किया गया सम्मानित

**प्रतापगढ़।** रविवार को रानीगंज कैथौला स्थिति केशव प्लाजा में मानस रत्न सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पुलिस उपाधीक्षक लालगंज रामसूरत सोनकर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलन से हुआ। क्षेत्र के पूर्व प्रमुख ददन सिंह, प्रधानाचार्य अशोक सिंह, अरुण सिंह, अधिवक्ता ज्ञान प्रकाश शुक्ल, अर्जुन जायसवाल, प्रधान ददन सिंह, रामचंद्र तिवारी समेत दर्जनों समाजसेवियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मानस रत्न की उपाधि से अलंकृत डॉ0 अम्बिकेश साश्र्वत सम्मान हुआ। सम्मान समारोह में दूर-दूर से आए कवियों ने काव्य पाठ कर वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व प्रधानाचार्य अनीश देहाती व संचालन आयोजक हरी बहादुर हर्ष ने किया। इस मौके पर केशव केसरवानी, केशव दत्त पाण्डेय, रामकृष्ण तिवारी समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।



सम्मानित होते समाजसेवी

### प्रबंधक के खिलाफ छात्राओं के परिजनों ने दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** घर में शादी होने के कारण दो छात्राओं ने विद्यालय से दो दिन का अवकाश लिया था। आरोप है कि अवकाश के बाद विद्यालय जाने पर शिक्षक ने सभी बच्चों के सामने उनको पीटा और अपशब्दों का प्रयोग किया। छात्राओं के परिजनों ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। मानिकपुर थाना क्षेत्र के दुलुवामई गांव निवासी अरुण कुमार विश्वकर्मा और कमलेश कुमार विश्वकर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। अरुण की बेटी कोमल (14) कक्षा नौ, कमलेश की बेटी संसृति (15) कक्षा 11 में कुंडा के एक स्कूल में पढ़ती हैं। अभिवावकों का आरोप है कि उनके घर में शादी होने के कारण बेटियां क्लासटीचर से दो दिन का अवकाश लिया था। शादी के बाद 11 फरवरी को दोनों जब स्कूल पहुंचीं तो प्रबंधक ने अभद्रता करते हुए पीटा। बेटियां स्कूल से घर लौटीं तो मामले की जानकारी दी। अभिवावकों ने शनिवार की देर रात पुलिस को मामले की नामजद तहरीर देते हुए कार्रवाई की मांग की है। इंस्पेक्टर उदयबीर सिंह का कहना है तहरीर मिली है, मामले की जांच की जा रही है जो सही होगा कार्रवाई की जाएगी।

## जनसंपादकीय

# बुद्ध की धरती पर कविता



**प्रो.सदानंद शाही**

ढाई हजार वर्ष से भी अधिक समय हुआ जब भारत की धरती पर एक महामानव आए जिन्होंने 'तुमुल कोलाहल कलह' से आकुल-व्याकुल समस्त मनुष्य जाति को शांति और आश्वस्ति का गंभीर वाणी में संदेश दिया कि बैर से बैर शांत नहीं होता, अबैर से शांत होता है। यह युद्ध के घोष के विरुद्ध बुद्ध का घोष था- करुणा का, मैत्री का, शील और प्रज्ञा का धम्म-घोष!

बुद्ध के संदेश में एक प्रकाश था जिसने समस्त मानव जाति को सभ्यता की एक नई राह सुझाई! और यह प्रकाश तिब्बत, चीन, मंगोलिया, कोरिया, वर्मा, हिंद चीन, जापान, लंका और पश्चिम एशिया तक फैलता गया। मैथ्यू अर्नाल्ड ने बुद्ध को ठीक ही 'एशिया का आलोक' कहा था। एशिया के इस आलोक ने मानव की रचना और विचारधारा को नई प्रेरणा दी। न केवल धर्म-दर्शन और तर्कशास्त्र का बल्कि शिल्प कला और साहित्य का बहुपक्षीय विकास और विस्तार हुआ। एशिया का यह आलोक फूटा था गया की पावन धरती पर! गौतम को यहीं आकर बुद्धत्व का प्रकाश मिला। अपनी 'भूमि स्पर्श' मुद्रा वाली मूर्ति में बुद्ध इसी धरती की ओर संकेत करते दिखाई देते हैं।

दुनिया को 'अप्प दीपो भव' का संदेश देने वाले गौतम बुद्ध को दुनिया महान शिक्षक के रूप में याद करती है । प्राचीन भारत के इतिहास में एक हजार वर्षों तक धम्म की जिस विशाल तरंग ने समूचे भारत को सराबोर कर दिया था। उसके सर्वोच्च शिखर पर जो महिमामयी मूर्ति विराजमान है, दुनिया उन्हें शाक्य मुनि गौतम बुद्ध के नाम से जानती है। प्राचीन भारत में उन्हीं की प्रेरणा से एक महान सामाजिक क्रान्ति का सूत्रपात हुआ और धर्म साहित्य, कला और संस्कृति में एक नव जागरण । आधुनिक भारत में भी उन्नीसवीं शताब्दी से जिस महान नवजागरण का आरंभ हुआ उसकी प्रेरणा का एक शक्ति स्रोत भगवान बुद्ध हैं। त्रिपिटक का संपादन-प्रकाशन-अनुवाद, तिब्बत संरक्षित बौद्ध साहित्य के मूल ग्रन्थों की खोज और सबसे बढ़कर स्वाधीनता संग्राम के दौर में आधुनिक भारत के भविष्य के भारत के निर्माण में बुद्ध के सामाजिक विचारों का प्रचार हमारे सांस्कृतिक जागरण का संबल बना। आजादी के बाद समूचे देश में सम्राट अशोक द्वारा सारनाथ में स्थापित स्तंभ के उस शीर्ष भाग को अपना राष्ट्रीय चिह्न स्वीकार किया जिसमें चार सिंह चार दिशाओं में गर्जना करते हुए बुद्ध द्वारा प्रतिपादित सार्वभौम सत्य की घोषणा कर रहे हैं, जिसकी निचली वेदिका में उत्कीर्ण गज, अश्व , वृषभ और सिंह बुद्ध के जन्म, महाभिनिष्क्रमण, धर्मचक्र प्रवर्तन और सत्य के सर्वतोमुखी निर्भय प्रचार का संकेत करते है। राष्ट्रीय ध्वज में स्थापित चक्र एक ओर कालचक्र का तो दूसरी ओर धर्मचक्र का, उसकी शाश्वत सनातन गति का प्रतीक है । इस चक्र के भीतर से बुद्ध का संदेश अब भी गूंजता है- चरथ भिक्खवे।

> **दुनिया को 'अप्प दीपो भव' का संदेश देने वाले गौतम बुद्ध को दुनिया महान शिक्षक के रूप में याद करती है । प्राचीन भारत के इतिहास में एक हजार वर्षों तक धम्म की जिस विशाल तरंग ने समूचे भारत को सराबोर कर दिया था। उसके सर्वोच्च शिखर पर जो महिमामयी मूर्ति विराजमान है, दुनिया उन्हें शाक्य मुनि गौतम बुद्ध के नाम से जानती है।**

समय निरन्तर चल रहा है, देशवासियों, तुम भी युगचक्र के साथ निरंतर चलते रहो, चलते रहो। यह सामाजिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में जड़ता के विरुद्ध गति का संदेश प्राचीन भारत में बुद्ध ने दिया। आधुनिक भारत को अपनी रूढ़ियों से, अपनी दुर्बलता और पिछड़ेपन से संघर्ष और मुक्ति के लिए विचारों के जिन अस्त्रों की आवश्यकता थी वे बुद्ध की तपस्याओं के कमंडलू से निकले थे। मनुष्य को परखने की कसौटी जाति नहीं, चरित्र है। बुद्ध का यह संदेश समता और सामाजिक न्याय के विचारों में फलीभूत हुआ। यज्ञ में पशुबलि धर्म नहीं, वरन् अंधविश्वास है, हिंसा धर्म नहीं - अहिंसा सबसे बड़ा धर्म है-बुद्ध के इस संदेश ने जीव मात्र के प्रति दया, मानव मात्र के प्रति करुणा ओर सहानुभूति, त्याग और सेवा के विचार को युग का आदर्श बना दिया। बुद्ध के इन संदेशों में वह प्रकाश था जिसने पहले एशिया को और फिर समूचे विश्व मानस को आलोकित किया। बुद्ध वाणी से प्रकाशित इस आलोक को पूरी दुनिया में सुना गया ।

विश्व कविता ने और भारतीय कविता ने बुद्ध की वाणी से प्रेरणा लेकर मानव की विकास यात्रा को अभिनव प्रकाश से भर दिया था । आज जब चारों ओर जाति, वर्ण, पंथ और संप्रदाय के नाम पर घृणा वैर, हिंसा, कलह, वैमनस्य और विद्वेष की विषाक्त लहरें उठ रही हैं और अहिंसा , शांति, करुणा, मैत्री, प्रेम और एकता के मूल्यों के लिए खतरा पैदा कर रही हैं, दुनिया एक और विश्व युद्ध की ओर बढ़ रही है तो अहिंसा, शांति, करुणा, मैत्री, प्रेम और एकता के मूल्यों की, बुद्ध के विरासत की जरूरत शिद्दत से महसूस की जा रही है। बुद्ध की महान वसीयत अहिंसा, शांति, करुणा, मैत्री, प्रेम और एकता को जन मन से जोड़कर अतीत को वर्तमान की शक्ति में बदलने की जरूरत है। ताकि एक बेहतर भविष्य की ओर बढ़ा जा सके जिसकी बुनियाद में अहिंसा और करुणा हो, समता और शांति हो, मैत्री और एकता हो, त्याग और सेवा हो।

आज जब बामियान की पहाड़ियों में उत्कीर्ण बुद्ध की विशाल मूर्ति को तोड़ कर ढहाने वाली तालिबानी बंदूकों की सत्ता मानव जाति को मुंह चिढ़ा रही है तब क्यों न हम बुद्ध की उपदेश-भूमि पर एकत्र होकर इन बंदूकों के भद्दे शोर के प्रतिवाद में कविता का धम्म-घोष करें।

हजारों वर्षों से बुद्ध भारतीय ही नहीं विश्व कविता,कला और स्थापत्य को प्रेरित और प्रभावित करते रहे हैं।हम बुद्ध की भूमि में एकत्र होकर कविता और कला की उस दुनिया का पुनः स्मरण ही नहीं बल्कि पुनः सृजन करना चाहते हैं।विश्व को अपने आलोक से आलोकित करने वाली मानवीय करुणा की धारा नये सिरे से अपने भीतर प्रवाहित होते अनुभव करना चाहते हैं।

'बुद्ध की धरती पर कविता'- काव्य- यात्रा की श्रृंखला का इसी उद्देश्य आयोजित है । बुद्ध की निर्वाण भूमि कुशीनगर में (2019) ,जन्मभूमि लुंबिनी में (2020) और तीसरी कड़ी बोध गया में (2022 ) के बाद चौथी कड़ी सारनाथ में 4-5 मार्च 2023 को प्रस्तावित है। दो दिन तक चलने वाले इस कार्यक्रम में हम हिन्दी ही नहीं भारतीय और विश्व कविता में बुद्ध की उपस्थिति पर विचार करेंगे। देश भर से आने वाले कवियों की बुद्ध केन्द्रित कविताओं में अवगाहन करेंगे और इस तरह अपने भीतर बुद्ध की अवतारणा करेंगे।

संगोष्ठी के प्रस्तावित सत्र हैं, बुद्ध,कविता और सौन्दर्य दृष्टि, संवाद पुरुष बुद्ध, करुणा की नदी में कविता, विश्व कविता में बुद्ध, तिब्बती कविता में बुद्ध, भारतीय कविता में बुद्ध, हिन्दी कविता में बुद्ध, केदारनाथ सिंह की कविता में बुद्ध। आमंत्रित विद्वानों में कवि श्री के सच्चिदानन्दन (त्रिवेन्द्रम), श्री राधावल्लभ त्रिपाठी(भोपाल) श्री कृष्ण कुमार( चंडीगढ़) श्री हरीश त्रिवेदी ( नयीदिल्ली),श्री राजेश जोशी( भोपाल) श्री अरुण कमल ( पटना) श्री आलोक धन्वा( पटना) श्री ज्ञानेन्द्रपति ( वाराणसी) श्री उदय प्रकाश (नयी दिल्ली)श्री नरेश सक्सेना( लखनऊ)सुश्री अनामिका( नयी दिल्ली) सुश्री गगनगिल ( नयीदिल्ली)श्री हृदयरत्न बज्राचार्य ( कुलपति,लुम्बिनी बुद्धिस्ट विश्वविद्यालय)एवं श्री आनन्द कुमार ( नयी दिल्ली) शामिल हैं। आप भी इन तिथियों में सारनाथ में मौजूद रहें और इस महत गोष्ठी और काव्यपाठ का आनन्द उठायें।

**(लेखक प्रेमचंद साहित्य संस्थान के निदेशक और शंकराचार्य विवि भिलाई के कुलपति हैं, संपर्क 96163 93771)**

---

**(औपनिवेशिक शासन के खिलाफ खुदाई खिदमतगार प्रतिरोध आंदोलन के संस्थापक अब्दुल गफ्फार खान का जन्म इसी फरवरी माह में हुआ था। वो अपने अहिंसक विरोध और आजीवन शांतिवाद के लिए जाने जाते थे और उपमहाद्वीप में हिंदू-मुस्लिम एकता के हिमायती थे, समान विचारधारा वाले और महात्मा गांधी के साथ घनिष्ठ मित्रता रखते थे। खान को सरहदी गांधी उपनाम दिया गया था। खुदाई खिदमतगार की सफलता और लोकप्रियता ने अंततः औपनिवेशिक सरकार को खान और उनके समर्थकों के खिलाफ कई कार्रवाई शुरू करने के लिए प्रेरित किया; खुदाई खिदमतगार ने संपूर्ण भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन के कुछ सबसे गंभीर दमन का अनुभव किया।)**

# शांति के लिए प्रतिबद्ध खान अब्दुल गफ्फार खान

**स्मरण**



**मुख्तार खान**

बात उन दिनों की है, महात्मा गाँधी को दक्षिण अफ्रीका से लौटे अभी चंद वर्ष ही बीते थे। जल्द ही उनके द्वारा चलाये जा रहे अहिंसक, सत्यग्रह की चर्चा चारो तरफ होने लगी थी। सैकड़ों मील दूर अफगानिस्तान की सरहद पर पशतून पठान कबीले तक भी यह बात पहुंची। इसी कबीले के एक पढे लिखे नौजवान को सत्य, अहिंसा पर आधारित गाँधी का फल्सफा ऐसा भाया कि उसने जनसेवा को ही अब अपने जीवन का लक्ष्य बना लिया। इस पठान के त्याग और बलिदान को देख कर ही लोगों ने आगे चलकर उन्हें 'सरहदी गाँधी' का खिताब दिया। इस जियाले नौजवान का पूरा नाम था 'खान अब्दुल गफ्फार खान'। लोग उन्हें प्यार से बाचा खान या बादशाह खान के नाम से भी बुलाया करते।

'खान अब्दुल गफ्फार' का जन्म सीमान्त प्रान्त में (वर्तमान पाकिस्तान) 6 फरवरी 1890 को हुआ था। पिता 'बेहराम खान' रुसूख वाले व्यक्ति थे। इन्हें मिशनरी स्कूल में पढ़ने भेजा गया । इसके बाद उच्च शिक्षा के लिये वे अलीगढ़ आये। ऊंची कद-काठी वाले बादशाह खान दर-असल फौज में अफसर बनना चाहते थे। एक बार एक भारतीय अफसर को किसी अंग्रेज अधिकारी द्वारा अपमानित हुए देखा। अपना आत्मसम्मान खोकर उन्हें ब्रिटिश फौज की नौकरी करना भला अब क्योंकर गंवारा होता? उसी वक़्त उन्होंने ब्रिटिश फौज की नौकरी का ख्याल अपने दिल से हमेशा के लिये निकाल दिया।

बादशाह खान का जन्म सीमांत प्रांत के जिस पश्तून पठान कबीले में हुआ था। वहाँ शिक्षा और आधुनिक जीवन मूल्यों का अभाव था। लोग आपस में कबीलों के नाम पर बटे हुए थे। हथियार और हिंसा का तो जैसे चोली दामन का साथ हुआ करता। खानदानी दुश्मनी निभाना,एक दूसरे से बदला लेने का चलन भी आम था। महिलाओं की स्थिति और भी दयनीय थी। इन कठिन परिस्थितियों में बादशाह खान ने इन पठानों के बीच जन जागृति लाने का निश्चय किया। अभी उनकी उम्र केवल 20 वर्ष की ही थी। सब से पहले उन्होंने 1910 में लडकियों की शिक्षा के लिये एक स्कूल खोला। इस के बाद 'अफगान रिफॉर्म सोसाइटी' नामक संस्था बनाई। धीरे धीरे स्थानीय लोग इनसे जुडने लगे।

अपनी कौम की दुर्दशा देख कर उन्हें बडा दुख होता। वे जानते थे कि यदि एक बार वे इन पठानों का दिल जीतने में कामियाब हो गये तो फिर बदलाव से इन्हें कोई नहीं रोक सकता। वे एक जत्था बनाकर गावँ-गावँ घूमकर लोगों को इकट्ठा करते। अपने भाषणों में वे अक्सर बल देकर कहते ₹हमें अपने जीवन का आराम, समय और पैसा अपनी कौम की भलाई के लिये खर्च करना चाहिए। संसार में उन्हीं कौमों ने तरक़्क़ी की जिन्होने अपना स्वार्थ त्याग कर औरों के दुख दर्द को अपना जाना, एक जुट होकर सामजिक बुराइयों को दूर करने का प्रयास किया। इन्सान और हैवान में यही तो एक अन्तर है। हैवान केवल खुद के लिये जीता है। को अपना जीवन सुधारने के लिये सामूहिक प्रयास करने चाहिए। केवल स्वयं की उन्नति के बारे में प्रयास करते रहना तो पशु प्रवृत्ति है। इस तरह अपने असरदार भाषणों से लोगों को औरों की खातिर जीने के लिए प्रेरित करते।


1929 में उन्होने खुदाई खिदमतगार नाम से एक संस्था बनाई। खुदाई खिदमतगार का मतलब हुआ खुदा की खिदमत करने वाले, लेकिन खुदा को भला किसी की खिदमत की क्या जरूरत? खुदा के बन्दों की सेवा करना ही खुदा की सेवा करना। इस संस्था के दो अहम लक्ष्य थे सेवा कार्य और दूसरे ब्रिटिश सरकार की गुलामी से आजादी। खुदाई खिदमतगारों से जुड़ने की शर्तें थीं जीवन भर अहिंसा के मार्ग पर चलना और हिंसा से दूर रहना, अमीर हो या गरीब दिन में दो घन्टे श्रम करना, अपने जीवन में सादगी और सच्चाई का पालन करना, आपस में किसी तरह का भेदभाव न रखना और अपनी पहचान के तौर पर लाल कुरती पहनना।

गाँव गाँव जाकर बादशाह खान पठानों को अंग्रेजों की गुलामी का एहसास भी करवाते जाते। वे साथ ही शिक्षा और आधूनिक जीवन मूल्यों से भी उन्हें रुबरू करवाते जाते। बाहर से कठोर लेकिन भीतर से अति कोमल पठानों के दिल पर बादशाह खान की बातों का करिश्माई असर दिखाई देने लगा। कल तक यही पठान बात पर हवा में हथियार लहराया करते। आज वे ही लोग अंग्रेजों के जुल्म व सितम के बावजूद शांति से मोर्चे पर अडिग रहा करते। देखते ही देखत कुछ ही वर्षों में सैकड़ों खुदाई खिदमतगार ब्रिटिश हुकूमत के खिलाफ एकत्र होने लगे। खैबर पख्तून में खुदाई खिदमतगारों की एक ऐसी सेना तैयार हो गयी। ऐसी सेना जो सच्चाई और अहिंसा के मार्ग पर चलकर अपनी जान तक देने तक को तैयार रहती। इन खुदाई खिदमतगारों के जज्बे को देख कर ब्रिटिश कहा करते 'हिंसा पर उतारु पठानो को रोका जा सकता है लेकिन इन सत्याग्रहियों से निपटना अधिक मुश्किल है।'

बादशाह खान के आन्दोलन को कुचलने के लिये ब्रिटिश सरकार ने दमन का मार्ग चुना। अब बार-बार उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया जाता। कड़ाके की सर्द रातों में में फर्श पर सुलाया जाता। बादशाह खान जिस भी जेल में कैदी बन कर जाते यहाँ उनके नाप के कपडे मिलना मुश्किल हो जाता। अक्सर उन्हीं तंग कपड़ों में उन्होंने लंबी लंबी सजाएं काटी। स्वतंत्रता के आन्दोलन में बादशाह खान एक ऐसे स्वतंत्रता सेनानी रहे जिन्होंने जिनके जीवन का बेश्तर हिस्सा कैद में गुजारा। जलसे या मोर्चे में बादशाह खान के होने मात्र से सरकारें खौफ खाया करती थीं । ब्रिटिश हुकूमत लगातार उनकी मूमेंट पर नजर बनाये रखती। इसी लिये उन्हें अंग्रेज सरकार ने पूरे15 वर्षों तक जेल में बंदी बनाये रखा। स्वतन्त्रता के बाद भी उन्हें राहत नहीं मिली विभाजन के बाद पाकिस्तान सरकार को इस गांधीवादी नेता का स्वतंत्र रहना रास ना आया। यहाँ की सरकाजरों ने भी उन्हें 15 वर्षों तक जेलम, में सख्त यात्नायें सहनी पड़ीं, उनके साथियों को भी खूब प्रताड़ित किया गया। इसके बावजूद बादशाह खान और उनके साथियों ने कभी हिंसा का मार्ग को नहीं अपनाया।

कुछ वर्षों बाद बादशाह खान की संस्था खुदाई खिदमतगार और काँग्रेस का विलय हुआ।यहाँ भी अपने सेवा भाव अहिंसा के चलते खुदाई खिदमतगारो ने अपनी एक अलग पहचान बनाई थी। कांग्रेस से जुड़ने के बाद भी वे एक सिपाही की तरह ही रहे। 1934 के वर्धा अधिवेशन में खान अब्दुल गफ्फार खान को कांग्रेस की अध्यक्षता का प्रस्ताव भी दिया दिया गया। लेकिन बादशाह खान ने बड़ी विनम्रता से यह कह कर प्रस्ताव अस्वीकार कर दिया कि ₹मैं एक सिपाही हूं और सिपाही ही बने रहना चाहता हूं।ह्न

एक बार गांधी जी से बात करते हुए अहिंसा के विषय पर चर्चा होने लगी। बादशाह खान ने गांधी जी से पूछा ₹हम पठानों को अहिंसा का सबक सीखे कुछ ही वर्ष हुए हैं। जबकि आप कई वर्षों से यहां के लोगों को अहिंसा को अपनाने की सीख देते रहे हैं। इसके बावजूद 'भारत छोड़ो आंदोलन' के दौरान इलाके में कई स्थानों पर हिंसक घटनाएं हुईं । वहीं, इसकी तुलना में सरहद के पठान अंग्रेजों के जुल्म सहते रहे लेकिन उन्होंने किसी भी सूरत में हथियार नहीं उठाए जबकि बड़ी आसानी से उन्हें भी हथियार उप्लब्ध थे।' सवाल सुनकर गांधी मन ही मन मुस्कुराए और कहा, ₹बादशाह खान''! अहिंसा के मार्ग पर चलना बहादुरों का काम है, बुजदिलों का नहीं, पठान औरों से अधिक बहादुर कौम है, यह इस बात का सबूत है।'



महात्मा गांधी की तरह बादशाह खान नहीं चाहते थे कि धर्म के नाम पर देश को बाटा जाये। वे अंत तक लगातार कोशिश करते रहे कि भारत अखंड और एक बना रहे। लेकिन आखिर कांग्रेस और मुस्लिम लीग ने विभाजन के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। धर्म के नाम पर देश के विभाजन से गांधी जितने आहत हुए सरहदी गांधी भी उतने ही विचलित और दुखी थे। बुझे मन से वे अक्सर कहा करते ₹भारत विभाजन का निर्णय लेते समय हम पठानों के बारे में किसी ने विचार नहीं किया। हमें खुदा के रहमों करम पर छोड़ दिया गया।

बादशाह खान चाहते तो विभाजन के बाद वे भारत में शान से रह सकते थे लेकिन उन्हें अपने पठान भाइयों की फिक्र थी। पाकिस्तान बनने के बाद भी खान अब्दुल गफ्फार खान ने अपना संघर्ष जारी रखा। वे पश्तून पठानों के अधिकारों के लिए लगातार वहाँ की सरकारो से जूझते रहे। यहां तक कि पाकिस्तान सरकार ने उन्हें भारत का एजेंट तक करार दे दिया। उन्हें वर्षों तक जेल में यातनाएं दी जाती रही। 30 वर्षों तक जेल में रहने से उनकी सेहत अब जवाब देने लगी थी।

बादशाह खान ने एक लंबी उम्र पायी। जब तक सक्रिय रहे देश और समाज के लिये कार्य करते रहे। 1987 को भारत सरकार ने उन्हें भारत रत्न पुस्कार से स्मानित किया । इसके एक वर्ष बाद ही 20 जनवरी 1988 को बादशाह खान ने 98 वर्ष की आयु में एक संघर्ष पूर्ण जी कर इस दुनिया से विदा ली। सरहदी गाँधी जैसे महान व्यक्तित्व से अवगत होना यानी साझा संस्कृति और इतिहास को याद रखना है। हिन्दू मुस्लिम एकता और देश की अखंडता के लिये मर मिटने वाले सरहदी गाँधी का जीवन हमारे भीतर एक विश्वास पैदा करता है। हम गर्व के साथ कह सकते हैं कि बादशाह खान गंगा-जमुनी तहजीब के एक रोशन सितारे की तरह थे। बादशाह खान की इंसान दोस्ती और प्रेम को सरहद के दोनों तरफ याद रखा जाएगा।

**( लेखक जनवादी लेखक संघ, महाराष्ट्र से जुड़े है, संपर्क 9867210054)**

---

# भूकम्प से आखिर कैसे करें बचाव

**प्रसंगवश**



**प्रभात किशोर**

भूकम्प यानी धरती डोलने के नाममात्र से मानव मस्तिष्क में कंपकंपी छा जाती है । इसमें उन्हें संभलने का मौका नहीं मिलता और पलक झपकते सब कुछ प्रकृति की भेंट चढ़ जाती है । हालांकि यह निर्विवाद सत्य है कि कुछेक अपवादों को छोड़कर भूकंप से लोगों की मौत नहीं होती । मौत होती है असुरक्षित निर्माण की वजह से ।

भूकम्प के लिए पृथ्वी की भौगोलिक संरचना, विविधताएं एवं आंतरिक हलचल जिम्मेवार है । पूरी धरती 12 बड़े टैक्टोनिक प्लेटों पर स्थित है । ये हैं - भारतीय प्लेट, यूरेशियाई प्लेट, भारतीय- ऑस्ट्रेलियाई प्लेट, फिलीपिंस प्लेट, अंटाकर्टिक प्लेट, अफ्रिकी प्लेट, अरेबियन प्लेट, दक्षिण अमेरिकी प्लेट, उत्तरी अमेरिकी प्लेट, कैरेबियन प्लेट और पेसिफिक प्लेट । ये प्लेटें अपने नीचे स्थित तरल पदार्थ लावा पर तैर रही हैं । ये प्लेटें धीरे-धीरे घुमती रहती हैं और हर साल अपने स्थान से लगभग 4-5 से0मी0 खिसक जाती हैं । कभी कोई प्लेट किसी प्लेट के निकट आती है तो कोई प्लेट किसी से दूर चली जाती है । कभी-कभी ये आपस में टकरा जाती हैं । जहां एक प्लेट दूसरी प्लेट की बाउन्डरी से टकराती हैं तो फॉल्ट उत्पन्न होते हैं जिससे धरती के नीचे की ऊर्जा बाहर निकलती है और भूकम्प आता है ।

भारतीय प्लेट हिमालय पर्वत से लेकर अंटाकर्टिक तक फैली हुई है । यह पाकिस्तान सीमा को छुती भर है । यह हिमालय के दक्षिण में है जबकि यूरेशियाई प्लेट (जिनमें चीन आदि देश आते हैं) हिमालय के उत्तर में हैं । भारतीय प्लेट उत्तर-पूर्व दिशा में हरेक साल 4.7 सेमी की गति से ऊपर की ओर बढ़ रही है जबकि यूरेशियन प्लेट उतर की तरफ 2 सेमी की गतिसे बढ़ रही है । ऐसे में यहां दोनों प्लेटों की टक्कर से भूकंप आने की संभावना बनी रहती है ।

भूकंप का केन्द्र वह स्थान होता है जिसके ठीक नीचे प्लेटों में हलचल से भूगर्भीय ऊर्जा निकलती हैं । इस स्थान पर भूकंप का कंपन ज्यादा होता है और झटका तेज । कंपन का दायरा जैसे-जैसे दूर होता जाता है उसका प्रभाव भी घटते जाता है । भूकंप की तीव्रता इस बात पर निर्भर करती है कि भूकंपकीय आवृति ऊपर की तरफ है या दायरे में । कंपन की आवृति ऊपर की तरफ होने की स्थिति में कम क्षेत्र प्रभावित होते हैं ।

भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर मापी जाती है । भूकंप के दौरान धरती के अंदर से जो ऊर्जा निकलती है उसकी तीव्रता को इससे मापा जाता है । रिक्टर पैमाने पर 5 से कम तीव्रता वाले भूकंपों को हल्का माना जाता है । हालांकि यह क्षेत्र की संरचना पर भी निर्भर करता है । यदि भूकंप का केन्द्र नदी का तट हो और वहां बिना भूकंपरोधी तकनीक के ऊँची इमारतें खड़ी हों, तो 5 की तीव्रता वाला भूकंप भी खतरनाक हो सकता है । 2 या इससे कम तीव्रता वाले भूकंपों को रिकॉर्ड करना मुश्किल है । इन्हें महसूस नहीं किया जाता । 5-5.9 की तीव्रता वाले भूकम्प को मध्यम तथा 6 से अधिक की तीव्रता वाले भूकंपों को घातक माना जाता है ।

तीव्रता के आधार पर ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टेन्डर्डस द्वारा (आई0 एस0 कोड 1893-2002) भारतवर्ष में भूकंप के पांच जोन बनाये गये हैं, जिनमें से अध्ययनों के आधार पर वर्तमान में चार मान्य हैं क्योंकि जोन-1 का जोन-2 में विलय कर दिया गया है । सिस्मिक जोन-5 को सबसे अधिक सक्रिय यानी खतरनाक तथा जोन-2 को सबसे कम सक्रिय यानी सुरक्षित माना गया है । जोन-2 में 4 मैग्नीट्यूड से कम, जोन-3 में 5, जोन-4 में 7 तथा जोन-5 में 8 मैगनीट्यूड से अधिक तीव्रता होती है । जोन-5 में पूरा उतरी-पूर्वी राज्य, जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, हिमाचल, उत्तराखंड, कच्छ का रण, बिहार के कुछ हिस्से, एवं अंडमान-निकोबार, जोन-4 में जम्मू-कश्मीर के कुछ हिस्से, लदाख, हिमाचल, दिल्ली, उत्तरी पंजाब, उतरी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश, बिहार, पश्चिम बंगाल, गुजरात व महाराष्ट्र के कुछ हिस्से, एवं पश्चिम राजस्थान, जोन-3 में केरल, लक्षद्वीप, उत्तर प्रदेश के कुछ हिस्से, गुजरात, बंगाल के कुछ हिस्से, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तमिलनाडु, कर्णाटक, तथा जोन-2 में देश के शेष हिस्से और दक्षिण भारत का बड़ा भू-भाग आता है ।

सम्पूर्ण हिमालयी रेंज भूकंप की अति तीव्रता वाले दायरे में आते हैं । सन् 1897 में शिलौंग (8.7 रिक्टर स्केल), 1905 में कांगड़ा (8.0 रिक्टर स्केल), 1934 में बिहार-नेपाल (8.3 रिक्टर स्केल), व 1950 में असम-तिब्बत (8.6 रिक्टर स्केल) में बड़े भूकंप के झटके आये थे ।

भूकंप के प्रकोप से बचने हेतु आपदा प्रबंधन की व्यवस्था एवं तैयारी पुख्ता होनी चाहिए । यह अनुभव सिद्ध है कि असुरक्षित एवं कमजोर संरचनाओं के कारण अधिकांश जान-माल की क्षति होती है । इसलिए सम्पूर्ण देश, विशेषकर मैदानी-पहाड़ी क्षेत्रों में भूकंपरोधी तकनीक पर भवन निर्माण हेतु कानून बनाने और कड़ाई से लागू करने की सख्त जरूरत है । नये मकानों को भूकंपरोधी बनाने में लगभग 6-7 प्रतिशत अधिक व्यय होती है वहीं पुराने मकानों को भूकंपरोधी बनाने में लगभग 12-15 प्रतिशत अतिरिक्त लागत आती है ।

अधिकांश राज्य सरकारों के आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा इस दिशा में जनमानस में जागृति लाने का प्रयास भी किया गया है । आई एस कोड प्रत्येक क्षेत्र के लिए एक जोन फैक्टर निर्दिष्ट करता है, जिसका उपयोग इंजीनियरों के द्वारा संरचनाओं के भूकंपरोधी डिजायन के लिए किया जाता है । भूकंप से बचाव हेतु ईंट जोड़ाई वाले भवन निर्माण में कुछ बुनियादी प्रावधानों का ध्यान रखना चाहिए ।

एक ईंट मोटी जोड़ाई वाले दीवार पर आधारित भवन तीन मंजिल तक हीं हों । क्षैतिज आर0सी0सी0 बैंड एक महत्वपूर्ण भूकम्परोधी विशेषता है, जो बक्से के चारों ओर बंधी एक बेल्ट की भांति भवन की सभी दीवारों को एक इकाई के रूप में जोडने का कार्य करती है । लिंटल स्तर पर बैंड एवं कुर्सी स्तर पर बैंड हरेक भवन में आवश्यक है । गेबल बैंड एक या दो तरफ ढलान वाले भवनों में जरूरी है । सपाट आर0सी0 छत वाली भवन में रूफ बैंड आवश्यक नहीं है, क्योंकि रूफ स्लैब स्वयं हीं बैंड की निभाती है । भारतीय मानक आई एस 4326-1993 एवं आई एस 13828-1993 बैंड के आकार एवं विवरण उपलब्ध हैं।

भूकंप जोन-5 में खिड़कियों के सिल्ल पर भी बैंड बनाने चाहिए तथा 600 मिमी से बड़े दरवाजों एवं खिड़कियों में दोनों तरफ कंक्रीट में खड़े स्टील छड़ आवश्यक हैं । यह भूकंप के दौरान दीवार में दरार बनने से रोकती है ।

भूकंप जोन-3 को छोड़कर सभी क्षेत्रों में बनने वाले भवनों में सभी कमरों के कोनों पर कंक्रीट के अंदर टॉर स्टील के छड़ खड़ी करनी चाहिए । कंक्रीट डालने के लिए ईंट जोड़ाई में खाली पॉकेट बनाना चाहिए । ये खड़े छड़ नींव से प्रारम्भ होकर, सभी आर0सी0सी0 बैंड होकर, अंतिम छत की ढलान के अंदर 300 मिलीमीटर मुड़ जानी चाहिए । पूरी ऊँचाई तक जाने में यदि छड़ों को जोड़ना हो तो छड़ की व्यास के 50 गुणा लम्बाई तक छड़ एक-दूसरे पर चढ़ाकर तार से बांधना चाहिए । एक मीटर से बड़े द्वारों के दोनों तरफ भी, कंक्रीट में खड़े स्टील छड़ आवश्यक हैं।

दरवाजे एवं खिड़कियों की चैड़ाई का योग दीवार की कुल लम्बाई के निश्चित अनुपात में होना चाहिए । एक मंजिले भवन में यह दीवार की लम्बाई के 50 प्रतिशत से कम, दो मंजिले भवन में दीवार की लम्बाई के 42 प्रतिशत से कम तथा तीन मंजिले भवन में दीवार की लम्बाई के 33 प्रतिशत से कम होना चाहिए ।

दरवाजे एवं खिड़कियों के बीच की दीवार की चौड़ाई कम-से-कम दो ईंट की लम्बाई के बरावर रखनी चाहिए । दीवार के कोने से दरवाजा या खिड़की की दूरी कम-से-कम एक ईंट की लम्बाई के बरावर रखना चाहिए। खिड़की एवं वेन्टीलेटर के बीच दीवार की उँचाई कम-से-कम 450 मिलीमीटर रखना चाहिए।

भूकंप एक प्राकृतिक घटना है, फलतः इसे रोका नहीं जा सकता है । परन्तु घरों एवं अन्य ढांचागत संरचनाओं के निर्माण में भूकंपरोधी तकनीकों के प्रयोग से जान माल की क्षति न्यूनतम स्तर पर अवश्य लायी जा सकती है ।

**(लेखक अभियंता एवं स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं)**

---

# कल प्रेम का त्योहार वेलेंटाइन डे

**विशेष**



**ओमप्रकाश सुमन**

वैलेंटाइन डे कल 14 फरवरी मंगलवार को मनाया जाएगा। विश्व के कई देशों में मनाया जाने वाला त्यौहार अपना अलग महत्व रखता है। वैसे यह क्रिश्चियन या क्रिश्चियन संस्कति पर आधारित पर्व है।? 7 फरवरी से 14 फरवरी तक मनाया जाने वाला यह सप्ताह पर्व विश्व के अलग-अलग देशों में अपने ढंग से ही मनाया जाता है।

यह बहुत प्राचीन समय से मनाया जाने वाला पर्व है। कुछ जानकारों के अनुसार यह वर्ष 496 ईसवी में पहला वैलेंटाइन डे मनाया गया था । इसकी शुरूआत रोमन फेस्टिवल से हुई थी पांचवी शताब्दी के अंत में पोप गैलेसियस ने 14 फरवरी को सेंट वेलेंटाइन डे घोषित कर दिया था। तभी से यह त्यौहार मनाया जाने लगा था। प्रेम का प्रतीक प्रेम पर आधारित यह पर्व रोम के पादरी संत वैलेंटाइन को समर्पित है। उन्हीं की याद में ही मनाया जाता है। कहा जाता है की रोम के सम्राट क्लाउडियस द्वितीय ने युवा सैनिकों की शादी पर रोक लगाई थी। उसका विचार था की सैनिक शादी और विवाह हो जाने पर अपना ध्यान परिवार पर लगाएंगे और उनका ध्यान भंग होगा। वह अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन नहीं कर पाएंगे, यह राजा का मानना था । पर संत वैलेंटाइन ने राजा के इस आदेश का विरोध किया। उनका कहना था कि प्रेम एक स्वाभाविक भावना है, इसे रोका नहीं जा सकता है। सेंट वैलेंटाइन का यह भी मानना था की शादी विवाह न करने से समाज का ढांचा चरमरा जाएगा। इसके लिए संत वैलेंटाइन ने कुछ सैन्य अधिकारियों एवं सैनिकों की शादी करवा दी। इससे सम्राट क्लाउडियस बहुत क्रोधित हो गया। उसने संत वैलेंटाइन को गिरफ्तार करवा कर 14 फरवरी को फांसी पर लटका दिया। इससे रोम सहित पूरे यूरोप में शोक की लहर व्याप्त हो गयी। तब से ही सेंट वैलेंटाइन की याद में यह महापर्व वैलेंटाइन डे के रूप में मनाया जाने लगा और धीरे-धीरे दुनिया के अलग-अलग देशों में भी इस पर्व का प्रचलन हो गया । इस संबंध में रोम में लुपर्केलिया नामक त्योहार फरवरी के मध्य में मनाया जाता है। इस दिन वहाँ सामूहिक विवाह भी संपन्न होते हैं।

वैलेंटाइन डे पर दंपति जोड़ें एक दूसरे को गुलाब /कार्ड देकर अपनी प्रेम की दृढ़ भावना का समर्पण करते हैं।

क्रिसमस पर्व के बाद सबसे अधिक कार्ड या गुलाब भेजे/ दिये जाने वाला यह दूसरा पर्व है। सप्ताह भर चलने वाले इस वैलेंटाइन डे में सात दिनों तक इस प्रकार से कार्यक्रम चलते हैं। 7 फरवरी को रोज डे- मनाया जाता है। इस दिन गुलाब देकर प्रेम का प्रदर्शन किया जाता है। लाल गुलाब प्रेम का प्रतीक माना जाता है। जोड़े दंपति ऐसे ही एक दूसरे को भेंट करते हैं। दूसरे दिन 8 फरवरी को प्रपोज डे मनाया जाता है। अगर आप किसी से शादी करना चाहते हैं तो 8 फरवरी का दिन खास होता है। इस अवसर पर केक बुके आदि भी भेंट किए जाते हैं। तीसरा दिन 9 फरवरी को चॉकलेट डे के रूप? में ?मनाया जाता है। एक दूसरे को चॉकलेट भेंट करते हैं। वेलेंटाइन वीक पर्व का और अधिक महत्वपूर्ण दिन 10 फरवरी को टेडी डे के नाम से मनाया जाता है। कहा जाता है यह पर्व बचपन की यादों को तरोताजा करने वाला दिन है। ज्यादातर लड़के अपनी प्रेमिका को टेडी भेंट करते हैं। यह लड़कियों को काफी पसंद होता है । अमेरिका के राष्ट्रपति रूजवेल्ट का निक नाम टेडी था और उन्होंने एक बीयर( भालू) का शिकार न कर जान बचाई थी । बीयर के रूप में सुंदर कपड़े का एक भालू बनाया जाता है और अपनी दुकान पर टेडी बीयर के नाम से रखा जाता है। यह टेडी बेयर दंपति या जोड़े एक दूसरे को भेंट करते हैं । यह बच्चों के लिए सुंदर खिलौना भी है। इस सप्ताह का पांचवा दिन 12 फरवरी को प्रॉमिस डे- के रूप में मनाया जाता है। इस दिन प्रत्येक साथी हमेशा साथ निभाने का वादा करते हैं और दिन को और अधिकार उत्साह से मनाते हैं। छठे दिन 12 फरवरी को हगिंग डे मना मनाते हैं। हग का अर्थ है एक दूसरे को गले लगना अर्थात एक दूसरे को गले लगाने के बाद यह बहुत खास दिन हो जाता है और विशेष मायने रखता है। इस दिन जोड़े एक दूसरे को गले लगाकर ही अपने अटूट प्रेम का प्रदर्शन करते हैं। सातवें दिन अर्थात 13 फरवरी को किस डे के रूप में मनाया जाता है। इस दिन जोड़े अपने रिश्ते को और भी मजबूत बनाने के लिए एक दूसरे को किस देकर अपनी भावनाओं को प्रकट करते हैं। 14 फरवरी को वैलेंटाइन डे मनाया जाता है। यह सप्ताह का आखिरी दिन भी होता है। इस दिन साथ-साथ में क्वालिटी टाइम बिता कर अपने रिश्ते में खूबसूरत यादें तैयार की जाती हैं और विशेष रूप से वैलेंटाइन डे सेलिब्रेट किया जाता है ।

वैलेंटाइन डे बहुत से देशों में मनाया जाता है पर विश्व में मुख्य रूप से अमेरिका, ब्रिटेन, कनाडा ,अर्जेंटीना, फ्रांस ,मैक्सिको, दक्षिण कोरिया, डेनमार्क ,नार्वे ,पुर्तगाल स्वीडन आदि में मनाया जाता है। इस पर्व को मनाने के रूप व तिथियां भी अलग-अलग होती हैं । स्पेन में सैंट वेलेंटाइन नाम से ही मनाया जाता है। पुर्तगाल ने आम तौर पर डिया डॉस नामोराडॅस ( पुरुष, महिला मित्र दिवस) के रूप में जाना जाता है। डेनमार्क और नार्वे में वैलेंतिन्स दाग के नाम से जाना जाता है। स्वीडन में अलजार तांस दाग ( पूर्ण दिल दिवस) कहा जाता है। फिनलैंड में वैलेंटाइन दिवस को मित्र दिवस कहा जाता है अर्थात यह सारे मित्रों को याद रखने का दिन है। तुर्की में वैलेंटाइन दिवस को सवजिलिलर गुनु अर्थात प्रेयसी दिवस कहा जाता है ।

**( लेखक स्मृति महाविद्यालय भीरा लखीमपुर खीरी में प्रवक्ता रहे हैं)**

# सामूहिक विवाह समारोह में 1041 जोड़ों ने लिए सात फेरे

**विवाह**

**गंगा नदी के किनारे श्रम विभाग ने आयोजित किया मंडल स्तरीय सामूहिक विवाह समारोह**

**सोनभद्र, मिर्जापुर, भदोही के जुटे बाराती**

जनसंदेश न्यूज

**मीरजापुर।** गंगा नदी के किनारे गडौली धाम में भव्य समारोह के साथ 1041 वर वधू दाम्पतय सूत्र में बंधे। सामूहिक विवाह समारोह में 1008 का लक्ष्य रखा गया था। कार्यक्रम में विंध्याचल मंडल के सोनभद्र, मिजार्पुर और भदोही जनपद के वर वधु अपने परिजनों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का आयोजन श्रम विभाग और ओएस बालकुंदन फाउंडेशन के द्वारा किया गया था। गडौली धाम 12 फरवरी को 1041 कन्याओं का सामूहिक विवाह संपन्न हुआ।

परिजनों के साथ ही मौके पर मौजूद जन प्रतिनिधियों एवं जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, एसपी संतोष मिश्र एवं मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस ने नव दम्पतियों को आशीर्वाद दिया। बाबा बालेश्वर महादेव के प्रथम वार्षिकोत्सव पर वैदिक मंत्रोच्चार के बीच 131 ब्राहमणों ने विवाह संपन्न कराया।

अग्नि को साक्षी मानकर 1041 जोड़े एक दूजे के हुए। महोत्सव का आरम्भ 8 फरवरी से किया गया था। 10 फरवरी तक खेलकूद एवं होगा। 11 को महारुद्राभिषेक के बाद अखंड रामायण पाठ तथा विधि विधान से रविवार को कन्यादान किया गया। फाउंडेशन के संस्थापक एवं प्रदेश भाजपा के सह प्रभारी सुनील ओझा ने कार्यक्रम की सफलता के लिए किये गए सभी के प्रयास को सराहा।

श्रम विभाग की ओर से वर वधु को उपहार प्रदान किया गया।





मण्डप में विवाह में बैठक दूल्हा व दुल्हन, मंच पर आसीन डीएम व एसपी और मण्डल के प्रतिनिधिगण

### कन्यादान महायज्ञ में नवविवाहित जोड़ों का लगा कुंभ

**कछवां।** क्षेत्र के गड़ौली गांव में बन रहे गड़ौली धाम में रविवार को आयोजित 1008 कन्यादान महायज्ञ में वर वधू के जोड़ों का कुंभ देखने को मिला। वही बालकुंदन फाउंडेशन के वार्षिक महोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित सात दिवसीय कार्यक्रम के तहत रविवार को सामूहिक विवाह के उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। जहां 1041 वर वधूओं के जोड़े एक दूजे के हुए। और सभी के चेहरे पर मुस्कान छाई रही।

### मुस्लिम जोड़ों का भी मौलवी ने कराया निकाह

सामूहिक विवाह समारोह में हिन्दू समेत मुस्लिम जोड़े भी रहे। जिनका निकाह भी मौलवियों द्वारा संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्किंग चकाचक भरा रहा। कुछ दूर तक लंबा जाम लगा रहा। वही विवाह में आने वाले जोड़े जाम भी फंसे हुए दिखाई दिए तो समय अभाव के कारण अपने परिजनों के साथ खेत खलिहानों से गुजरते हुए कार्यक्रम स्थल तक पहुंचें।

### 131 ब्राह्मणों द्वारा कराया गया विवाह

गड़ौली धाम में आयोजित कार्यक्रम में मिजार्पुर, सोनभद्र व भदोही का जिले वार काउंटर बना रहा। जहां वर वधुओं और परिजनों के पंजीकरण का बखूबी से जांच कर मंडप में भेजा गया। जिसमें पहले से ही पंजीकरण कराकर आए वर और वधूओं को कतारबद्ध बैठाकर 131 राजपुरोहित विद्वान ब्राह्मणों द्वारा मंत्रोच्चार के माध्यम से विधि विधान से विधिवत विवाह का रस्म अदायगी को पूरा किया गया।

### नवविवाहित जोड़ों ने लिया बाबा बालेश्वर नाथ का आशीर्वाद

वही मंच पर आसीन बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक व भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश सह प्रभारी सुनील ओझा के साथ जिलाधिकारी दिव्या मित्तल, पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा, भदोही लोकसभा सांसद रमेश बिंद, विधायक मझवां विनोद बिंद, विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा, विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल समेत जिले के आलाधिकारियों ने बधाई एवं आशीर्वाद दिया। जिसके पश्चात नवविवाहित जोड़ों ने परिसर में बने बाबा बालेश्वर नाथ का दर्शन-पूजन कर सुखी जीवन की मनोकामना किया। फिर नवविवाहित जोड़ों को उपहार स्वरूप साड़ी, अंगवस्त्र एवं कंबल प्रदान किया गया। जिसके पश्चात कन्यादान महायज्ञ में आए जोड़ों तथा साथ में मौजूद अभिभावकों को भोजन की भी व्यवस्था किया गया।

### गड़ौली धाम में जुटी भारी भीड़

गड़ौली धाम में भारी भीड़ जुटी रही। जिसमें नवविवाहित और उनके परिजनों के अलावा प्रशासनिक अधिकारी, विधायक, सांसद, राजनैतिक दल के लोग तथा पुलिस बल के जवानों के अलावा सरकारी कर्मचारी रहे। इस दौरान कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने वाले लोगों के गाड़ियों का ताता लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित कम्हरिया गांव के सामने से ही लगा रहा।

### सामूहिक विवाह में तीन जिलों के जोड़े रहे शामिल

गडौली धाम में रविवार सम्पन्न हुए 1041 सामुहिक विवाह में मीरजापुर के 741, सोनभद्र के 229 एवं भदोही के 71 जोड़े शामिल हुए। हिंदू जोड़ों का हिंदू रीति से हुआ विवाह जबकि मुस्लिम जोड़ों का हुआ मुस्लिम रीति से निकाह कराया गया। गड़ौली धाम में हुए सामुहिक विवाह में हिंदू जोड़ों का हिंदू रीति से मंत्रोच्चार के बीच विवाह सम्पन्न हुआ जबकि 10 मुस्लिम जोड़ों ने मौलवी की उपस्थिति निकाह नामा कबुल किया।

### नवविवाहितों को दिया गया प्रमाण पत्र

सामुहिक विवाह के पश्चात नव विवाहित जोड़ों को मंचासिन अतिथियों ने आशीर्वाद प्रदान किया एवं प्रमाणपत्र दिया। इसके पश्चात सभी नवविवाहित जोड़ों ने बालेश्वर महादेव का दर्शन किया। आशीर्वाद व प्रमाणपत्र देने वालों में ओएस बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा, विधायक गण रत्नाकर मिश्र, दीनानाथ भास्कर, रमाशंकर पटेल, बृजेश सिंह आदि प्रमुख रहे।

### श्रम विभाग नव विवाहित जोड़ों के खाते में भेजेगा निश्चित धनराशि

ओएस बालकुंदन फाउंडेशन एवं श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सम्पन्न हुए सामुहिक विवाह के उपरांत वर वधू को उपहार स्वरूप गृहस्थ जीवन से संबंधित पैकेट दिए गये एवं श्रम विभाग की योजनानुसार एक निश्चित धनराशि वर वधू के बैंक खाते में भेजी जाएगी।

### लक्ष्मण आचार्य पहुंचे गड़ौली धाम

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष, एमएलसी एवं सिक्किम के नव नियुक्त राज्यपाल लक्ष्मण आचार्य आज अपराह्न गडौली धाम पहुंचे जहां उपस्थित लोगों ने गर्मजोशी के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर लक्ष्मण आचार्य ने सर्वप्रथम बालेश्वर महादेव का दर्शन किया तत्पश्चात नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद प्रदान किया एवं भव्य एवं सफल आयोजन के लिए ओएस बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा को बधाई दी।

### नवविवाहित जोड़ों को सुनील ओझा ने किया संबोधित

नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए ओएस बालकुंदन फाउंडेशन के संस्थापक सुनील ओझा ने कहा कि कन्यादान से बड़ा कोई दान नहीं है। गौ, गंगा और गौरीशंकर के आशीर्वाद से इतना बड़ा कन्यादान महायज्ञ हो रहा है जो साधारण बात नहीं है। कहा कि मां गंगा के पवित्र तट पर बसे गडौली धाम में गौरीशंकर को साक्षी मानकर 1041 जोड़ों ने सात फेरे लेकर नये जीवन की शुरूआत की हैं। मां विंध्यवासिनी और मां गंगा के आशीर्वाद से काशी क्षेत्र में हो रहा यह सामुहिक विवाह समाज को जोड़ने का संदेश देता है गौ, गंगा और गौरीशंकर इन्हें सुखमय जीवन का आशीर्वाद दे। यही हम सबकी मंगल कामना है। श्री ओझा ने कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर का विशेष आभार प्रकट करते हुए कहा कि श्री राजभर के अधिन श्रम विभाग ने जो सहयोग किया है उसकी जितनी भी प्रशंसा की जाए वो कम है।

# शिक्षामित्रों का लखनऊ पहुंचने का किया गया आह्वान

**राजगढ़।** विकासखंड राजगढ़ के प्राथमिक विद्यालयों पर तैनात शिक्षामित्र संगठन की ओर से रविवार को दोपहर 11 बजे एक आवश्यक बैठक का आह्वान किया गया। शिक्षामित्रों के प्रत्येक संघ की तरफ से एकजुट होकर आगामी 20 फरवरी को लखनऊ स्थित रमाबाई पार्क में सम्मान समारोह का आयोजन किया जाना सुनिश्चित किया गया है। इस सम्मान समारोह में बतौर मुख्य अतिथि बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह को आमंत्रित किया गया है। आगामी 20 फरवरी को लगभग 500000 से अधिक शिक्षामित्रों के लखनऊ में पहुंचने का अनुमान लगाया जा रहा है। प्रत्येक जिले से पुरुष एवं महिला शिक्षामित्र एवं उनके परिवार के सदस्य अपने निजी साधनों बसों से रवाना होंगे। 20 फरवरी के कार्यक्रम हेतु सभी संगठन एकजुटता दिखाते हुए प्रत्येक शिक्षामित्र को लखनऊ चलने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उक्त कार्यक्रम हेतु प्राचीन हनुमान मंदिर ददरा हिनौता पर एक बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता दिलीप सिंह ब्लॉक अध्यक्ष ने किया। सभा को संगठन के पदाधिकारियों ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें लखनऊ के रमाबाई पार्क को शिक्षा मित्रों एवं उनके परिवार के सदस्यों से भर देना है। शिक्षा मंत्री को अपनी एकजुटता का एहसास कराना है। शिक्षामित्रों ने अपनी मांगों को पूरा करने के लिए तय तिथि को कार्यक्रम रखा है। सभा का संचालन संतोष कुमार पाठक ने किया। इस बैठक में रामवृक्ष कश्यप, राजकुमार सिंह, अकरम आजाद, संदीप सिंह, रमेश सोनी, रीता सिंह, रेखा सिंह, राज नारायण यादव, दरोगा भारती, विजय कुमार यादव, लवकुश सिंह, आदि दर्जनों पुरुष व महिला शिक्षामित्र बैठक में उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते शिक्षामित्र

### 20 फरवरी को लखनऊ जायेंगे शिक्षामित्र

**जमालपुर।** रविवार को प्राथमिक विद्यालय सिकंदरपुर के परिसर में शिक्षा मित्रों द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें 20 फरवरी को लखनऊ में आयोजित शैक्षिक उन्नयन गोष्ठी में प्रतिभाग हेतु चर्चा किया गया। बैठक में उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षा मित्र संघ के जिला अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि शिक्षामित्र 20 वर्षों से बेसिक शिक्षा में अल्प मानदेय में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है और जब से नियुक्ति हुई तब से आज तक बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिया। लेकिन दुख का विषय है कि शिक्षामित्र अपने जीवन का महत्वपूर्ण समय बेसिक शिक्षा में देने के बावजूद आज अपने भविष्य के लिए संघर्ष कर रहा है। शिक्षामित्र राम किशुन शास्त्री ने न्याय पंचायत स्तर पर शिक्षामित्र साथियों से अपील किया कि अधिक से अधिक लोग लखनऊ पहुंचकर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ एवं बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह के विचारों को सुनें। संगठन के द्वारा अपनी समस्याओं को ज्ञापन के रूप में देने के लिए कहा। बैठक में ब्लाक अध्यक्ष जितेन्द्र त्रिपाठी, संदीप मिश्रा, आनंद कुमार आजाद, श्याम बिहारी, कमलेश सिंह, अविनाश सिंह, अमरेन्द्र, बेनी प्रसाद सहित तमाम वक्ताओं ने बताया कि जो लोग सहायक अध्यापक (टीईटी) की योग्यता रखते हैं सरकार उन्हें अध्यापक बनाए तथा नान टेट शिक्षा मित्रों को नईं शिक्षा नीति के तहत प्री प्राइमरी में नियुक्त करने को लेकर विज्ञप्ति दी जाएगी।

# 30 लीटर अवैध शराब के साथ तीन गिरफ्तार

**मीरजापुर।** पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा के निर्देशन में जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0श्रीराम सिंह थाना लालगंज मय पुलिस बल द्वारा थाना लालगंज क्षेत्र से तीन आरोपियों बृजलाल कोल पुत्र स्व0 मेढू कोल निवासी मेउडी थाना लालगंज मीरजापुर, वकील पुत्र स्व0ढेलू निवासी पगार थाना लालगंज मीरजापुर व गलंदी कोल पुत्र लालचंद कोल निवासी पतार कला थाना लालगंज मीरजापुर को प्रत्येक को 10-10 लीटर (कुल-30लीटर) अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना लालगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

### 10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार

**मीरजापुर।** जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान तथा अवैध शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी व बिक्री में संलिप्त आरोपियों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त थाना प्रभारी निरीक्षक व थानाध्यक्षगण को निर्देश दिये गये है। उक्त निर्देश के अनुक्रम में रविवार को उ0नि0 उदय नारायण सिंह व म0आ0 विजेता शाहू थाना ड्रमण्डगंज मय पुलिस बल द्वारा थाना ड्रमण्डगंज क्षेत्र से अभियुक्ता अंजनी देवी पत्नी जय प्रकाश कहार निवासी बंजारी कला थाना ड्रमण्डगंज मीरजापुर को 10 लीटर अवैध कच्ची देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना ड्रमण्डगंज पर धारा 60 आबकारी अधिनियम पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गई।

## संक्षेप

### विशेष टीकाकरण अभियान आज से शुरू

**22256 बच्चे किए जाएंगे आच्छादित**

**मीरजापुर।** जनपद में 13 फरवरी से 24 फरवरी तक बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर अनिल ओझा ने दी। उन्होंने बताया कि टीबी, गलाघोटू, कालीखांसी, निमोनिया, हेपटाइटिसणबी, खसरा, रूबेला, दिमागी बुखार और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव टीकाकरण से संभव है। सोमवार से 16 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों 53 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 326 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। इस दौरान 22256 को टीका से आच्दादित करने का लक्ष्य निर्धारित है। इसके पहले वर्ष 2020 2021 में 65789 बच्चों व 2019 2020 में 53789 बच्चों को विभाग ने टीका से आच्छादित किया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर राजेन्द्र प्रसाद ने निर्देश दिया है कि एक सिरिंज से केवल एक ही बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करें। टीकाकरण के बाद तत्काल कार्ड भी दें।

### घर-घर जाकर बताई भाजपा की नाकामी

**मीरजापुर।** अखिल भारतीय काग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मल्लिका अर्जुन खडगे के आवाहन पर शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष भगवान दत्त पाठक (राजन पाठक) के नेतृत्व में समस्त पदाधिकारियों के साथ हाथ से हाथ जोड़ों कार्यक्रम उत्तरी सबरी वार्ड नं 20 में घर घर जाकर जनता से मंहगाई बेरोजगारी के खिलाफ जनता से सरकार को भाजपा को हटाने मांग किया गया। श्री पाठक ने कहा कि आज जनता परेशान है। पेट्रोल, डीजल, गैस, कडुआतेल का दाम आसमान छू रहा है। जनता से निवेदन किया कि जल्द से जल्द बदलने की मांग किया। पद यात्रा में डा.मो. जुनेद अन्सारी, अन्ना, रोशन अली, विश्वजीत, मोहम्द इलियास, कल्लू शाह, इस्लाम, संजय गुप्ता, रामपूजन सिंह, संगीता तिवारी, रेहाना काम, विवेक सिंह मौजूद रहे।

### ट्रक-बाइक भिड़ंत में दो घायल

**राजगढ़।** राजगढ़ चुनार मुख्य मार्ग के सरसो सेमरी गांव के सामने ट्रक और मोटरसाइकिल में भिड़ंत होने से मोटरसाइकिल सवार दोनों व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सीएससी राजगढ़ में दाखिल कराया गया। जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। चोटिल व्यक्तियों का नाम क्रमशः लाला साहनी उर्फ जितेंद्र कुमार पुत्र स्वर्गीय चुन्ना लाल निवासी ग्राम धरहरा थाना चुनार जिला मीरजापुर उम्र लगभग 30 वर्ष तथा मोनू साहनी पुत्र किशन साहनी उम्र लगभग 12 वर्ष निवासी ग्राम करगरा थाना चोपन सोनभद्र बताया जा रहा है। दुर्घटना करने वाले ट्रक को पकड़ लिया गया है। मोटरसाइकिल चुनार के तरफ से आ रही थी एवं ट्रक राजगढ़ से चुनार के तरफ जा रही थी। घायल लाला साहनी अपने घर चुनार से अपनी ससुराल पुरैनिया थाना राजगढ़ जा रहे थे।

### रक्त की कमी की सूचना पर पांच लोगों ने किया रक्तदान

**मीरजापुर।** मंडलीय चिकित्सालय के रक्त कोष में रक्त की कमी को देखते हुए मीरजापुर ब्लड डोनर क्लब के सदस्यों ने रविवार को रक्तदान किया। रक्तकोष पीआरओ रामकुमार गुप्ता द्वारा रविवार की सुबह सूचना मिली की जिला रक्तकोष में मात्र 4 यूनिट रक्त शेष है जिसकी वजह से चिकित्सालय में भर्ती मरीजों को रक्त की पूर्ति नहीं हो पा रही है। इसी गंभीरता को समझते हुए क्लब परिवार ने रविवार को 5 यूनिट रक्तदान करवा कर के रक्तकोष में रक्त की आपूर्ति को पूरा किया। रक्तदान करने वालो में क्लब परिवार से राकेश गौंड, नीतीश गुप्ता, शिवांशु सिंह, देवाशीष पाण्डेय, अभिषेक साहू (क्लब कॉर्डिनेटर), अमित गुप्ता (रोबिन हुड आर्मी) ने रक्तदान किया। मौके पर क्लब के संस्थापक कृष्णानन्द हैहयवंशी, क्लब के मीडिया प्रभारी आशुतोष हैहयवंशी, रक्तकोष से एल टी अमित पटेल, शैलेन्द्र कुमार वर्मा, के साथ अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

### गोंड महासभा की बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** रविवार को अखिल भारतवर्षीय गोंड महा सभा की मासिक बैठक केदारपुर कालोनी धौरूपुर स्थित जिला कार्यालय पर सम्पन्न हुआ। जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कृष्णमुरारी गोड ने बैठक में पदाधिकारियों ने मुख्य रूप से जनपद में गोंड जनजातियों का जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने के सम्बन्ध में चर्चा की गई और कैसे इसका निदान हो उस पर चर्चा किया गया है। सभी पदाधिकारियों ने निर्णय लिया कि अखिल भारत वर्षीय गोंड महासभा कि महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष शीला गोंड ने जल्द ही समस्या के निदान हेतु प्रमुख सचिव उत्तर प्रदेश से मुलाकात कर समस्या से अवगत करायेगी।

# श्रीराम कथा के लिए धूमधाम से निकाली गई कलश शोभायात्रा

**हलिया।** विकास खंड क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर मंदिर पर आयोजित होने वाली श्रीराम कथा के लिए रविवार को गाजे बाजे के साथ कलश शोभायात्रा निकाली गई। कलश यात्रा निकालने के लिए मनकामेश्वर मंदिर से रथ पर सवार होकर कथा वाचिका ऋचा मिश्रा ग्रामीणों के साथ पटेहरा गांव हनुमान मंदिर पहुंची। जहां से कन्याओं तथा महिलाओं ने मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर बिलरा पटेहरा गांव होते हुए मनकामेश्वर मंदिर खुटहा पहुंची जहां विधिविधान से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलश पूजन किया गया। श्रीराम कथा के आयोजक भानु तिवारी ने बताया कि विश्व कल्याण के लिए खुटहा मनकामेश्वर मंदिर परिसर में श्रीराम कथा का आयोजन किया जा रहा है। महाराष्ट्र से पधारी कथावाचिका ऋचा मिश्र 12 फरवरी से 18 फरवरी तक दोपहर दो बजे से सायं 6 बजे तक भक्तों को रामकथा का अमृतपान कराएंगी। कलश शोभायात्रा में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल, एस आई कोमल सिंह यादव, हेड कांस्टेबल मिथिलेश पांडेय, महिला कांस्टेबल आरती यादव, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह, ज्ञानेश्वर दुबे, राकेश तिवारी, पिंकेश सिंह, सत्येन्द्र पांडेय, संतोष शुक्ला, विनय दुबे सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल रहे।



कलश यात्रा निकालते भक्त

# रामचरितमानस, धर्म या किसी आराध्य से नहीं है आपत्ति

**बोले स्वामी प्रसाद मौर्य**

**सपा नेता स्वामी प्रसाद ने फिर कहा, लगे प्रतिबन्ध**

**महिलाओं, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के बीच नीच, अधम व प्रताड़ित करने की कही बात**

**अदलहाट।** जिले के नारायणपुर बाजार में सोनभद्र जाते समय पहुंचे सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्या ने श्रीरामचरित मानस पर दिये बयान पर सफाई दिया। कहा कि हमारी आपत्ति श्रीरामचरित मानस, धर्म या किसी आराध्य से नहीं है। कुछ लोग तीव्र गति से दूसरी तरफ घुमाने की कोशिश कर रहे हैं।

एक बार फिर उन्होंने मानस की चौपाइयों को संशोधित करने या प्रतिबंध लगाने की मांग की। सोनभद्र जाते समय नारायणपुर बाजार में सपा नेताओं और कार्यकर्ताओ ने स्वागत किया। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए स्वामी प्रसाद मौर्या ने कहा कहा कि हमारी आपत्ति श्रीरामचरित मानस, धर्म या किसी आराध्य से नही है। रामचरितमानस के चौपाइयों के माध्यम से देश की महिलाओं, आदिवासियों, दलितों और पिछड़ों के बीच नीच, अधम व प्रताड़ित करने की बात कही गई है, जो आपत्तिजनक है। इस आपत्तिजनक टिप्पणी को संशोधित किया जाए या प्रतिबंध किया जाए। जिससे देश की महिलाओं आदिवासियों दलितों पिछड़ों के सम्मान की रक्षा हो सके। कुछ लोग तीव्र गति से इसे कहीं न कहीं दूसरी दिशा दे रहे हैं। धर्म के नाम पर गाली देना, अपमानित करना यह धर्म का हिस्सा नहीं है।

इस दौरान पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, जिला उपाध्यक्ष सयुस दिनेश यादव, राजू यादव, प्रधान सदानंद यादव, पंकज पटेल, संजय यादव, चौधरी जयशंकर यादव, दीपक मौर्या, महेश यादव, घूरे पटेल, राजा सिंह पटेल आदि तमाम लोग उपस्थित रहे।



महासचिव का स्वागत करते सपाई

### सपा के राष्ट्रीय महासचिव का सपाइयों ने माल्यार्पण कर किया स्वागत

**2024 के चुनाव में तानाशाही वाली सरकार को उखाड़ कर है फेंकना**

**अहरौरा।** सपा के राष्ट्रीय महासचिव स्वामी प्रसाद मौर्या का वाराणसी से सोनभद्र बौद्ध सम्मेलन में सम्मिलित होने जाते समय अहरौरा वाराणसी शक्तिनगर मुख्य मार्ग पर रविवार के दिन सपाइयों ने राष्ट्रीय महासचिव का स्वागत करने के लिए सुबह से ही अहरौरा डीह के पास नगर अध्यक्ष नरेंद्र मौर्या के अगुवाई में सैकड़ों सपा कार्यकर्ता हाथों में माला लेकर राष्ट्रीय महासचिव को माल्यार्पण कर स्वागत किया। स्वामी प्रसाद मौर्या ने पत्रकारों से बात करते हुए बताया कि तानाशाही वाले सरकार को आगामी 2024 के चुनाव में उखाड़ फेंकना है। सपा के हर कार्यकर्ता एक संकल्प ले कि विरोधी सरकार को उखाड़ फेंकना है। इस दौरान नगर अध्यक्ष नरेंद्र मौर्या, प्रमोद केशरी, सदानन्द यादव, मुरारी यादव, राजेन्द्र सोनखर, सन्तोष मौर्या, सरफराज अहमद, मंहगू, पप्पू सोनखर तमाम सपा कर्ता मौजूद रहे।

# नशा से मुक्ति के लिए रैली निकाल कर बताये उपाय

जनसंदेश न्यूज

**अदलहाट।** प्रजापिता ब्रम्हा कुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चुनार के माध्यम से शाखा प्रभारी बीनू दीदी के नेतृत्व नरायनपुर से शिव जयंती के उपलक्ष्य से भगवान शिव की झाँकी निकाल कर नरायनपुर के आसपास के गांव गांव में झाँकी के माध्यम से शिव (ज्योति बिन्दू परमात्मा) का संदेश जन जन को दिया गया।

नशा से मुक्त कैसे हो उसके बारे में लोगों को बताया गया। रविवार को झाकी रैली का शुभारंभ राकेश सिंह अरविन्द सिंह, प्रवीण सिह, अमित सिंह पाण्डेय, राजेश जायसवाल आदि लोगों ने किया। यह झाकी रैली चौकिया शेरवां आदि गांवों का भ्रमण किया। इसके पूर्व शनिवार को झांकी व रैली का शुभारम्भ राज बहादुर सिंह, लल्लन प्रसाद सिंह, सत्य प्रकाश, अजीत सिंह, कृष्णा आदि ने किया। यह झाँकी खजूरौल, अदलहाट, गरौड़ी गांवों में भ्रमण किया। झाँकियों के द्वारा शिव परमात्मा का संदेश व नशा मुक्त कैसे हो उसके बारे में बताया गया।

हर गांव के प्रधान एवं सैकड़ों भाई-बहनों ने इसका लाभ उठाया। इस झाँकी व रैली का संचालन विद्या, चेतना सिंह, तारा एवं भाई-बहनें माला, गुन्जा, चंचला सिंह, दीपक भाई, सत्यनरायन भाई, रामकृपाल भाई आदि लोग साथ रहे।



रैली निकालकर जागरूक करतीं बहनें

### सड़क किनारे गड्डे में गिरी अनियंत्रित बाइक चालक समेत दो घायल

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** संतनगर थाना क्षेत्र के ककरद मोड़ पर सिरसी की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही बाइक सड़क किनारे गड्ढे में कूद गयी जिसमें चालक समेत दो लोग घायल हो गये। जौनपुर जनपद के रामपुर थाना क्षेत्र के पचवल गांव निवासी विपिन उपाध्याय 26 पुत्र बड़ेलाल उपाध्याय अपने ससुराल संतनगर थाना क्षेत्र के सिरसी गांव आया हुआ था। रविवार दोपहर ग्यारह बजे सिरसी से अपने साले राधेश्याम 18 पुत्र रमेश के साथ दीपनगर जाते समय ककरद मोड़ पर बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में चली गयी। जिसमें जीजा साले दोनों घायल हो गये। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपने निजी वहाँ से दोनों घायलों को इलाज हेतु पटेहरा पीएचसी पहुँचाया। जहाँ से विपिन की हालत को गंभीर देख जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया।

# रामचरितमानस की हर चौपाई है महामंत्र : साध्वी ऋचा मिश्रा

**हलिया।** क्षेत्र के खुटहा गांव स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर परिसर में आयोजित सप्तदिवसीय संगीतमयी श्रीराम कथा के प्रथम दिन रविवार को महाराष्ट्र से पधारी कथावाचिका साध्वी ऋचा मिश्रा ने श्रीराम कथा का अमृतपान श्रोताओं को कराया।

कथावाचिका ने श्रीरामचरितमानस व भगवान श्रीराम की महिमा का वर्णन करते हुए कहा कि श्रीराम चरित मानस साक्षात भगवान श्रीराम का स्वरूप है इसकी हर चौपाई महामंत्र है। श्रीराम कथा श्रवण करने से जन्म जन्मांतर की व्यथा मिट जाती है और प्रभु की कृपा से सांसारिक बाधाओं से मुक्ति मिलती है।

भगवन्नाम की महिमा का बखान करते हुए कहा कि प्रभु नाम का श्रद्धा पूर्वक सुमिरन करने से कष्टों से छुटकारा मिल जाता है।कहा कि मानव जीवन के लिए आदर्श है श्रीरामचरितमानस गोस्वामी तुलसीदास ने मानव जीवन की हर समस्याओं का समाधान का श्रीरामचरितमानस में उल्लेख किया है। समाज में एक दूसरे के प्रति कैसा व्यवहार किया जाए। इसकी शिक्षा हमें श्रीरामचरितमानस से मिलती है। कथावाचिका ने कहा कि रामकथा कल्प वृक्ष है। इसका श्रवण करने से मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। इस दौरान कथा आयोजक भानु तिवारी, विवेक सिंह, विनय दुबे, राकेश तिवारी, राजू शुक्ल, जेपी तिवारी, हरिओम तिवारी डॉ रमाकांत मिश्र आदि मौजूद रहे।

### राज्यपाल बनाए जाने पर कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

**जमालपुर।** भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य को सिक्किम राज्य का राज्यपाल बनाए जाने पर रविवार को जमालपुर मंडल के कार्यकर्ताओं ने उनके आवास रामनगर जाकर माल्यार्पण करते हुए हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दिया। इस दौरान काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष दिलीप सिंह पटेल, मंडल अध्यक्ष नरसिंह चौहान, मंडल महामंत्री जोशी पटेल, धीरज सिंह सुदामा प्रसाद सिंह मन्ना सिंह, रामजन्म कुशवाहा, मंडल उपाध्यक्ष मनीष कुशवाहा सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

### आठ ओवर के बाद भारत 56/1, जेमिमा-शेफाली क्रीज पर यास्तिका 17 रन बनाकर आउट

पावरप्ले के आखिरी ओवर यानी छठे ओवर में सादिया इकबाल ने यास्तिका भाटिया को फातिमा सना के हाथों कैच कराया। यास्तिका 20 गेंदो में 17 रन बना सकीं। छह ओवर के बाद भारत ने एक विकेट गंवाकर 43 रन बना लिए हैं। फिलहाल शेफाली वर्मा 15 गेंदों में 24 रन और जेमिमा रॉड्रिग्स एक रन बनाकर क्रीज पर हैं। चार ओवर के बाद भारत ने बिना कोई विकेट गंवाए 27 रन बना लिए हैं। सादिया इकबाल के ओवर की चौथी गेंद जाकर शेफाली के पैड पर लगी। इसके बाद पाकिस्तानी खिलाड़ियों ने अपील की और अंपायर ने भी एल्बीडब्ल्यू आउट करार दिया। इसके बाद शेफाली ने डीआरएस का इस्तेमाल किया। डीआरएस रिव्यू में दिखा कि गेंद लेग स्टंप को मिस कर रही थी। इस तरह शेफाली बच गईं। शेफाली फिलहाल नौ गेंदों में 10 रन और यास्तिका 15 गेंदों में 16 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रही हैं।



# धर्मशाला से बेंगलुरु शिफ्ट हुआ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट: कारण- नए ड्रेनेज सिस्टम के कारण आउटफील्ड तैयार नहीं, 1 मार्च से होना था मैच

## नए ड्रेनेज सिस्टम की वजह से हुई देरी

**नई दिल्ली।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच धर्मशाला से बेंगलुरु शिफ्ट हो गया है। भास्कर के सूत्रों ने बताया कि एक मार्च से शुरू होने वाला यह मुकाबला अब धर्मशाला की जगह बेंगलुरु के चिन्नास्वामी स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच का वेन्यू बदलने की वजह धर्मशाला स्टेडियम की आउटफील्ड का तैयार नहीं होना है। इसी वजह से इसे बेंगलुरु में कराने का फैसला लिया गया है।



धर्मशाला का क्रिकेट स्टेडियम धौलाधार की पहाड़ियों से घिरा हुआ है। पहाड़ी इलाका होने की वजह से यहां बारिश की आशंका हमेशा बनी रहती है। यहां हुए अधिकांश मैच बारिश की भेंट चढ़ते रहे हैं। बारिश की वजह से मैच रद्द या उनमें होने वाली देरी को रोकने के लिए ही हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन ने इस स्टेडियम में नया ड्रेनेज सिस्टम लगवाया है। पुराने ड्रेनेज सिस्टम की वजह से बारिश होने के बाद ग्राउंड को सुखाने में 2 घंटे लग जाते थे जबकि नए ड्रेनेज सिस्टम से बारिश होने की सूरत में महज 15 मिनट में ग्राउंड खेल के लिए तैयार किया जा सकेगा।

***आल्टफील्ड तैयार नहीं***

नए ड्रेनेज सिस्टम के लिए धर्मशाला स्टेडियम में पिच को छोड़कर सारे आउटफील्ड की खुदाई की गई। उसके बाद यहां नए सिरे से आल्टफील्ड में घास लगाई गई लेकिन यह घास पूरी तरह तैयार नहीं हो पाई है। ऐसे हालात में इंटरनेशनल मैच कराने की सूरत में क्रिकेटरों के चोटिल होने के चांस बढ़ जाते हैं। हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोएिशन के इस मैदान पर इकलौता टेस्ट मैच वर्ष 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया की टीमों के बीच खेला गया था। यहां हुए आखिरी इंटरनेशनल मैच की बात



करें तो भारत ने फरवरी 2022 में यहां आखिरी मैच खेला था। श्रीलंका के खिलाफ दो टी-20 मैच इस मैदान पर खेले गए थे।

***दुनिया के सबसे खूबसूरत स्टेडियमों में शुमार***

दुनिया के सबसे खूबसूरत स्टेडियमों में शुमार एचपीसीए स्टेडियम में अभी तक केवल एक ही टेस्ट मैच का आयोजन हुआ है। यह टेस्ट मैच साल 2017 में भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेला गया था। लेकिन स्टेडियम में वनडे और टी-20 मैच नियमित रूप से आयोजित हुए हैं। दरअसल, एचपीसीए ने स्थानीय मौसम को ध्यान में रखते हुए पूरी आउटफील्ड को फिर से तैयार करने की योजना बनाई थी। परिणामस्वरूप मानसून के बाद इस पर काम शुरू हो गया, लेकिन स्क्वॉयर बाउंड्री के पास एक छोटे हिस्से पर काम अभी बाकी है।

### हरमनप्रीत से लेकर स्मृति मंधाना और दीप्ति तक, नीलामी में इन 10 खिलाड़ियों पर लग सकती है बड़ी बोली



विमेंस प्रीमियर लीग के पहले सीजन के लिए खिलाड़ियों की नीलामी 13 फरवरी को मुंबई में होनी है। इस नीलामी में भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर और उपकप्तान स्मृति मंधाना पर बड़ी बोली लगना तय है। इन दोनों के अलावा दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा जैसी खिलाड़ियों को भी बड़ी कीमत पर खरीदने के लिए टीमें तैयार रहेंगी। इस लीग के लिए पहली बार खिलाड़ियों की नीलामी हो रही है। इस नीलामी में ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड की खिलाड़ियों पर भी सभी पांच फ्रेंचाइजी जमकर पैसे लुटाएंगी। यहां हम उन खिलाड़ियों के बारे में बता रहे हैं, जिन पर नीलामी में बड़ी बोली लग सकती है। भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर को डब्ल्यूपीएल में भी किसी न किसी टीम की कप्तानी मिलना तय है। वह भारत की सबसे विस्फोटक बल्लेबाज भी हैं। हरमन जितनी आसानी से छक्के लगाती हैं, वह किसी दूसरी भारतीय बल्लेबाज के बस की बात नहीं है। ऐसे में पूरी संभावना है कि वह इस सीजन की सबसे महंगी खिलाड़ी बनें। वह बल्लेबाजी और कप्तानी के अलावा गेंद के साथ भी उपयोगी योगदान दे सकती हैं। भारत की सबसे लोकप्रिय महिला खिलाड़ियों में से एक स्मृति मंधाना पर भी करोड़ों की बोली लगना तय है। मंधाना पहले ही टी20 लीग में कमाल कर चुकी हैं और वह इस फॉर्मेट की सबसे बेहतरीन बल्लेबाजों में से एक हैं। मंधाना अपने दम पर मैच पलटने का माद्दा रखती हैं और कप्तानी का भी विकल्प हैं।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने एसएआई लखनऊ में किया छात्रावास का अनावरण

### ठाकुर ने कहा इस केन्द्र पर सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 40 करोड़ से अधिक राशि व्यय की है

**लखनऊ।** केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने रविवार को भारतीय खेल प्राधिकरण (साई) लखनऊ क्षेत्रीय केंद्र के तीन नवनिर्मित भवनों, 300 बिस्तरों वाले छात्रावास, वातानुकूलित कुश्ती हॉल और खेल विज्ञान के लिए चिकित्सा केंद्र के विस्तार का अनावरण किया। इस मौके पर आवास और शहरी मामलों के राज्य मंत्री कौशल किशोर और प्रदेश के खेल राज्य मंत्री गिरीश चंद्र यादव के अलावा राज्य और केंद्र सरकार के अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे। ठाकुर ने कहा कि इस साई क्षेत्रीय लखनऊ केन्द्र पर केन्द्र सरकार ने पिछले कुछ वर्षों में 40 करोड़ से अधिक राशि व्यय की है।



पहले इस केंद्र में तीन छात्रावास, पुरुष और महिला खिलाड़ियों के लिए 80-80 बिस्तरों के दो छात्रावास और राष्ट्रीय शिविर के खिलाड़ियों के लिए 100 बिस्तरों का छात्रावास था, लेकिन इस नए छात्रावास से अब नियमित छात्रावासों की क्षमता बाढ़कर 460 बिस्तरों की हो जाएगी। इसका मतलब है कि अब ज्यादा खिलाड़ियों को रहने, ट्रेनिंग करने और देश के लिए मेडल लाने का मौका मिलेगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि खेलो इंडिया योजना के तहत युवा मामले और खेल मंत्रालय ने उत्तर प्रदेश में 137.27 करोड़ रुपये की बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

उन्होंने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन की तारीफ करते हुए कहा कि पहली बार किसी इन्वेस्टमेंट समिट में खेलों को जगह दी जा रही है। योगी आदित्यनाथ का विजन बहुत स्पष्ट है और यह खिलाड़ियों के लिए बहुत सकारात्मक है।

केंद्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर ने साई क्षेत्रीय केंद्र को भुगतान और खेल श्रेणी में फुटफॉल बढ़ाने और स्थानीय स्कूली छात्रों को ऐसे कार्यक्रमों में शामिल करने का सुझाव दिया, ताकि उन्हें खिलाड़ियों के साथ बातचीत करने का मौका मिले। उन्होंने प्रतिभा खोज पर भी जोर दिया।

### दूसरे टेस्ट से पहले इस तेज गेंदबाज को टीम से बाहर किया गया, रणजी ट्रॉफी से जुड़ा है मामला

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चार मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मैच से पहले बीसीसीआई ने बड़ा फैसला लेते हुए स्टार तेज गेंदबाज जयदेव उनादकट को टीम से रिलीज कर दिया है। हालांकि, उनकी जगह किसी को स्क्वॉड से जोड़ा भी नहीं गया है।



दरअसल, भारत के घरेलू क्रिकेट में रणजी ट्रॉफी भी खेला जा रहा है। सौराष्ट्र की टीम फाइनल में पहुंची है। उनादकट सौराष्ट्र टीम के कप्तान भी हैं। ऐसे में बीसीसीआई ने रणजी ट्रॉफी के फाइनल मैच से पहले उनादकट को टीम से रिलीज कर दिया है, ताकि वह सौराष्ट्र की टीम से जुड़ सकें और रणजी ट्रॉफी फाइनल खेल सकें। रणजी ट्रॉफी के फाइनल में सौराष्ट्र का सामना बंगाल से होगा। यह मैच 16 फरवरी से कोलकाता का ईडन गार्डंस में खेला जाएगा। जयदेव भारतीय टीम में तो शामिल थे, लेकिन उनका दूसरे टेस्ट में भी खेलना न के बराबर है। भारतीय टीम दो तेज गेंदबाज और तीन स्पिनर के संयोजन के साथ ही मैदान पर उतर सकती है। ऐसे में मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज का खेलना लगभग तय है। तीसरे पेसर के तौर पर उमेश यादव विकल्प के तौर पर मौजूद हैं। ऐसे में जयदेव को रिलीज किया गया। नागपुर में पहले टेस्ट में भी जयदेव नहीं खेल पाए थे। सौराष्ट्र की टीम तीन बार रणजी चैंपियन बन चुकी है।

## रविचंद्रन अश्विन ने रचा एक और इतिहास, अनिल कुंबले को पछाड़ा



**नागपुर।** भारत ने शनिवार को नागपुर में पहले टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रनों से हरा दिया। भारत ने दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया को 91-रन पर समेट दिया जो ऑस्ट्रेलिया का भारतीय जमीन पर सबसे कम टेस्ट स्कोर है। भारत अब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 5 टेस्ट मैच पारी के अंतर से जीत चुका है। भारतीय ऑल-राउंडर रविचंद्रन अश्विन ने जीते गए अंतर्राष्ट्रीय मैचों में किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सर्वाधिक विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। नागपुर टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उन्होंने आठ विकेट लिए जिसके साथ जीते गए अंतर्राष्ट्रीय मैचों में उनके विकेटों की संख्या 489 हो गई। उन्होंने अनिल कुंबले को पछाड़ा जिन्होंने इस मामले में 486 विकेट लिए थे। भारतीय ऑल-राउंडर रविचंद्रन अश्विन ने शनिवार को नागपुर टेस्ट के तीसरे दिन ऑस्ट्रेलिया की दूसरी पारी में अपना 5 विकेट हॉल पूरा किया। यह 36-वर्षीय अश्विन के टेस्ट करियर का 31वां और भारत में 25वां 5 विकेट हॉल है और उन्होंने भारत में सर्वाधिक बार 5 विकेट हॉल लेने के अनिल कुंबले के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली है। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नागपुर में पहले टेस्ट में भारत की जीत के बाद भारतीय ऑल-राउंडर रविचंद्रन अश्विन ने ट्वीट किया, आज स्टेडियम में किसी ने मुझे अन्ना भैया कहा। उन्होंने कहा, अन्ना और भैया एक ही शब्द (बड़े भाई) हैं।₹ उन्होंने आगे लिखा, ₹मुझे मिले प्यार के लिए मैं बहुत आभारी हूं लेकिन यह एक छोटा सा सुधार मदद करेगा।

रविचंद्रन अश्विन ने नागपुर टेस्ट की पहली पारी में एलेक्स कैरी को आउट कर अपना 450वां विकेट झटका था। उस पारी में उन्होंने कुल तीन विकेट लिए थे और सबसे तेज 450 विकेट लेने वाले भारतीय और ओवरऑल दूसरे गेंदबाज बन गए थे। उनसे पहले भारत में यह रिकॉर्ड अनिल कुंबले के नाम था। वहीं दुनियाभर में यह रिकॉर्ड मुथैया मुरलीधरन के नाम है। जबकि अश्विन दूसरे नंबर पर आ गए हैं। इसके बाद दूसरी पारी में अश्विन ने फिर कमाल दिखाया और 37 रन देकर पांच विकेट झटक लिए। यहां भी उन्होंने इतिहास रचते हुए एक रिकॉर्ड बनाया और कुंबले को फिर पीछे छोड़ दिया।

दरअसल अश्विन के टेस्ट करियर में भारतीय सरजमीं पर यह 25वां फाइव विकेट हॉल (एक पारी में पांच विकेट) था। जबकि दिग्गज अनिल कुंबले ने भी 25 ही बार भारत में ऐसा किया था। लेकिन मैचों की गिनती में ऐश अन्ना अब जंबो से आगे निकल गए हैं। कुंबले ने जहां 63वें मैच की 115वीं पारी में यह कारनाम किया था। वहीं अश्विन ने 52वें मैच की 101वीं पारी में यह उपलब्धि अपने नाम कर ली। इस तरह से उन्होंने सबसे जल्दी घर में 25 फाइव विकेट हॉल लेने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। अगर अपनी सरजमीं पर सबसे ज्यादा बार ऐसा करने की बात करें तो अश्विन तीसरे स्थान पर हैं। इस मामले में श्रीलंका के मुरलीधरन 45 और रंगाना हेराथ 26 बार ऐसा करके दूसरे स्थान पर हैं।

***अश्विन ने 31वीं बार किया यह कारनामा***

अगर इस रिकॉर्ड की ओवरऑल बात करें तो रविचंद्रन अश्विन ने अपने करियर में 31वीं बार पांच विकेट एक टेस्ट पारी में लिए हैं। सबसे ज्यादा बार टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में पांच विकेट लेने के मामले में वह सातवें स्थान पर हैं। यहां भी शीर्ष पर श्रीलंकाई दिग्गज मुथैया मुरलीधरन का नाम दर्ज है, जिन्होंने 67 बार ऐसा किया है। उनके आसपास भी कोई नहीं है। दूसरे स्थान पर हैं दिवंगत शेन वॉर्न जिन्होंने 37 बार ऐसा किया था वहीं तीसरे स्थान पर हैं 36 बार ऐसा करने वाले रिचर्ड हेडली और चौथे स्थान पर हैं भारतीय दिग्गज अनिल कुंबले।

### स्पिनर कुहनमैन के पास दूसरे टेस्ट में खेलने का मौका : एंड्रयू मैकडोनाल्ड

**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलियाई कोच एंड्रयू मैकडोनाल्ड ने कहा कि अगर टीम तीन स्पिनरों के साथ खेलने का फैसला करती है तो मिचेल स्वेपसन की जगह शामिल किये गये बायें हाथ के स्पिनर मैट कुहनमैन के पास यहां 17 फरवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट में पदार्पण करने का अच्छा मौका है। कुहनमैन (26 वर्ष) लेग स्पिनर स्वेपसन की जगह आस्ट्रेलियाई टीम से जुड़ेंगे। स्वेपसन को पूर्व योजना के अनुसार अपने पहले बच्चे के जन्म के लिये स्वदेश लौटना है। हालांकि वह तीसरे टेस्ट से पहले भारत वापस आयेंगे। मैकडोनाल्ड ने रविवार को क्रिकइंफो से कहा, उसके (कुहनमैन के पास) अगले टेस्ट में खेलने का अच्छा मौका है। उन्होंने कहा, अगर हम तीन स्पिनरों के साथ खेलते हैं तो हमें स्पष्ट तौर पर यहां बैक-अप चाहते हैं जो टीम में उपलब्ध हो ताकि हम अगर ऐसा चाहें तो कर सकें। कुहनमैन को कोई अंतरराष्ट्रीय अनुभव नहीं है, उन्होंने 13 प्रथम श्रेणी मैचों में महज 35 विकेट झटके हैं और वह टीम में शामिल किये जाने की खबर से हैरान रह गये। कुहनमैन ने विक्टोरिया के खिलाफ क्वींसलैंड के शेफील्ड शील्ड मैच के बाद कहा, कल सुबह फोन आया जब मैं वार्म-अप के लिये जा रहा था। मैं बहुत हैरान रह गया।



## ऑस्ट्रेलिया ने न्यूजीलैंड को महिला टी20 विश्व कप में 97 रन से रौंदा

पार्ल (दक्षिण अफ्रीका)। ऑस्ट्रेलिया ने महिला टी20 विश्व कप में खिताब की रक्षा के अपने अभियान की शानदार शुरूआत करते हुए यहां न्यूजीलैंड पर 97 रन की एकतरफा जीत दर्ज की। एलीसा हीली ने 55 रन की पारी खेली जो 2020 आईसीसी महिला टी20 विश्व कप फाइनल के बाद उनका इस प्रारूप में सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। कप्तान मेग लेनिंग ने 41 जबकि एलिस पैरी ने 40 रन का योगदान दिया जिससे ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को नौ विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड ने पहली ही गेंद पर सूजी बेट्स का विकेट गंवा दिया जिससे टीम पूरी पारी के दौरान कभी नहीं उबर पाई और अंततः 14 ओवर में सिर्फ 76 रन पर ढेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एशलेग गार्डनर ने अपने टी20 अंतरराष्ट्रीय करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 12 रन देकर पांच विकेट चटकाए जिससे पांच बार के चैंपियन ने अपने अभियान की शुरूआत दबदबे वाली जीत के साथ की। टॉस हारकर बल्लेबाजी करने उतरे ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत भी खराब रही और टीम ने चौथी गेंद पर ही बेथ मूनी (00) का विकेट गंवा दिया जिन्होंने लिया ताहुहु (37 रन पर तीन विकेट) की गेंद पर ईडन कार्सन को कैच थमाया। हीली और लेनिंग ने इसके बाद पारी को संभाला। दोनों ने पावर प्ले में स्कोर एक विकेट पर 47 रन तक पहुंचाया जो टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ शुरूआती छह ओवर में टीम का सर्वश्रेष्ठ स्कोर है। हीली और लेनिंग ने दूसरे विकेट के लिए 70 रन जोड़े। एमेलिया केर (23 रन पर तीन विकेट) ने लेनिंग को बोल्ड करके इस साझेदारी को तोड़ा। ताहुहु ने अगले ओवर में गार्डनर (03) को कार्सन के हाथों कैच कराके ऑस्ट्रेलिया का स्कोर तीन विकेट पर 76 रन किया। हीली और पैरी ने इसके बाद जिम्मेदारी संभाली। दोनों ने सिर्फ 28 गेंद में 50 रन जोड़े। हीली ने ताहुहु की गेंद पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में बाउंड्री पर कैच थमाया। पैरी और ग्रेस हैरिस (छह गेंद में 14 रन) ने आठ गेंद में 22 रन जोड़े लेकिन हैरिस इसके बाद रन आउट हो गईं। पैरी ने एमेलिया पर चौका जड़ा लेकिन अगली गेंद पर पगबाधा हो गईं। जेस जोनासेन भी इसी ओवर में खाता खोले बिना पवेलियन लौट गईं। एलेना किंग (01) और ताहलिया मैक्ग्रा (08) भी कोई कारनामा नहीं कर सकीं।




### रियल मैड्रिड ने पांचवी बार जीता फीफा क्लब विश्व कप का खिताब, फाइनल में अल हिलाल को दी मात




**मोरक्को।** स्पेन के रियल मैड्रिड ने पांचवी बार फीफा क्लब विश्व कप अपने नाम किया, उसने फाइनल मुकाबले में सऊदी अरब के अल हिलाल को हराकर यह खिताब जीता है। फाइनल मुकाबला शनिवार को मोरक्को की राजधानी रबात के प्रिंस मौले अब्दुल्लाह स्टेडियम में खेला गया और जिसमें रियल मैड्रिड ने अल हिलाल को 5-3 से हराया। स्पेनिश टीम के लिए विनिसियस जूनियर और फेडे वालवरडे ने दो-दो गोल दागे, जबकि दूसरे हाफ में 5वां गोल करीम बेंजेमा ने किया। अल हिलाल के लिए लुसियानो वीटो और मौसा मरेगा ने गोल किया। स्पेनिश के कप्तान एंसेलोटी की टीम सऊदी अरब के अल हिलाल पर शुरू से अंत तक हावी रही और खेल के 20 मिनट के भीतर विनी जूनियर और वाल्वरडे के दो गोल की मदद से मैच में शुरूआती बढ़त हासिल कर ली। इसके बाद प्रतिद्वंदी टीम के खिलाड़ी मारेगा ने 26वें मिनट में एक गोल कर स्कोर के अंतर को कम किया, लेकिन ब्रेक के बाद रियल मैड्रिड ने खेल के 54वें मिनट में बेंजेमा और 58वें मिनट में वाल्वरडे के गोल ने मैच को अपने टीम के पक्ष में कर लिया। एक बार फिर प्रतिद्वंदी टीम ने पलटवार किया और वीटो ने खेल के 64वें मिनट में अपनी टीम के लिए एक गोल किया। इसके बाद विनी जूनियर ने खेल के 69वें मिनट में एक और गोल कर तीसरा गोल किया और स्कोर को 5-3 तक ले आए लेकिन अपनी हार को न बचा सके। रियल मैड्रिड ने कल पांचवीं बार फीफा क्लब विश्व कप जीता, इससे पहले वह 2014, 2016, 2017 और 2018 में भी यह खिताब अपने नाम कर चुका है।

# पूर्वाभ्यास के साथ राष्ट्रपति मुर्मू के स्वागत को तैयार बनारस, गंगा आरती के लिए बेहद खास तैयारी

## गंगा आरती में देव दीपावली जैसा होगा नजारा, 16 एडिशनल एसपी सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगे तैनात

**वाराणसी।** पूर्वाभ्यास के साथ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के वाराणसी आगमन की तैयारी पूरी कर ली गई है। सोमवार को राष्ट्रपति मुर्मू का प्रथम काशी आगमन होगा। बाबतपुर एयरपोर्ट से शहर तक पूर्वाभ्यास किया गया। वीआईपी वाहनों की फ्लीट हूटर बजाते हुए काफी देर तक दौड़ती रही। इस दौरान पूरे रूट पर सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद रही। राष्ट्रपति के स्वागत में काशी सजकर तैयार हो गई है। श्री काशी विश्वनाथ धाम में उनके आवभगत के लिए जहां रेड कारपेट बिछाई गई है, वहीं उनकी मौजूदगी में होने वाली गंगा घाट की आरती भी बेहद खास होगी। पहली बार पुरातन नगरी आ रहीं राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की सुरक्षा की कमान आठ आईपीएस संभालेंगे। सबकी ड्यूटी अलग-अलग स्थानों पर लगाई गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति की सुरक्षा व्यवस्था में तैनात होने वाले अराजपत्रित पुलिस कर्मियों को उनकी ड्यूटी के बारे में पुलिस लाइन में जानकारी दी गई।



***एयरपोर्ट से दशाश्वमेध घाट तक चप्पे-चप्पे पर चौकसी***

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शहर आगमन के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था की तैयारियों को रविवार को अंतिम रूप दिया गया। राष्ट्रपति के आगमन के दौरान बाबतपुर हवाई अड्डे से लेकर दशाश्वमेध घाट तक चप्पे-चप्पे पर चौकसी के साथ ही निगरानी की पुख्ता व्यवस्था रहेगी। उनका काफिला जिस मार्ग से गुजरेगा, उस पर यातायात 15 मिनट पहले रोक दिया जाएगा। पुलिस लाइन में अधिकारियों को पुलिस आयुक्त मुथा अशोक जैन ने कहा कि सुरक्षा और यातायात व्यवस्था के साथ ही निगरानी को लेकर किसी भी स्तर पर चूक कतई न होने पाए।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 13 फरवरी को वाराणसी आएंगी। वह कालभैरव मंदिर और विश्वनाथ धाम में दर्शन-पूजन करने के साथ ही दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल होंगी। इसके मद्देनजर दशाश्वमेध घाट को फूल-मालाओं सेसजाया जा रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के आगमन पर मां गंगा की आरती में देव दीपावली जैसा होगा नजारा। नौ अर्चक मां गंगा की भव्य आरती करेंगे। इस दौरान 21 देव कन्याएं भी मौजूद रहेंगी।

आईपीएस की देखरेख 450 कांस्टेबल व हेड कांस्टेबल, 80 सब इंस्पेक्टर व इंस्पेक्टर, 26 डिप्टी एसपी और 16 एडिशनल एसपी सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे। जब दशाश्वमेध घाट पर आरती होगी, तब नौसेना के साथ ही जल पुलिस, पीएसी, बाढ़ राहत दल और एनडीआरएफ के जवान सुरक्षा की जिम्मेदारी संभालेंगे। सबकी तैनाती गंगा की तरफ रहेगी। बाबतपुर हवाई अड्डे से शहर तक सड़क किनारे और सभी प्रमुख चौराहों-तिराहों पर इलाकाई थाना पुलिस, यातायात पुलिस कर्मियों की तैनाती रहेगी। अग्निशमन व बम निरोधक दस्ते के साथ डॉग स्क्वॉड की टीम भी रहेगी। एलआईयू कर्मी सादे कपड़ों में तैनात रहेंगे।

### कर्नाटक में ट्रांसजेंडरों ने खोली अपनी कैंटीन, शुरू की नई जिंदगी

**मंगलुरु।** अपने परिवारों और आम जनता द्वारा हमेशा मुख्यधारा से बाहर रखे गए ट्रांसजेंडर्स ने अपने जीवन को नए सिरे से शुरू करने के लिए नए क्षेत्रों में कदम रखना शुरू कर दिया है। उडुपी जिले में, अन्य जिलों के मूल निवासी ट्रांसजेंडरों के एक समूह ने रात के समय भोजन की मांग करने वाले लोगों के लिए एक कैंटीन की शुरुआत की है। बता दें कि तीन ट्रांसजेंडरों, पूर्वी, वैष्णवी और चंदना, जो उडुपी की सड़कों पर भीख मांगती थीं, ने उडुपी बस स्टैंड के पास एक कैंटीन खोल कर आत्मनिर्भर जीवन जीने का फैसला किया है। वे रात 1 बजे से सुबह 7 बजे तक अपनी कैंटीन चलाती हैं, जब शहर के यात्रियों या काम करने वाले लोगों को भोजन की तलाश में इधर उधर भटकना पड़ता है। ट्रांसजेंडरों द्वारा खोली गई ये कैंटीन रात के यात्रियों और रात की शिफ्ट में काम करने वालों के लिए एक वरदान साबित हुई है। कैंटीन ग्राहकों को स्वादिष्ट नाश्ता और चाय उपलब्ध कराती है। चूंकि शहर के अधिकांश होटल रात के समय में बंद रहते हैं, इसलिए लोग अब ट्रांसजेंडरों द्वारा चलाए जा रही कैंटीन में स्नैक्स का लुत्फ उठाने लगे हैं।

## रश्मिका ने 5 शहरों में लग्जरी फ्लैट के दावों पर तोड़ी चुप्पी, बोलीं- काश ऐसा सच होता



**मुंबई।** रश्मिका मंदाना साउथ और बॉलीवुड दोनों ही इंडस्ट्रीज में नाम कमा रही हैं। हाल ही में रश्मिका को लेकर खबरें आ रही थीं कि उन्होंने अलग-अलग शहरों में 5 लग्जरी फ्लैट खरीदे हैं। हालांकि, अब मामले में रश्मिका ने चुप्पी तोड़ते हुए फ्लैट खरीदने खबरों को गलत बताया है। दरअसल, एक ट्विटर अकाउंट ने अपने पोस्ट में दावा करते हुए लिखा- ह्यरश्मिका ने महज करियर के 5 सालों में खूब सक्सेस कमाई है। उन्होंने गोवा, हैदराबाद, कुर्ग, मुंबई और बैंगलोर में 5 आलीशान फ्लैट लिए हैं। वो 2021 से ही प्रॉपर्टी में इन्वेस्ट करती आ रही हैं। ट्विटर अकाउंट के इन दावों पर रश्मिका ने रीट्वीट करते हुए लिखा- काश ऐसा सच होता। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो रश्मिका अपने पेरेंट्स के साथ कर्नाटक के विराजपेट में रहती हैं। जहां उनके पास आलीशान बंगलो है, वो अक्सर अपने कर्नाटक वाले घर की फोटोज शेयर किया करती हैं।

## खास खबर

### जम्मू-कश्मीर ने रोजगार और प्यार चाहा था लेकिन मिला भाजपा का बुलडोजर: राहुल गांधी

नई दिल्ली। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने जम्मू कश्मीर में जारी अतिक्रमण रोधी मुहिम को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर रविवार को निशाना साधते हुए कहा कि केंद्रशासित प्रदेश ने रोजगार, बेहतर कारोबार और प्यार चाहा था, लेकिन उसे इसके बजाय भाजपा का बुलडोजर मिला। कांग्रेस, कांफ्रेंस और पीडीपी जैसे कई बड़े दलों ने इस मुहिम को लेकर चिंता व्यक्त की है और इसे तत्काल रोकने की मांग की है। राजस्व विभाग के आयुक्त सचिव विजय कुमार बिधूड़ी ने सात जनवरी को सभी उपायुक्तों को सरकारी भूमि से अतिक्रमण शत प्रतिशत हटाने का निर्देश दिया था, जिसके बाद से जम्मू कश्मीर में 10 लाख कनाल से अधिक जमीन अतिक्रमण से मुक्त करायी गयी है। राहुल गांधी ने ट्वीट किया, जम्मू कश्मीर को चाहिए रोजगार, बेहतर व्यापार और प्यार, मगर उन्हें मिला क्या? भाजपा का बुलडोजर। उन्होंने कहा, कई दशकों से जिस जमीन को वहां के लोगों ने मेहनत से सींचा, उसे उनसे छीना जा रहा है। अमन और कश्मीरियत की रक्षा, जोड़ने से होगी, तोड़ने और लोगों को बांटने से नहीं।

### भारत में पहली बार मिले लिथियम के भंडार बेहतरीन गुणवत्ता के हैं : खनन सचिव

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर के खनन सचिव अमित शर्मा ने बताया है कि रियासी में मिला देश का पहला लिथियम भंडार बेहतरीन गुणवत्ता का है। उन्होंने कहा कि 220 पार्ट्स/मिलियन के नॉर्मल ग्रेड के मुकाबले जम्मू-कश्मीर में मिला लिथियम 500 पार्ट्स/मिलियन ग्रेडिंग का है और 59 लाख टन के भंडार के साथ भारत लिथियम की उपलब्धता के मामले में चीन को पछाड़ देगा। जम्मू-कश्मीर के रियासी जिले में लिथियम का 59 लाख टन का भंडार मिलने के बाद देश में मोबाइल फोन मैन्युफैक्चरिंग को काफी बढ़ावा मिलेगा और फोन की लागत कम होगी।

## चार हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति को मिली हरी झंडी

### किरेन रीजिजू ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने आज यानी 12 फरवरी को चार हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति पर हरी झंडी दिखा दी है। केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजिजू ने ट्वीटर पर जानकारी देते हुए बताया कि आज चार उच्च न्यायालयों में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई। उन्होंने लिखा, 'भारत के संविधान के तहत प्रासंगिक प्रावधानों के अनुसार, निम्नलिखित न्यायाधीशों को विभिन्न हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीशों के रूप में नियुक्त किया जाता है। मैं उन सभी को शुभकामनाएं देता हूं।' रविवार यानी 12 फरवरी को चार हाई कोर्ट में मुख्य न्यायाधीशों की नियुक्ति हुई है। गुजरात हाई कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति सोनिया गिरिधर गोकानी को इसका मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। राजस्थान हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति संदीप मेहता को गौहाटी उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। ओडिशा हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति जसवंत सिंह को त्रिपुरा उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश बनाया गया है। गौहाटी हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति एन कोटिश्वर सिंह को जम्मू कश्मीर और लद्दाख



उच्च न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश नियुक्त किया गया है। हाल ही में, कानून और न्याय मंत्रालय ने गुजरात उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायमूर्ति सोनिया गिरिधर की पदोन्नति को मंजूरी दी। बता दें कि न्यायमूर्ति गिरिधर गुजरात उच्च न्यायालय की प्रमुख बनने वाली पहली महिला होंगी। भारत संघ ने 10 फरवरी को भारत के सर्वोच्च न्यायालय में दो और न्यायाधीशों की नियुक्ति को भी अधिसूचित किया। सरकार ने न्यायमूर्ति राजेश बिंदल और न्यायमूर्ति अरविंद कुमार की उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश के रूप में नियुक्ति की अधिसूचना जारी की है। इनकी नियुक्ति के साथ, शीर्ष अदालत में 34 न्यायाधीशों की पूरी कामकाजी ताकत होगी।

### गुवाहाटी में जंगली हाथी ने सेना के जवान को कुचला, अस्पताल में तोड़ा दम

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी के नरेंगी छावनी क्षेत्र में एक जंगली हाथी ने भारतीय सेना के एक जवान को कुचल कर मार डाला। अधिकारियों ने रविवार को इस घटना की जानकारी दी है। समाचार एजेंसी पीटीआई के अनुसार, भारतीय सेना का जवान छावनी परिसर में ड्यूटी पर था, तभी शनिवार की शाम हाथियों ने उस पर हमला कर दिया था। बता दें कि सेना का जवान 222 एडवांस्ड बेस ऑर्डनेंस डिपो (एबीओडी) के में तैनात था। जिस समय उस पर हाथी ने हमला किया। इस हमले में सेना का जवान बुरी तरह घायल हो गया। जिसके बाद उसे तुरंत बशिष्ठ इलाके के बेस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी मौत हो गई। सेना के अधिकारियों द्वारा नरेंगी में अपने कर्मियों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए एक सलाह जारी की गई है। सेना ने कहा है कि वह सावधान रहें और छावनी के अंदर विशेष रूप से थिमैया और मानेकशॉ सड़कों पर चलते समय अलर्ट रहें। बताते चलें कि गुवाहाटी शहर के पूर्वी भाग में नरेंगी छावनी अमचांग वन्यजीव अभयारण्य के पास है।

पहले ये रक्षा क्षेत्र जंगल का हिस्सा था और यह एक प्रमुख हाथी क्षेत्र था।

## जमीयत उलेमा-ए-हिंद के मंच पर बवाल: मौलाना अरशद मदनी बोले- ओम और अल्लाह एक, भड़के धर्मगुरुओं ने छोड़ा मंच

### मनु एक अल्लाह एक ओम यानि को पूजते थे, ये हमारे मुल्क की ताकत है

**नई दिल्ली।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के अधिवेशन के आखिरी दिन मौलाना अरशद मदनी के बयान पर बवाल हो गया। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के 34वें अधिवेशन में मौलाना अरशद मदनी ने मोहन भागवत के बयान की आलोचना करते हुए कहा कि अल्लाह और ओम एक हैं। जिनके बयान के विरोध में अधिवेशन में पहुंचे अलग-अलग धर्मगुरु मंच छोड़कर चले गए।

मैंने बड़े-बड़े धर्म गुरुओं से पूछा जब कोई नहीं था, न श्री राम, न ब्रह्मा थे, न शिव थे, तो सवाल पैदा होता है? तब मनु पूजते किसको थे? कोई कहता है शिव को पूजते थे, लेकिन उनके पास ईलम नहीं है। वहीं बहुत कम लोग बताते हैं कि मनु नाम का कुछ नहीं था दुनिया में, वो ओम को पूजते थे, तो मैनें कहा ओम कौन है? तो फिर बहुत से लोगों ने कहा वो एक हवा है, जिनका कोई रुप नहीं है, जिसका कोई रंग नहीं है वो दुनिया में हर जगह है। जिन्होंने



आसमान बनाया ,धरती बनाई तो मैनें कहा अरे बाबा इन्हीं को तो हम अल्लाह कहते हैं, इन्हीं को तो तुम ईश्वर कहते हो, इसी को तो हम अल्लाह कहते हैं, फारसी बोलने वाले खुदा और अंग्रेजी बोलने वाले गॉड कहते हैं। इसका मतलब ये है कि मनु एक अल्लाह एक ओम यानि को पूजते थे। ये हमारे मुल्क की ताकत है।

जैन मुनि लोकेश ने मदनी के बयान का विरोध करते हुए कहा कि यह अधिवेशन लोगों को जोड़ने के लिए हो रहा है। ऐसे में आपत्तिजनक बातें क्यों? इसके बाद वे कार्यक्रम से उठकर चले गए। उनके बाद दूसरे धर्मों के संतों ने भी मंच छोड़ दिया।

***जमीयत प्रमुख बोले- भारत जितना मोदी और भागवत का उतना ही मदनी का***

भारत जितना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत का है, उतना ही मदनी का भी है। रामलीला मैदान में चल रहे जमीयत के 34वें सत्र के दौरान शनिवार को जमीयत उलेमा-ए-हिंद के प्रमुख मौलाना महमूद मदनी ने यह बातें कही थीं।

***'पैगंबर का जन्म यहीं हुआ था और यह मुसलमानों का पहला वतन'***

अधिवेशन में मौलाना महमूद मदनी ने शनिवार को कहा था कि अल्लाह के पहले पैगंबर का जन्म यहीं हुआ था और यह मुसलमानों का पहला वतन है। उन्होंने यह दावा भी किया कि देश में पिछले कुछ वर्षों में अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की घटनाएं बढ़ी हैं और सरकार और प्रशासन को जिस तरह कार्रवाई करनी चाहिए थी, नहीं की। उन्होंने कहा, इस तरह की घटनाओं के खिलाफ हम आवाज भी उठाएंगे और लड़ाई भी लड़ेंगे। मदनी ने कहा कि अल्पसंख्यकों का आरएसएस, भाजपा या फिर बहुसंख्यकों से कोई धार्मिक या नस्ली द्वेष नहीं है। उन्होंने देश को महाशक्ति बनाने के लिए संघ प्रमुख भागवत को आपसी बैर और दुश्मनी को भुलाकर एक-दूसरे से गले मिलने का न्योता दिया।

## आज बेटियां भी चला रहीं राफेल गरीबों का उत्थान ही प्राथमिकता

### महर्षि सरस्वती के जयंती समारोह में बोले पीएम मोदी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को राष्ट्रीय राजधानी के इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में महर्षि दयानंद सरस्वती की 200 वीं जयंती के उपलक्ष्य में साल भर चलने वाले समारोह का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने इस अवसर पर पूजा और यज्ञ किया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी, अर्जुन राम मेघवाल और मीनाक्षी लेखी भी मौजूद थे।

***गरीबों और वंचितों का उत्थान ही हमारी प्राथमिकता***

पीएम ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि महर्षि ने हमेशा महिलाओं के सम्मान और उत्थान की बात कही है और उनकी बातों को आज पूरा किया जा रहा है। पीएम ने कहा कि आज देश की बेटियां भी राफेल लड़ाकू विमान उड़ा रही हैं। मोदी ने कहा कि गरीबों और वंचितों का उत्थान ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता बन गया है। पीएम ने कहा कि महर्षि दयानंद सरस्वती भारत की महिला सशक्तिकरण की आवाज बने और सामाजिक भेदभाव, छुआछूत और ऐसी कई विकृतियों के खिलाफ एक मजबूत अभियान चलाया।

पीएम ने कहा कि महर्षि दयानंद का मानना था कि हमें ही विश्व को विकास की ओर ले जाना है और सबके विकास का एक जरिया बनना है। मोदी ने इसी के साथ महर्षि दयानंद सरस्वती के दिखाए रास्ते से करोड़ों लोगों में उम्मीद जगने की बात कही।

## 16 फरवरी को होगी मेयर चुनने की चौथी कोशिश दिल्ली सरकार के प्रस्ताव को एलजी ने दी मंजूरी

### आप की याचिका पर एससी में 13 फरवरी को है सुनवाई, जनवरी और 6 फरवरी को भी भाजपा पार्षदों के हंगामे के चलते बैठक स्थगित हो गई थी

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) का चुनाव अब गुरुवार यानी 16 फरवरी को होगा। ताजा जानकारी के मुताबिक, दिल्ली मेयर चुनाव 16 फरवरी को कराने के दिल्ली सरकार के प्रस्ताव पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने अपनी मंजूरी दे दी है। यह प्रस्ताव नगर निगम ने दिल्ली सरकार को भेजा था, जिसे मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने स्वीकृत करते हुए राजनिवास भेजा। अब इस पर उपराज्यपाल ने अंतिम निर्णय लिया है। अभी तक उपराज्यपाल दिल्ली सरकार द्वारा सुझाएं गए प्रस्तावों को ही मानते रहे हैं। 24 जनवरी और 6 फरवरी को मेयर चुनाव कराने का दिल्ली सरकार का प्रस्ताव था, जिसे एलजी ने मान लिया था।

गौरतलब है कि इससे पहले हुई तीन बैठकों में निगम के मेयर के निर्वाचन को सफलता नहीं मिली है। इतना ही



नहीं किस्तों में सारी प्रक्रिया एक तरह से पूरी हो रही है। पार्षदों की शपथ से लेकर मेयर, उप मेयर और स्थायी समिति के छह सदस्यों के चुनाव का एक ही बैठक में कराना होता है।

4 दिसंबर, 2022 को हुए निगम के आम चुनाव के नतीजे सात दिसंबर, 2022 को आ गए थे। इसके बाद पार्षदों की शपथ और मेयर चुनाव के लिए 6 जनवरी की तारीख तय की गई थी। पीठासीन अधिकारी सत्या शर्मा ने जैसे ही मनोनीत सदस्यों को शपथ के लिए बुलाया तो आम आदमी पार्टी (आप) ने इसका विरोध किया।

जिस वजह से हंगामे के चलते बैठक स्थगित कर दी गई थी। इसके बाद जनवरी और 6 फरवरी को भी भाजपा पार्षदों के हंगामे के चलते बैठक स्थगित हो गई थी। इस मामले को लेकर आम आदमी पार्टी सुप्रीम कोर्ट गई है, जहां 13 फरवरी को सुनवाई होनी है।

## भाजपा की डबल इंजन सरकार ही त्रिपुरा को तिहरी मुसीबत से बचा सकती है : शाह

### उनाकोटी जिले में एक रैली में जतना से मांगा वोट

**चांदीपुर (अगरतला)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि त्रिपुरा आगामी राज्य विधानसभा चुनाव में कांग्रेस, माकपा और टिपरा मोथा की तिहरी मुसीबत का सामना कर रहा है। शाह ने यह भी कहा कि त्रिपुरा में लंबे समय तक आदिवासियों को धोखा देने वाला वाम दल अब लोगों को धोखा देने के लिए एक आदिवासी नेता को मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश कर रहा है।



उन्होंने यहां उनाकोटी जिले में एक रैली में कहा, यदि आप इस तिहरी मुसीबत से बचना चाहते हैं तो डबल इंजन वाली भाजपा सरकार को वोट दें। जितेंद्र चौधरी माकपा के शीर्ष आदिवासी नेताओं में से एक हैं और त्रिपुरा में वाम-कांग्रेस गठबंधन के सत्ता में आने की स्थिति में उन्हें मुख्यमंत्री पद के प्रमुख दावेदार के रूप में देखा जा रहा है। माकपा और कांग्रेस 60 सदस्यीय विधानसभा के लिए 16 फरवरी को होने वाले चुनाव में मिलकर लड़ रही हैं। शाह ने कहा कि कांग्रेस और वाम दल का एकसाथ आना इस बात का संकेत है कि उन्होंने चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) से हार मान ली है। केंद्रीय मंत्री शाह ने त्रिपुरा में गरीबों के लिए 2025 तक आवास का वादा भी किया।

# सीएम योगी ने यूके के निवेशकों को दिलाया भरोसा, बोले- आपका हर निवेश सुरक्षित रहेगा

## यूके डिफेंस सेक्टर में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध

**लखनऊ।** लखनऊ में हो रहे यूपी ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट 2023 में शामिल होना मेरे लिए गौरव की बात है। उत्तर प्रदेश की इस महान धरती पर खड़े होकर पूरे विश्व को निवेश के लिए न्योता देना अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। वहीं राइस बास्केट के तौर पर मशहूर इस प्रदेश के इस कार्यक्रम के हम सब साक्षी बने यह भी एक बड़ी उपलब्धि है। यूके उत्तर प्रदेश में डिफेंस एंड एयरोस्पेस के साथ मेडिकल के क्षेत्र में बड़ा निवेश करेगा। इसके लिए मैं सीएम योगी को आश्वस्त करता हूं। ये बातें जीआईएस के तहत दधीचि हाल में आयोजित यूनाइटेड किंगडम पार्टनर कंट्री/डिफेंस सेशन में ब्रिटिश गवर्नमेंट के डिफेंस प्रोक्योरमेंट मिनिस्टर एलेक्स चॉक केसी ने कही। इस दौरान सीएम



योगी ने कहा कि यूके ने पार्टनर कंट्री के रूप में जीआईएस में जो अपना योगदान दिया है उससे न केवल डिफेंस एयरोस्पेस की फील्ड में बल्कि फूड प्रोसेसिंग के फील्ड में इसे बेहतर तरीके से आगे बढ़ाने में प्रदेश सरकार से उन्हे पूरा सहयोग प्राप्त होगा। सीएम योगी ने यूके डेलिगेशन को आश्वस्त करते हुए कहा कि प्रदेश में होने वाला हर निवेश न केवल सुरक्षित होगा बल्कि निवेशक के लिए भी फलदाई बनाने में राज्य सरकार अपनी पॉलिसी के तहत भरपूर मदद करेगी। इस दौरान सेशन में यूके की 6 कंपनियों से निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यूके मिनिस्टर एलेक्स चॉक ने कहा कि हम प्रदेश में विशेष तौर पर डिफेंस सेक्टर में अपनी साझेदारी निभाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने की दिशा में मेक इन इंडिया मुहिम के तहत वृहद स्तर पर अपनी भूमिका निभा रहा है और इस भूमिका में हमारा योगदान निवेश के साथ ही स्ट्रैटेजिकल व टैक्टिकल वेपनरी के निर्माण समेत कई क्षेत्रों में होगा। इससे उत्तर प्रदेश भारत की रक्षा जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होगा। साथ ही वैश्विक परिदृश्य में एक्सपोर्ट के लिहाज से भी उत्तर प्रदेश धाक जमाने में सक्षम होगा। सक्षम उत्तर प्रदेश न केवल भारत एशिया पैसिफिक रीजन बल्कि पूरी दुनिया के लिए महत्वपूर्ण है और इसी कारण से दुनिया आशा और उम्मीद के साथ उत्तर प्रदेश के सुनहरे भविष्य की परिकल्पना को साकार होते देखने का साक्षी बनने के लिए तत्पर है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यूके गवर्नमेंट का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जीआईएस-23 को सफलता की नई ऊंचाई तक पहुंचाने में यूके की पार्टनर कंट्री के रूप में सहभागिता और योगदान हमारे लिए अनुकरणीय है। प्रदेश को विकास की नई उड़ान देने के लिए जिन 25 सेक्टर्स पर फोकस किया गया है उनमें डिफेंस एंव एयरोस्पेस पहली प्राथमिकता पर है, जिसे तेजी के साथ विकास के पथ पर हम भारत सरकार के साथ मिलकर आगे बढ़ा रहे हैं।



**आम आदमी पार्टी (आप) ने हिंडनबर्ग शोध रिपोर्ट में अडाणी समूह के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोपों की जांच की मांग को लेकर रविवार को यहां भाजपा मुख्यालय के बाहर विरोध प्रदर्शन किया। पार्टी के दिल्ली संयोजक गोपाल राय ने कहा कि विभिन्न दलों के सदस्यों वाली एक संयुक्त संसदीय समिति को मामले की जांच करनी चाहिए। उन्होंने कहा, ह्यह्यभाजपा जांच से भाग रही है।**

# वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध की मौत

**लापरवाही**

**फेरी व मजदूरी करके करता था अपने परिवार का भरण पोषण**

जनसंदेश न्यूज


मृतक की पत्नी को सांत्वना देतीं महिलाएं

**सिरकोनी।** जलालपुर थाना क्षेत्र के इजरी बाजार के पास शनिवार की देर रात वाराणसी-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक अज्ञात वाहन की चपेट में आने से साइकिल सवार वृद्ध गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गयी।

बताते चलें कि जलील अहमद 60 वर्ष निवासी गांव रसूलपुर अपने किसी काम से साईकिल से जलालपुर के लिए गया था। वह जैसे ही ईजरी बाजार के पास पहुंचा था तभी किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंच कर पुलिस को तत्काल सूचना दी। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने घायल वृद्ध को उपचार के लिए एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रेहटी पहुंचाया जहां पर डॉक्टरों ने इलाज के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। अस्पताल में इलाज के दौरान घायल वृद्ध की मौत हो गई। मौत की खबर सुनकर परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी सुगी बेगम का रो-रो कर बुरा हाल हो गया जलील अहमद मजदूरी करके अपने परिवार का भरण पोषण करता था।

## बाइक सवार ने महिला को मारी टक्कर, हुई मौत

**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम रामनगर बाजार के पास शनिवार की शाम 5 बजे अनियंत्रित बाइक सवार ने एक महिला को टक्कर मार दी जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान महिला व बाइक चालक की देर रात मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार रामनगर निवासी 15 वर्षीय मुकेश गौतम पुत्र लालू गौतम अपनी बाइक से बादशाहपुर सामान लेने जा रहा था। उसकी बाइक की रफ्तार इतनी तेज थी कि वह बेलापार पट्टी प्रतापगढ़ निवासी 40 वर्षीय गीता देवी पत्नी राजेश चैरसिया को टक्कर मारते हुए खाई में पलट गया जिससे दोनो को गंभीर चोटें आई। तत्काल परिजनों ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। मुकेश व गीता की हालत गंभीर होते देख चिकित्साधिकारी ने जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया। मुकेश की वाराणसी ले जाते समय मौत हो गयी वहीं गीता को प्रयागराज ले जाते समय मौत हो गयी। घटना की जानकारी होने पर एसओ विवेक कुमार तिवारी ने गीता देवी के शव का पंचनामा व मुकेश गौतम का पंचनामा कराकर अन्त्य परीक्षण के लिए जौनपुर भेज दिया।

# असलहा संग टॉप टेन अपराधी गिरफ्तार



**सुइथाकला।** थाना क्षेत्र में टाप टेन का शातिर अपराधी रविवार को पुलिस द्वारा असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेज दिया गया। पुलिस के अनुसार थाना क्षेत्र के रामनगर गांव निवासी विजय शंकर तिवारी ऊर्फ चट्टान 34 पुत्र अच्छेलाल टाप टेन का शातिर अपराधी है जिसे रविवार को वांछितों और अपराधियों की तलाश के दौरान उपनिरीक्षक अनिल कुमार व हमराहियों द्वारा क्षेत्र के भुसौड़ी नहर की पुलिया के पास असलहे के साथ गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास 315 बोर का एक अदद जिन्दा कारतूस भी पाया गया। मामले में थानाध्यक्ष विक्रम लक्ष्मण सिंह ने बताया कि अभियुक्त थाना क्षेत्र में टाप टेन का शातिर अपराधी है और वह सरपतहाँ व अम्बेडकर नगर जनपद में लगभग आधा दर्जन आपराधिक घटनाओं में संलिप्त है। बरामदगी और गिरफ्तारी के आधार पर अभियुक्त का चालान आर्म्स एक्ट के तहत न्यायालय को भेज दिया गया। इस दौरान कान्स्टेबल द्वय अनुराग सिंह और मनीष कुमार मौजूद रहे।

## संक्षेप

### भाजपा मंडल कार्यसमिति में बजट के बारे में बताया



**गौराबादशाहपुर।** भाजपा मंडल कार्यसमिति की धर्मापुर मंडल की बैठक केशवपुर के एक पैलेस में संपन्न हुई जिसमें मुख्य अतिथि डॉक्टर हरेंद्र सिंह पूर्व विधायक मछलीशहर तथा सिरकोनी ब्लाक प्रमुख राम विलास पाल मौजूद रहे। उन्होंने बैठक में आए लोगों को संबोधित करते हुए 2023-24 के बजट के बारे में विस्तार से लोगों को समझाया तथा बताया कि इस बजट से मध्यम वर्ग को काफी फायदा पहुंचेगा। सरकार द्वारा मोटे अनाज को प्रोत्साहन देने तथा उससे सेहत को होने वाले फायदे के बारे में भी डॉक्टर हरेंद्र सिंह ने विस्तार से समझाया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष धर्मापुर राधेश्याम विश्वकर्मा, दिनेश सोनकर, रामाश्रय सोनकर, पन्ना लाल यादव, विनय सिंह, सुरेंद्र सिंह, मुकेश सिंह, विकास सिंह, अजय पाल, मनोज सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

### विदुषी के ठुमरी गायन ने लोगों का मन मोहा



**जौनपुर।** जिले की प्रतिभावान गायिका विदुषी वर्मा ने नव भारत निर्माण समिति द्वारा बीएचयू के स्वतंत्रता भवन में आयोजित दो दिवसीय बनारस लिट्फेस्ट -2023 (काशी साहित्य कला उत्सव) के पहले दिन अपने ठुमरी गायन से मौजूद उपस्थित जनों को मंत्र मुग्ध कर दिया। सबसे पहले विदुषी ने आजा बलम परदेसी, सैया मोरा रे और अंत में राग मिश्र खमाज में दादरा भीगी जाऊं मैं गुइया सुना कर सभागार में उपस्थित लोगों को तालियां बजाने के लिए मजबूर कर दिया। विदुषी के साथ तबले पर अखिलेंद्र मिश्रा एवं हारमोनियम पर आनंद कुमार चौबे ने सुमधुर संगत प्रदान किया। विदुषी को पद्मश्री सम्मान से अलंकृत ख्यातिलब्ध कजरी लोक गायिका अजिता श्रीवास्तव ने स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया। विदित हो कि विदुषी ने इस महोत्सव का थीम सांग अतिथि देवो भवः भी गाया हुआ है जिसे लोगों ने काफी सराहा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक का पैर कटा

**खेतासराय।** नगर के डोभी मोहल्ला में रेलवे क्रासिंग के पास शनिवार की शाम ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक का पैर कट गया। गंभीर अवस्था में घायल युवक को परिजन उपचार के लिए जिला अस्पताल ले गए। भारती विद्यापीठ मोहल्ला निवासी 27 वर्षीय आकाश यादव उर्फ सिपाही पुत्र विनोद यादव शाम को रेलवे लाइन पार कर रहा था। इस दौरान आ रही मालगाड़ी की चपेट में आ गया जिसमें उसका एक पैर कटकर शरीर से अलग हो गया।

### 1600 मीटर दौड़ में चंदन ने मारी बाजी

**सुजानगंज।** क्षेत्र के नगौली स्थित राष्ट्रीय इंटर कॉलेज में पंडित माधव राम नेशनल फाउंडेशन ट्रस्ट के द्वारा 1600 मीटर की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें जौनपुर, प्रयागराज, प्रतापगढ़ समेत कई जिले के कुल 70 धावक शामिल हुए। प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को पुरस्कृत किया गया। इस दौड़ में प्रथम स्थान चंदन यादव, द्वितीय स्थान मनीष यादव, तृतीय स्थान विशाल, चतुर्थ स्थान माताचंद्र बिंद ने प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सपा नेता पंकज मिश्र रहे। कार्यक्रम का संचालन संस्था के संस्थापक अनुराग द्विवेदी ने किया और आभार अध्यक्ष अंकुर शुक्ला ने किया। आयोजक उमेश मणि ने आए हुए समस्त आगंतुकों का स्वागत किया। इस दौरान सेना में चयनित पवन तिवारी, शनि यादव को भी मुख्य अतिथि के द्वारा सम्मानित किया गया। इस मौके पर सत्यम मिश्र, वेद प्रकाश, शुभम, ललित यादव, शिवम, अभिषेक श्रीवास्तव समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

### सड़क दुर्घटना में तीन घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क दुघर्टना में तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद दो लोगों की हालत गंभीर देख जिला रेफर कर दिया गया। क्षेत्र के बड़ौना गांव में एक ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क के किनारे गढ्ढे में पलट गयी जिसमें आगरा जनपद के समसाबाद निवासी चालक 45 वर्षीय कमल सिंह पुत्र रेवती सिंह व धौलपुर जनपद के रम्भा गढ़ गांव निवासी खालसी 40 वर्षीय लायक सिंह पुत्र हरीश सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं क्षेत्र के सबरहद गांव निवासी 65 वर्षीय कमालुद्दीन पुत्र हामिद अपने बाइक से शेखवलिया गांव के समीप बाइक से गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया जहां पर हामिद व लायक की हालत गंभीर देख उन्हें जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

### मदरसा रफीकुल इस्लाम में 550 बच्चों को खिलायी गयी दवा



**गौराबादशाहपुर।** कस्बा स्थित मदरसा रफीकुल इस्लाम में रविवार को 550 बच्चों को फाइलेरिया की दवा खिलायी गयी। धर्मापुर ब्लाक के सीएचसी चोरसंड के चिकित्सा अधीक्षक डा. मनोज कुमार के नेतृत्व में पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने बच्चों को दवा खिलायी। इस दौरान मदरसा के प्रिंसिपल राहिल अहमद, मो. हाशिम, हाफिज खुर्शीद आलम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका वर्मा, सुमन शर्मा, रुक्मणि और आशा प्रमिला चौबे, शरीफ आदि मौजूद रहे।

### तीन वारंटी पुलिस गिरफ्त में



**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अरगुपुर खुर्द गांव में न्यायालयों में वांछित चल रहे पिता व दो पुत्र को पुलिस ने दबिश दे दबोच लिया। फिलहाल सभी का चालान भेजा गया है। पुलिसिया कार्यवाही से क्षेत्र में हड़कंप मचा है। पुलिस अधीक्षक द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत सक्रिय हुई कोतवाली पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही प्रारम्भ कर दिया है। बीती रात प्रभारी निरीक्षक सदानन्द राय के निर्देश पर अपराध इंस्पेक्टर जनार्दन यादव एसआई प्रशांत पांडे ने हमराहियों के साथ अरगुपुर खुर्द गांव निवासी श्याम बिहारी पुत्र हंसराज व संजय कुमार व संदीप कुमार पुत्रगण श्याम बिहारी को पुलिस ने धर दबोचा। सभी फरार वांछितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### गैर जमानती वारंटी गिरफ्तार

**पवांरा।** गैरजमानती वारंटी राजबली पटेल पुत्र बबऊ पटेल निवासी सरावां थाना को थानाध्यक्ष राज नारायन चौरसिया, उपनिरीक्षक अंजनी सिंह ने पुलिस टीम के साथ रविवार की सुबह उसके घर से गिरफ्तार कर चालान हेतु न्यायालय भेज दिया।

# जंगली सुअर के हमले से छात्र घायल

**आतंक**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गुलालपुर का मामला**

जनसंदेश न्यूज


जंगली सूअर के हमले से घायल छात्र उपचार कराते हुए

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के गुलालपुर में रविवार को छात्र अपना सेंटर देखने जय किसान इंटर कॉलेज सरायख्वाजा में जा रहा था कि रास्ते में जंगली सूअर ने उसकी बाइक पर हमला कर दिया जिससे वह गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया और जंगली सूअर वहां से खेत की तरफ फरार हो गया। स्थानीय लोगों व राहगीरों की मदद से उसे एक निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया और परिजनों को सूचना दी।

जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी अबुसाद 18 वर्ष पुत्र गुलाम रसूल कक्षा 12 का छात्र है। वह पूर्वांचल पब्लिक स्कूल भड़ौरा मल्हनी में पढ़ता है। छात्र का सेंटर जय किसान इंटर कॉलेज सरायख्वाजा में गया हुआ है। वह रविवार को सुबह अपने सेंटर को देखने विद्यालय जा रहा था कि रास्ते में अचानक सड़क पर एक जंगली सूअर ने चलती हुई गाड़ी पर हमला कर दिया। इस हमले से छात्र गाड़ी लेकर सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। गाड़ी गिरने की तेज आवाज तेज से जंगली सूअर वहां से खेत में फरार हो गया। स्थानीय व राहगीरों की मदद से घायल छात्र को निजी चिकित्सालय में भर्ती कराया गया और परिजनों को सूचना दी गयी जहां उसका उपचार चल रहा है।

# गरीब और बेसहारा लोगों की मदद करना हम सबका पुनीत कार्य : जिलाधिकारी

**संबोधन**

**हेल्थ कैंप में 547 लोगों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण**


स्वास्थ्य शिविर में मरीजों का उपचार करते चिकित्सक

**जौनपुर।** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने कहा कि गरीब व बेसहारा लोगों की मदद करना सबसे पुनीत कार्य है। देश को आगे बढ़ाने के लिए समाज के हर तबके के लोगों की जरूरत पड़ती है। ऐसे कार्यक्रमों से सामाजिक समरसता बढ़ती है। संगठन समाज को जोड़ने का कार्य करते है। उक्त बातें उन्होंने रविवार को राजपूत सेवा समिति द्वारा एक होटल में आयोजित विशाल स्वास्थ्य शिविर के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि व्यक्त किया।

उन्होंने कहाकि गरीब बेसहारा लोगों के लिए सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए ऐसे संगठनों की जरूरत पड़ती है जो निःस्वार्थ भाव से लोगों की सेवा कर रहा है। उम्मीद करता हूं कि यह संगठन इसी तरह से समाज को जोड़ने का कार्य करता रहेगा। विशिष्ट अतिथि जफराबाद के पूर्व विधायक हरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से लोग स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होते है साथ ही गरीब तबके के लोगो को भी विशेषज्ञ चिकित्सकों से फ्री में जांच कराने का मौका मिलता है। कोआपरेटिव बैंक के चेयरमैन कुँवर वीरेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि ऐसे ऐसे शिविरों में गरीब व जरूरतमंद लोगों को बेहतर इलाज की सुविधा मुहैया कराकर बहुत ही पुनीत कार्य किया है। जिलाधिकारी व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित करने के साथ महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया। सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने संस्था परिचय व शिविर के आयोजन पर प्रकाश डाला। अतिथियों द्वारा शिविर में आये हुए चिकित्सकों को अंगवस्त्रम व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संस्था के सदस्य बरिष्ठ अधिवक्ता दुष्यंत सिंह व वीरेन्द्र सिंह सहित समिति के सदस्यों ने मंचासीन अतिथियों को अंगवस्त्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया। संचालन शरद सिंह व आभार दिनेश सिंह बब्बू ने ज्ञापित किया। सुबह नौ बजे से ही मरीजों का पंजीकरण शुरू हो गया। दस बजे से ही विभिन्न रोगों के लगे पंडालों में विशेषज्ञ चिकित्सक मरीजों के रोगों की जांच कर निःशुल्क दवा वितरित करना शुरू कर दिए। शिविर कुल 547 मरीजों का इलाज हुआ।

**शिविर में इन चिकित्सकों का रहा योगदान**

डा. एनके सिंह, डा. सुभाष सिंह, डा. नबाब सिंह, डा. ओपी सिंह, डा. तेज सिंह, डा. विनोद सिंह, डा. राकेश सिंह, डा. संतोष सिंह, डा. ऐके सिंह, डा. संजय सिंह, डा. अरुण सिंह, डा. विकास सिंह, डा. सुमित सिंह, डा. संदीप सिंह, डा. नमिता सिंह, डा. मेधा सिंह, डा. विपिन सिंह, डा. आदित्य सिंह, डा. अनिल कुमार सिंह, डा. रमित सिंह, डा. एएन कौशिक, डा. पुनीत सिंह, डा. प्रभात सिंह, डा. संजय सिंह, डा. इंद्र सिंह, डा. सुमित सिंह, डा. रॉबिन सिंह, डा. नवीन सिंह व डा. जयेश सिंह।

# विज्ञान और कला प्रदर्शनी में छात्रों ने आकर्षक मॉडल बनाए

जनसंदेश न्यूज


विज्ञान व कला प्रदर्शनी में मॉडल दिखातीं छात्राएं

**खेतासराय।** क्षेत्र के मनेछा स्थित मार्डन कान्वेंट स्कूल के चौथे वार्षिक बाल मेला व विज्ञान कला प्रदर्शनी आयोजित की गई। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने आकर्षक शैक्षिक माडल प्रस्तुत किये।

कार्यक्रम का आरम्भ विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक डाक्टर राशिद ने फीता काटकर किया। छात्र छात्राओं ने विज्ञान और कला की थीम पर बने तारकोल के मॉडल प्रस्तुत किया। इस अवसर पर हंजला, अफ्फान, राजिक, बिन्ते जहरा, महक, जका, आएशा परवीन आदि द्वारा बनाए गए फाउंटेन, मन्दिर, मस्जिद, स्मॉर्ट सिटी आदि के माडल आकर्षण का केंद रहे।

बाल मेले में छात्र छात्राओं ने झूले, रिंग गेम, बाल गेम, ब्रिक गेम का खूब आनन्द उठाया। खाने पीने के सामान की खरीदारी की। इस मौके पर मुख्य रूप से डाक्टर असहल, मौलवी जाहिद, पत्रकार अजीम सिद्दीकी, युसुफ पत्रकार, डाक्टर साजिद, औरंगजेब, प्रधानाचार्य इंतेखाब अहमद आदि ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम का संचालन कोऑर्डिनेटर मोहम्मद राशिद ने किया।

कार्यक्रम आयोजक प्रबंधक मोहम्मद आबिद ने लकी ड्रा निकाल कर पुरस्कार वितरण तथा आगन्तुकों का आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहित यादव, मोअज्जम, सरफराज साक्षी, जोया आदि उपस्थित रहे।

# अनुशासनहीनता के आरोप में तीन शिक्षक बर्खास्त

**मड़ियाहूँ।** स्थानीय नगर के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की प्रबंध समिति ने तीन शिक्षकों को अनुशासनहीनता के आरोप में निलंबित कर दिया है। स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज की हुई प्रबंध समिति की बैठक में इतिहास के प्रवक्ता अभिषेक सिंह, नागरिक शास्त्र के प्रवक्ता अशोक मौर्य तथा सहायक अध्यापक अशोक कुमार वर्मा को 18 दिसंबर को अनुशासनहीनता व अन्य अवैध कृत्यों के संबंध में निलंबित कर इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को प्रेषित की गई थी। 11 फरवरी को उपरोक्त शिक्षकों को प्रबंध समिति द्वारा उनके पदों से निलंबित कर विद्यालय से उनकी सेवा समाप्त कर दिया है। उक्त आशय की जानकारी प्रबंधक रामेश्वर सिंह तथा प्रधानाचार्य विनोद कुमार तिवारी द्वारा संयुक्त रूप से जारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

# बच्चों ने नृत्य-संगीत व भावपूर्ण गीत से मन मोहा



**मुंगराबादशाहपुर।** कस्बे के स्टेशन रोड पर स्थित साइंस क्लासेस शिक्षण संस्थान की तरफ से विदाई व पुरस्कार वितरण तथा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया।

स्कूल के बच्चों ने नए गीत संगीत व नित्य पेशकर लोगों को भाव विभोर कर दिया। छात्रा सौम्या पाण्डेय, श्वेता सिंह व प्राची पांडेय द्वारा विदाई गीत सुन श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। बूम फायर डांस एकेडमी के कलाकारों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। विशिष्ट अतिथि जीव विज्ञान प्रवक्ता जेडी वर्मा ने कहाकि जीवन में सफल होने के लिए बच्चों को टिप्स दिया। विशिष्ट अतिथि अपराध निरोधक थाना कमेटी के अध्यक्ष विक्की कुमार गुप्ता ने कहाकि सफल होने के लिए धैर्य, जिज्ञासा व अनुशासन जरूरी है। उन्होंने परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने के लिए मंगल कामना की।

उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्र-छात्राओं में कामिनी चौहान, आंचल पांडे, अल्का मौर्या, महजबी, रोशनी पटेल, लक्ष्मी ऊमरवैश्य, जीनत, लकी, प्राची पांडेय, श्वेता सिंह, प्रज्ञा तिवारी, आंचल, सौम्या श्रीवास्तव, अंशु पांडे व मानसी आदि को अतिथियों ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। डायरेक्टर वीर बहादुर विश्वकर्मा ने आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता विक्की कुमार गुप्ता ने किया।

# महासम्मेलन में शामिल होने की शिक्षामित्रों ने बनाई रणनीति

जनसंदेश न्यूज



**मुंगराबादशाहपुर।** स्थानीय सटवां स्थित खण्ड शिक्षाधिकारी कार्यालय परिसर में रविवार को आदर्श शिक्षामित्र वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष राजेश यादव व जिला संरक्षक दिलीप कुमार के निर्देशानुसार ब्लाक अध्यक्ष मनोज गौड़ की अध्यक्षता में बैठक कर रमाबाई अम्बेडकर मैदान लखनऊ में आगामी 20 फरवरी को आयोजित महासम्मेलन में शामिल होने की रणनीति पर चर्चा करते हुए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का निर्णय लिया गया। ये जानकारी जिला मीडिया प्रभारी हिमकर ने जारी विज्ञप्ति के माध्यम से दी। इस दौरान वक्ताओं ने लखनऊ में आयोजित महासम्मेलन की सफलता के लिए क्षेत्र से भारी संख्या में शिक्षा मित्रों से शामिल होने की अपील की। इस अवसर पर ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार गौड़, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष विभा सिंह, सिद्धार्थ त्रिपाठी, जिला मीडिया प्रभारी हिमकर पाण्डेय आदि ने भी अपने विचार प्रकट किए। बैठक की अध्यक्षता ब्लाक अध्यक्ष मनोज कुमार गौड़ एवं संचालन राकेश पांडेय ने किया। इस दौरान राम अकबाल मौर्य, शिवशंकर पांडेय, राकेश पांडेय, अरविंद तिवारी, नवेंद्र सिंह, अमृत लाल पटेल, श्याम शंकर दूबे, शेष बाबू पांडेय, राजेश कुमार, विभा सिंह, शशिकला,

# तेज हवा से पेड़ गिरा, चार घायल

**बदलापुर।** कोतवाली क्षेत्र के बटाऊबीर चौराहा स्थित बिश्वकर्मा नगर में रविवार की दोपहर करीब साढ़े 3 बजे चल रहे तेज हवा के कारण घनश्यामपुर-बदलापुर मार्ग पर अचानक विशालकाय पेड़ गिरने से एक बाइक पर सवार दो लोग तथा एक मिस्त्री व एक राहगीर घायल हो गए।

आस-पास के लोगों की मदद से घायल बाइक सवार निन्हकू और शशि प्रकाश निवासी भगासा व जितेंद्र उर्फ जीतू मिस्त्री निवासी बछाड़ी और राहगीर बिजय शंकर मौर्या निवासी सरायगुंजा को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचाया गया जहां डाक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद दो लोग जितेन्द्र उर्फ जीतू और एक अन्य की हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहीं पेड़ गिरने से उक्त मार्ग पर वाहनों का आवागमन बाधित हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से मार्ग पर गिरे पड़े को हटाने का कार्य किया गया।

# शिक्षा के बिना विकास संभव नहीं : एसडीएम

**समारोह**

**बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय में हुआ मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान**


मेधावी छात्रा को सम्मानित करते एसडीएम

**करंजाकला।** बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर महाविद्यालय सिद्दीकपुर परिसर में रविवार को मेधावी छात्र छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया जिसमें प्रतियोगी परीक्षा में सफल छात्रों को सम्मानित किया गया और अच्छी शिक्षा के लिए छात्रों अभिभावकों को प्रेरित किया गया।

इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसडीएम सदर सुनील कुमार भारती ने सम्बोधित करते हुए कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफल होना है तो शिक्षा के बिना उसमें विकास उन्नति संभव नहीं होगा। न ही तरक्की मिलेगी, चाहे वह तकनीकी हो या स्वरोजगार हो या व्यवसाय खेती, सरकारी जाब हो या विदेश में सफल होना होगा जब सब शिक्षित होंगे तो देश का विकास भी होगा। विशिष्ट अतिथि प्रयागराज के एआरटीओ राम सागर ने कहा कि समय तकनीक क्षेत्र की ओर परिवर्तन साथ-साथ शिक्षा भी एडवांस होती जा रही। शिक्षा से बड़ा कोई हथियार नहीं है और इस प्रतियोगिता दौर में अपने को इस्टैबलिश्ड होने के लिए नियमित पढ़ाई करें।

पूर्वांचल विश्वविद्यालय कर्मचारी संघ के पूर्व महामंत्री एवं प्रबंधक डॉ. स्वतंत्र कुमार ने कहा कि छात्रों को चाहिए कि हर क्षेत्र में स्थापित होने के लिए अपने आपको काबिल बनाएं और शिक्षा ग्रहण करें, परिजनो गुरुओं का सम्मान करें और प्रतियोगी दौर में हमेशा ऊंचा लक्ष्य रखें। इस दौरान शिक्षा उन्नयन समिति की ओर से आयोजित प्रतियोगी परीक्षा में सफल छात्र छात्राओं को सम्मानित किया गया। हाईस्कूल में अच्छे अंक पाने वाले राज नन्दनी, विनय कुमार, आनंद कुमार, अमन कुमार को एडीएम सुनील कुमार भारतीय, एआरटीओ रामसागर ने स्मृति चिन्ह व आर्थिक मदद देकर सम्मानित किया। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मोखन राम मास्टर ने किया। इस मौके पर विजय प्रताप, संजू कुमारी, जनार्दन राम, दिलीप कुमार, राजेश कुमार, प्रमोद कुमार, सियालाल गौतम, अनिल कुमार, अशोक कुमार, प्रदीप कुमार, पकौड़ी लाल मौजूद रहे। संचालन अजय कुमार ने किया।

# 1500 करोड़ के निवेश से काफी लोगों को मिलेगा रोजगार

**बोले सांसद**

### ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के परिप्रेक्ष्य में आयोजित तीन दिवसीय जनपदस्तरीय निवेश कुंभ का हुआ समापन

**जनसंदेश न्यूज**



परिषदीय बच्चों का उत्साह बढाते सांसद

**भदोही।** ग्लोबल इन्वेस्टर समिट-2023 के परिपेक्ष्य में भदोही के कार्पेट एक्सपो मार्ट में आयोजित जनपदस्तरीय निवेश कुंभ का रविवार को समापन हो गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि सांसद डॉ.रमेश चंद बिंद व विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी रहें। उन्होंने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उसके बाद परिषदीय विद्यालयों के बच्चों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत की गई। साथ ही दो निवेशकों को प्रदेश सरकार द्वारा हस्ताक्षरित एमओयू वितरित किया गया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि सांसद डॉ. रमेश चंद बिंद ने कहा कि हर जिले में उद्योग स्थापित हो और रोजगार उपलब्ध कराया जा सके। इसी उद्देश्य के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ग्लोबल इन्वेस्टर समिट का आयोजन किया गया।

उन्होंने कहा कि भदोही में विभिन्न क्षेत्रों में उद्योग स्थापित करने के लिए 112 निवेशकों ने 1500 करोड़ रुपए का निवेश किया है। इससे काफी लोगों को रोजगार मिलेगा। सांसद ने कहा कि भदोही में 650 करोड़ की लागत से रिंग रोड का निर्माण किया जाएगा। 200 करोड़ की लागत से जौनपुर मार्ग का निर्माण होगा। कंधिया में सेज के साथ ही कार्पेट सिटी फेस टू के लिए 250 बीघा जमीन अधिग्रहित कर लिया गया है।

विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी ने अभी अपने विचार रखे। कार्यक्रम के तीसरे दिवस में भी बेसिक शिक्षा की प्रस्तुति बेहतरीन रही। अंत में राष्ट्रपति के संबोधन का सजीव प्रसारण किया गया। कार्यक्रम का कुशल संचालन शिक्षक बीएल पाल ने किया। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख औराई विकास मिश्र, उपजिलाधिकारी डॉ.कृपाशंकर पांडेय, क्षेत्राधिकारी अजय कुमार चौहान, उपायुक्त उद्योग उमेश चंद्र वर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी डॉ.राजेश भारती, पीयूष बरनवाल, हीरा सिंह, राजेश मिश्र, एके सिन्हा व संतोष तिवारी आदि प्रमुख रूप से मौजूद रहें।

# जर्जर विद्युत पोल दे रहा दुर्घटना को दावत, गिरने से हो सकता है हादसा

**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** शहर के पश्चिम तरफ मोहल्ले में विद्युत विभाग द्वारा वर्षों पूर्व लगाया गया एक पोल काफी जर्जर स्थिति में पहुंच गया है। जो कभी भी गिर सकता है। ऐसे में इसके गिरने के बाद बड़ा हादसा भी हो सकता है। जिसको देखते हुए मोहल्ले के लोगों ने विभाग से जर्जर पोल बदलवाने की मांग की है।

उक्त मोहल्ले में लोगों को विद्युत आपूर्ति देने के लिए विभाग द्वारा वर्षों पूर्व विद्युत पोल लगाकर तार को दौड़ाया गया है। जो इस समय नीचे से काफी जर्जर हो चुका है। सिर्फ तार के टाइट होने के कारण रुका है। अन्यथा वह कब का ही गिर गया होता। वैसे अगर इस जर्जर विद्युत पोल को बदला नहीं गया तो वह कभी भी गिर सकता है। अगर यह गिरा तो इसके कारण बड़ा हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता। क्योंकि उस जर्जर पोल के आस-पास मकान है और घनी आबादी है। वहीं सड़क होने के कारण हमेशा लोगों का आना-जाना बना रहता है। ऐसे में मोहल्ले के गुलाम साबिर खां सागर, सैयद सलीम अहमद व अली अहमद आदि लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों का ध्यान इस जर्जर विद्युत पोल की ओर आकृष्ट कराते हुए बदलवाने की मांग की है। ताकि इसके गिर जाने के बाद जो हादसे की आशंका मोहल्ले के लोगों में बना हुआ है वह समाप्त हो सकें।



मोहल्ला पश्चिम तरफ में नीचे से जर्जर हो चुका विद्युत पोल

# सूर्यबली यादव पीजी कालेज फाइनल मैच जीतकर बना चैम्पियन



**करंजाकला।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर स्थित एकलब्य स्टेडियम में अन्तर महाविद्यालयीय क्रिकेट पुरूष प्रतियोगिता का फाइनल मैच खेला गया। फाइनल मैच में सूर्यबली यादव पीजी कालेज देवकली एवं मो. हसन पीजी कालेज के बीच खेला गया। मो. हसन कालेज की टीम ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

सूर्यबली यादव कालेज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 30 ओवर में 7 विकेट खोकर 229 रन बनाए जिसमें आयुष पाण्डेय ने 74 गेंद पर 73 रन एवं अभिषेक कौशल 48 गेद पर 51 रनों का योगदान रहा। गेंदबाजी में मो. हसन कालेज के किशन सिंह ने 6 ओवर में 61 रन देकर 3 विकेट प्राप्त किये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मो. हसन कालेज की टीम ने निर्धारित 30 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 224 रन ही बना सकी जिसमें सौरभ त्रिपाठी 66 गेंद पर 80 रन तथा अनुज सिंह ने 58 गेंद पर 75 रनों का योगदान रहा।

गेंदबाजी में सूर्यबली यादव कालेज की तरफ से पंकज विश्वकर्मा ने 5 ओवर में 40 रन देकर 2 विकेट एवं अंकित 6 ओवर में 34 रन देकर 1 विकेट प्राप्त किये। सूर्यबली यादव कालेज ने 5 रन से जीतकर खिताब पर कब्जा किया। वित्त अधिकारी संजय कुमार राय मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये खिलाड़ियों को खेल भावना एवं अपनी सहभागिता करने हेतु संदेश दिया। प्रो. सुरेश कुमार पाठक, अध्यक्ष खेलकूद परिषद द्वारा समस्त खिलाड़ियों को सम्बोधित किया गया। मो. हसन कालेज के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने विजेता टीम को 2000 रूपये एवं उपविजेता टीम को 1500 रूपये नकद पुरस्कार दिया। उक्त अवसर पर डॉ. रामाश्रय शर्मा, खेल सहायक रजनीश कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, सतेन्द्र कुमार सिंह, अरूण कुमार सिंह, क्रिकेट प्रशिक्षक विजय प्रकाश, भानू प्रताप शर्मा आदि उपस्थित रहे। साथ ही साथ सूर्यबली यादव कालेज के टीम प्रबन्धक रोहित यादव भी मौजूद रहे। अम्पायर की भूमिका में राजेश पटेल, प्रदीप पटेल एवं प्रवीन श्रीवास्तव रहे।

# 16 फरवरी से 105 केन्द्रों पर परीक्षा देंगे 60 हजार विद्यार्थी

**भदोही।** प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक विजय सिंह यादव ने कहा कि सुचिता पूर्ण परीक्षा कराने के लिए तैयारी पूर्ण कर ली गई है। हर केंद्र पर एक से दो सुरक्षाकर्मी की तैनाती के लिए पत्र लिखा गया है। उन्होंने बताया कि सामूहिक नकल कराने में गैंगेस्टर से लेकर रासुका लगाने तक की कार्रवाई होगी।

16 फरवरी से शुरू होने वाली बोर्ड परीक्षा में निरीक्षण के लिए छह सचल दस्ते गठित हो गए हैं। अबकी बार दो सचल दस्ते अधिक बनाए गए हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक बेसिक शिक्षा अधिकारी वित्त एवं लेखाधिकारी डायट प्राचार्य वरिष्ठ प्रवक्ता डायट प्रधानाचार्य पं. दीनदयाल उपाध्याय मॉडल स्कूल के प्रधानाचार्य का दस्ता बनाया गया है। इसमें दो पुरूष एक महिला सदस्य भी नामित हैं।

बोर्ड परीक्षा के लिए जिले में 105 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के 60 हजार 75 विद्यार्थी परीक्षा देंगे। परीक्षा के लिए जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट स्टेटिक मजिस्ट्रेट तैनात किए जा चुके हैं।

नकल विहीन और शांतिपूर्ण परीक्षा को कराने के लिए शासन गंभीर है। जिसको लेकर माध्यमिक शिक्षा विभाग और प्रशासन हर बिंदु पर तैयारी कर रहा है। जिससे 16 फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षा में कोई दिक्कत न हो। जिले में होने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। नकल पर अंकुश के लिए कड़े इंतजाम किए जा रहे हैं।

नकल कराने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा के दौरान कहीं पर भी नकल में संलिप्त मिलने वाले माफिया के खिलाफ रासुका तक की कार्रवाई की जाएगी।

## विशेष टीकाकरण अभियान आज से शुरू

**भदोही।** जनपद में 13 फरवरी से 24 फरवरी तक बच्चों के लिए विशेष टीकाकरण अभियान चलेगा। यह जानकारी जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉक्टर सुरेश सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टीबी, गलाघोटू, कालीखांसी, निमोनिया, हेपटाइटिस बी, खसरा, रूबेला, दिमागी बुखार और डायरिया जैसी बीमारियों से बचाव टीकाकरण से संभव है। सोमवार से 06 सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों ए 16 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों और 63 उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर विशेष टीकाकरण अभियान शुरू हो रहा है। इस दौरान 26065 को टीका से आच्छादित करने का लक्ष्य निर्धारित है।इसके पहले वर्ष 2020-2021 में 48789 बच्चों व 2019-2020 में 37458 बच्चों को विभाग ने टीका से आच्छादित किया जा चुका है। मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संतोष कुमार चक ने निर्देश दिया है कि एक सिरिंज से केवल एक ही बच्चों को टीकाकरण से आच्छादित करें। टीकाकरण के बाद तत्काल कार्ड भी दें।

# खेलो इंडिया यूथ गेम में सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी का हुआ स्वागत

**जनसंदेश न्यूज**



युथ गेम में सिल्वर मेडल विजेता खिलाड़ी मंगल यादव का स्वागत करते लोग

**सुरियावां।** मध्य प्रदेश में अयोजित खेलो इंडिया यूथ गेम में सुरियावां क्षेत्र के मनापुर गाँव के होनहार खिलाडी मंगल यादव दो सौ मीटर की प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल प्राप्त कर-के सुरियावां क्षेत्र के साथ साथ जनपद व प्रदेश का मान बढ़ाया हैं।

5 फरवरी को मंगल ने 200 मीटर दौड़ में भाग लिया। इसी के साथ 200 मीटर 21.90 की टाइमिंग में पूरा करके सिल्वर मेडल प्राप्त किया। सिल्वर मेडल प्राप्त करने के बाद रविवार को मंगल का सुरियावां में प्रथम आगमन हुआ। होनहार खिलाडी के प्रथम आगमन पर रेलवे स्टेशन से लेकर नगर के सैकड़ो लोगो ने फूल मालाओं से लादकर मंगल का स्वागत किया। स्वागत करने वालो में समाजसेवी विनय चौरसिया, जिला पंचायत सदस्य आशीष सिंह, रामआसरे सिंह प्रशिक्षक, पुर्व चेयरमैन नंदलाल गुप्ता, ग्राम प्रधान चंद्रेश यादव, मथुरा राम यादव कोषागार, दिनेश यादव दादा, भानु मौर्य, अवधेश ऊमर वैश्य, मनोज मौर्य, संजय श्रीवास्तव, अजित यादव, रोहित चौरसिया, अशोक जालान, डॉ. एल सी यादव, लोलारक आदि नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगो ने स्वागत कर बधाई दी।

## संक्षेप

### मामूली विवाद में दो पक्षों में मारपीट, एक घायल

**गोपीगंज।** कोतवाली क्षेत्र के पूरेभिखारी नामक ग्राम में रमाकांत गौतम उम्र 48 वर्ष पुत्र शामल गौतम को गांव के दुसरे पक्ष के लोगो द्वारा मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि रमाकांत गौतम अपने घर के बाहर रात्रि को निकला था। इसी बीच किसी बात को लेकर पड़ोसी से विवाद हो गया। जिसपर उसे मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिए। इसकी सूचना 112 को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोपीगंज में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। परिजनों द्वारा थाना गोपीगंज को सूचना दे दी गई है।

### जालसाजी कर लाखों का सामान हड़पने का आरोपी गिरफ्तार

**भदोही।** थाना क्षेत्र अंतर्गत गोला बाजार, काजीपुर कस्बा भदोही स्थित बैटरी इनवर्टर की गोदाम सहित लाखों का सामान आरोपियों द्वारा षड्यंत्र के तहत गायब, चोरी करने के संबंध में आवेदक सैफ अनवर पुत्र मोहम्मद अनवर शास्त्रीनगर कॉलोनी थाना सिगरा कमिश्नरेट वाराणसी ने मुकदमा दर्ज कराने के लिए तहरीर दिया था। पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर मु.अ.सं -231/2022 धारा-419, 420, 467, 468, 471, 406, 120इ, 34, 379 भा.द.वि. का अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्यवाही प्रचलित की गई। स्थानीय पुलिस टीम द्वारा उक्त अभियोग से सम्बंधित वांछित अभियुक्त फैसल खां पुत्र अख्तर खां निवासी पीरबाग कॉलोनी शक्ति नगर थाना गाजीपुर जनपद लखनऊ को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही के उपरांत चालान न्यायालय किया गया।

### संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की तलाशी

**भदोही।** डॉ. अनिल कुमार, पुलिस अधीक्षक भदोही के निर्देशन में जनपद में चाक चौबन्द सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था तथा बालिका व महिला सुरक्षा के दृष्टिगत सघन चेकिंग किया जारहा है। जनपद के सभी प्रमुख चौराहों पर पुलिस द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जारहा है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष, चौकी प्रभारी मय पुलिस बल के साथ सतर्क दृष्टि बनाए रखते हुए सायं पैदल गश्त किया जा रहा है। पैदल गश्त के दौरान प्रमुख मार्गो, चौराहों, बाजारों व भीड़-भाड़ वाले स्थानों आदि पर संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु व वाहनों की गहनता से चेकिंग की गई। पैदल गस्त के दौरान आम जन को आश्वस्त कराया जा रहा है कि जनपद भदोही पुलिस शांति, सौहार्द एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए कटिबद्ध है।

### कट्टे के साथ एक गिरफ्तार

**मड़ियाहूं।** स्थानीय कोतवाली पुलिस ने रविवार को भुभुवार गेट के पास से एक युवक को असलहे के साथ गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक ओम नारायण सिंह ने बताया कि क्षेत्र भ्रमण के दौरान रविवार को 10:40 बजे मड़ियाहूं-मछलीशहर मार्ग पर भुभुवार गेट के पास संदिग्ध रूप से खड़े एक युवक की जमा तलाशी ली गई तो उसके पास से एक अदद 12 बोर का कट्टा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम छोटू उर्फ लक्ष्मी शंकर पटेल पुत्र बेचू निवासी साहोपट्टी थाना मड़ियाहूं बताया। पुलिस युवक के खिलाफ विधिक कार्यवाही कर रही है। पकड़ा गया युवक हत्या गैंगस्टर सहित कई मुकदमों में वांछित है।

### पूर्व नपं अध्यक्ष के आवास पर नारद महराज का हुआ स्वागत

**मछलीशहर।** पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संजय जायसवाल के आवास व प्रतिष्ठान पर पधारे शक्तेशगढ़ से पधारे अड़गड़ानंद के शिष्य नारद महराज का सैकड़ों भक्तों ने जोरदार स्वागत किया और प्रवचन सुना। तदुपरांत प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर प्रवचन देते हुये नारद महाराज ने कहा कि बड़े भाग्य मानुष तन पावा। मनुष्य योनि में आने के लिये जीव को कई योनियों में भटकना पड़ता है। गीता में भगवान कृष्ण का कथन है कि मनुष्य कर्मो का निर्माता है। मन से इंद्रियों को वश में करने वाला ही परमात्मा का आशीर्वाद प्राप्त कर सकता है। इसमें श्रद्धा, विश्वास व समर्पण भाव होना चाहिये। गुरु शिष्य की परम्परा सदियों से चली आ रही है। प्रभू के शरण में जाने का रास्ता गुरु ही दिखा सकता है। गुरु ही सन्मार्ग पर चलने की राह दिखाते हैं। जाति, पांति, छुआ छूत में कोई भेद न रखें। परमात्मा का जप श्रद्धा से करने पर मनुष्य अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। यथार्थ गीता में ईश्वर भजन व भक्ति के माध्यम से ईश्वर प्राप्ति का सही अर्थ बताया गया है। मौके पर संजय जायसवाल, सुभाष जयसवाल, अवधेश गुप्ता, मुकेश तिवारी, डा. जीएस यादव, बाबुलनाथ, रमेश, पवन, आशीष, डा. एमपी, अरुण, नरेंद्र बहादुर, सीताराम सहित भारी संख्या में पुरुष, महिला श्रद्धालु उपस्थित थे। इसी क्रम में कुरनी गांव निवासी सुरेन्द्र विक्रम के आवास पर भक्तों ने स्वागत भी किया।

### घर से बकरी उठा ले गए हौसला बुलंद चोर

**गोपीगंज।** नगरीय क्षेत्र के नई बस्ती वार्ड 12 में रविवार की भोर में तीन बजे हौसला बुलन्द चोरों ने पुलिस को चुनौती देते हुए घर से बकरी उठा ले गए। जबकि दूसरा बकरा भाग निकला। घटना की वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। घटना के संबंध में प्राप्त जानकारी के अनुसार बताया जाता है कि रविवार की भोर लगभग 3:00 बजे महताब आलम अंसारी पुत्र साकिर अली अंसारी निवासी नई बस्ती वार्ड 12 में कार सवार चोर मकान के दरवाजे से अंदर घुसकर मकान के बाहर से दोनों दरवाजों को बंद कर दिया। और बकरी और बकरे को गाड़ी में लाद दिए जहां से एक बकरा गाड़ी से निकलकर भागने में सफल रहा, और चोर एक को लादकर उठा ले गए। इसी बीच बकरी के बच्चों के चिल्लाने पर घर के लोगों की जब नींद खुली तो घर से बाहर निकलना चाहा लेकिन बाहर से बंद होने के कारण वह बाहर नहीं निकल सके, और मकान के छत से गाड़ी पर ईट पत्थर चलाना शुरू किया। चोरों द्वारा एक बकरी को लेकर के भागते समय रास्ते में पड़े खंभे से टकराते हुए भाग निकले। रात्रि में ही परिजनों द्वारा 112 को सूचित किया गया, मौके पर पहुंची पुलिस ने सुबह आकर तहरीर देने की बात कह कर चली गई। बताते चलें कि इस तरह चोरी की घटना से स्थानीय नागरिकों में काफी दहशत व्याप्त है। एक हफ्ते में नगर में यह चोरी की तीसरी घटना है। इसके पूर्व प्राथमिक विद्यालय ककराही में और दूसरी घटना कोतवाली के पीछे बाइक चोरी तथा तीसरी घटना नई बस्ती में बकरी चोरी की हुई है। पुलिस प्रशासन अभी तक किसी भी घटना का खुलासा नहीं कर पाई है और उसके कानों में जूं तक नहीं रेंग रही है।

# नारी का करो सम्मान तभी बनेगा देश महान

**शिविर**

### राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई शिविर के दौरान छात्राओं ने गांव की महिलाओं को किया जागरूक

**जनसंदेश न्यूज**




गांव की महिलाओं को जागरूक करने के लिए नारेबाजी करती महिलाएं

**भदोही।** केशव प्रसाद मिश्र राजकीय महिला महाविद्यालय औराई द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में विशेष शिविर आयोजित किया जारहा है। शिविर प्रार्थना एवं सूर्य नमस्कार के साथ प्रारंभ किया गया।

कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह के नेतृत्व में टोली नंबर 1 जीजाबाई, टोली नंबर 2 सुचेता कृपलानी, टोली नंबर 3 मणिकर्णिका, टोली नंबर 4 मदर टेरेसा की छात्राओं ने नारी सशक्तिकरण विषयक बहुत ही सुंदर पोस्टर, स्लोगन, हैंड बिल एवं नारों के साथ पूरा ग्रामसभा हमीदपट्टी गुंजायमान कर दिया। इस बीच स्वयंसेवी छात्राओं के बराबरी का साथ निभाए महिलाएं अब आगे आएं, नारी का करो सम्मान तभी बनेगा देश महान, देश को आगे बढ़ाना है तो नारी को सशक्त बनाना है, आदि नारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा।

स्वयंसेवी छात्राओं ने घर-घर जाकर महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर के विषय मे भी बताया। द्वितीय बौद्धिक सत्र में ३नारी सशक्तिकरण३ विषय पर समाज शास्त्र विभागाध्यक्ष प्रोफेसर रीना सिंह ने छात्राओं को नारी सशक्तिकरण की परिभाषा एवं आर्थिक राजनैतिक मनोवैज्ञानिक सशक्तिकरण एवं उनसे लाभ के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम अधिकारी अनुज कुमार सिंह ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, प्रवीण राय, डॉ. योगेंद्र लाल वर्मा सहित कर्मचारीगण हरे कृष्ण मिश्र, राजकुमारी, पंचायत सहायक सुनील कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्रकृति वैज्ञानिक की जयंती पर बेबीनार का आयोजन

**भदोही।** डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी राजकीय महाविद्यालय भदोही में जंतु विज्ञान विभाग के तत्वाधान में जंतु विज्ञान परिषद ने प्रख्यात प्रकृति वैज्ञानिक चार्ल्स डार्विन के जन्मदिवस पर एक वेबीनार का आयोजन किया। जिसके मुख्य वक्ता दीनदयाल उपाध्याय राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय सैदाबाद प्रयागराज रहे। डॉक्टर वर्मा ने चार्ल्स डार्विन के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके योगदानों की अद्यतन प्रासंगिकता पर विस्तृत चर्चा की। जिससे छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन हुआ एवं उनका व्याख्यान विद्यार्थियों के बीच में चर्चा रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डा. मुरलीधर राम ने इस वेबिनार का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता का स्वागत एवं परिचय जंतु विभाग प्रभारी डॉ. आसुतोष कुमार श्रीवास्तव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में समस्त महाविद्यालय परिवार उपस्थित रहा एवं छात्रों की सराहनीय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का सफल संचालन गार्गी मिश्रा एवं धन्यवाद आस्था जायसवाल ने किया।

# भाषा प्रेमी थे हेमवती नंदन बहुगुणा : साजिद



**खेतासराय।** क्षेत्र के मनेछा गांव पहुंचे बहुगुणा समिति के जिला अध्यक्ष साजिद आजमी ने पत्रकार वार्ता में बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री स्व. हेमवती नन्दन बहुगुणा जोशी की याद में लगभग दो दशकों से एक शाम बहुगुणा के नाम से कवि सम्मेलन होता चला रहा है जिसमें पूर्वांचल के साहित्य प्रेमी व दिग्गज शिरकत करेंगे। कवि सम्मेलन 26 फरवरी को आयोजित किया गया है। उन्होंने बताया कि श्री बहुगुणा ने अपने मुख्यमंत्री कार्यकाल में उर्दू भाषा को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध रहे। तत्कालीन समय में उर्दू को बढ़ावा देने के लिए कई हजार शिक्षकों को नौकरी पेशा से जोड़ा। उन्होंने भारत के एक धर्मनिरपेक्ष नेता के रूप में राजनीति के फलक पर अपनी छाप छोड़ी थी। उनकी याद में ऑल इंडिया कवि सम्मेलन आजमगढ़ के कौरा गहनी गांव में उनकी स्मृति एक मुशायरे का होना सुनिश्चित किया गया है। कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए श्री आजमी ने बताया कि कवि सम्मेलन में विख्यात कवि और कवयित्री शामिल होंगे। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया आयोजित कवि सम्मेलन में अतिथि के रूप में पूर्व मुख्यमंत्री की बेटी सांसद प्रयागराज रीता बहुगुणा जोशी, राज्यमंत्री दानिश अंसारी, महाराष्ट्र सपा प्रदेश अध्यक्ष अबू आजमी, पूर्व चांसलर लुकमान खान, जेड.के. फैजान समेत अन्य लोग उपस्थित रहेंगे। प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान खालिद, निजामुद्दीन, अशोक यादव, आरिफ, इफ़्तिखार, रामकिशुन, मो. सालिम आदि लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा जगत के पुरोधा पूर्व प्रधानाचार्य का निधन

**सिकरारा।** क्षेत्र के सर्व हितैषी इंटर कॉलेज मसीदा जौनपुर के संस्थापक /प्रधानाचार्य एवं शिक्षा जगत के पुरोधा रामयश यादव का फेफड़े में संक्रमण के कारण निधन हो गया। उनका इलाज किंग जॉर्ज मेडिकल कालेज लखनऊ में चल रहा था। उनके निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई वह 94 साल के थे। उनके परिवार में उनकी धर्मपत्नी, दो बेटे, तीन बेटियां थी। उनके निधन की खबर से परिवार के साथ साथ उनसे जुड़े सभी लोग गमगीन हो गए।

लखनऊ से जब उनका पार्थिव शरीर जौनपुर स्थित उनके आवास पर पहुंचा तो माहौल गमगीन हो गया और वहां उपस्थित सभी लोगों की आंखे नम हो गई। इसके बाद उनके पार्थिव शरीर के अंतिम दर्शन के लिए सर्व हितैषी इण्टर कालेज मसीदा ले जाया गया जहां लोगों ने उनके पार्थिव शरीर पर फूल माला एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर मुख्य रूप से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजबहादुर यादव, उमाशंकर यादव प्रधानाचार्य, अखिलेश श्रीवास्तव, देशबंधु यादव, धीरेंद्र यादव, संजय यादव, विकास यादव, जगन्नाथ यादव प्रबंधक, उदल यादव, अनिल कुमार यादव, तीर्थराज पांडेय आदि सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

जनसंदेश टाइम्स प्रा. लि. के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** 8/6 ताशकंद मार्ग, सिविल लाइन्स, प्रयागराज से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
स्थानीय सम्पादक - प्रवीण कुमार कुशवाहा
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. -0532 - 2400063
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46202**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13.

# अजय सिंह अध्यक्ष व ओंकार सिंह मंत्री निर्वाचित

**अधिवेशन**

### चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ का द्विवार्षिक अधिवेशन

**जनसंदेश न्यूज**



चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारीगण

**जौनपुर।** पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कृषि भवन सभागार में उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ जौनपुर का द्विवार्षिक अधिवेशन डॉ. प्रदीप कुमार सिंह जिला अध्यक्ष राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की अध्यक्षता में सोमवार को आयोजित किया गया। अधिवेशन के मुख्य अतिथि प्रांतीय महामंत्री रामनरेश यादव एवं धीरेंद्र बहादुर सिंह तथा चुनाव अधिकारी मंसाराम प्रदेश उपाध्यक्ष उत्तर प्रदेश चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी महासंघ रहे।

अधिवेशन में जनपद कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों/कर्मचारियों सहित विभिन्न संगठनों के विकास खंड एवं तहसील स्तरीय पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। जिला अध्यक्ष द्वारा पूर्व कार्यकारिणी भंग करने के पश्चात सदन की सर्वसम्मति से अजय कुमार सिंह को दूसरी बार पुनः जिला अध्यक्ष, ओंकार सिंह को जिला मंत्री तथा अजय लाल मौर्य को जिला कोषाध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। प्रदेश महामंत्री द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलायी गयी तथा एक माह के अंदर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करते हुए प्रांतीय नेतृत्व को अवगत कराने का निर्देश दिया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद अध्यक्ष डॉ. प्रदीप सिंह ने उपस्थित सभी संगठनों के पदाधिकारियों से इस संघर्ष वर्ष में बिना किसी भेदभाव, गुटबाजी एवं निमंत्रण का इंतजार किया। स्वप्रेरित होकर पुरानी पेंशन योजना की बहाली सहित विभिन्न कर्मचारी हितों के मुद्दों पर एक साथ मिलकर संघर्ष करने का आह्वान किया। अधिवेशन में नियोजन एवं कर्णिक संघ के जिला अध्यक्ष सुजीत कुमार सिंह, राजीव कुमार रोशन, ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के जिला मंत्री रामकृष्ण पाल, परिषद के संगठन मंत्री शरद पटेल, पीडब्ल्यूडी से कल्लू कामरेड, कलेक्ट्रेट कर्मचारी संघ से ओमप्रकाश सिंह, सफाई कर्मचारी संघ से जिला अध्यक्ष अमर बहादुर यादव, संजय कुमार चौधरी आदि सैकड़ों पदाधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तेज बहादुर एवं केसरी प्रसाद गौतम ने संयुक्त रूप से किया।

## तमंचा व कारतूस के साथ बदमाश गिरफ्तार

**गौराबादशाहपुर।** स्थानीय थाने की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक अपराधी को एक अदद तमंचा और एक जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाने के उपनिरीक्षक इष्टदेव पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को दोपहर लगभग डेढ़ बजे गोड़हरा पुलिया के पास खड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में ले लिया गया। तलाशी में उसके पास से 315 बोर का तमंचा तथा एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में उसने अपना नाम जय किशन चौहान पुत्र जयहिंद चौहान निवासी सकरा रामपुर थाना गौराबादशाहपुर बताया। थाना प्रभारी ने बताया कि अभियुक्त को विधिक धाराओं में चालान कर जेल भेज दिया गया।

# अध्यापक से राज्यपाल तक का सफर

मनोज श्रीवास्तव

### अदलहाट के हाजीपुर गांव के रहने वाले हैं लक्ष्मण आचार्य

**रामनगर।** सादगी के प्रतिमूर्ति, चेहरे पर सदैव मुस्कान, व्यवहार कुशल, कर्त्तव्यनिष्ठा, कुशल सांगठनिक क्षमता और समर्पण। जी हां, यह पहचान है लक्ष्मण आचार्य की। अध्यापक से राज्यपाल तक का सफर तय करने वाले लक्ष्मण आचार्य को जब भी जो पद मिला, पूरी निष्ठा के साथ निभाया। अब वह अपना नया दायित्व निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। रविवार को राज्यपाल बनने की जानकारी मिलते ही उनके मोहताज खाना-रामनगर स्थित बधाई देने वालों का तांता पूरे दिन लगा रहा। हर किसी से वे स्नेह भाव से मिले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खास करीबियों में उनकी गिनती होती है। पीएम मोदी के हर वाराणसी दौरे में एमएलसी लक्ष्मण आचार्य साथ-साथ नजर आते रहे।



भारतीय शिशु मंदिर में बतौर अध्यापक की कैरियर से शुरूआत करने वाले अदलहाट के हाजीपुर गांव निवासी लक्ष्मण आचार्य ने राज्यपाल तक का सफर तय कर के एक दृष्टांत स्थापित किया है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ाव के बाद उन्होंने रामनगर में ही किराए के मकान में रह कर भारतीय शिशु मंदिर में अध्यापन शुरू किया। उसके बाद उन्होंने अपने पिता कालीदास के नाम से कालीदास शिक्षण संस्थान के नाम से विद्यालय की शुरूआत की और धीरे-धीरे कई विद्यालय खोल कर उन्होंने शिक्षा जगत में अलग पहचान बनाई। साथ साथ आरएसएस के साथ निष्ठा भाव से काम करने के साथ ही भाजपा के नगर महामंत्री बने।

### रामनगर में किराए के मकान में रहकर किया अध्यापन कार्य

अपनी कुशल सांगठनिक क्षमता के दम पर लक्ष्मण आचार्य एक-एक राजनीतिक पायदान पर चढ़ते गए। फिर वे भाजपा के जिला महामंत्री बने और एकीकृत वाराणसी के जिलाध्यक्ष पद को भी सुशोभित किया। उस समाय चंदौली-भदोही सहित बनारस एक बड़ा जिला था। कभी भाजपा के कद्दावर नेता ओमप्रकाश सिंह के करीबी रहे लक्ष्मण आचार्य को मत्स्य निगम का चेयरमैन (दर्जा प्राप्त मंत्री) बनाया गया। उनके संगठन के प्रति समर्पण और निष्ठा को देखते वर्तमान केंद्रीय मंत्री महेंद्रनाथ पांडेय की टीम में लक्ष्मण आचार्य को दो-दो बार क्षेत्रीय मंत्री का दायित्व मिला, जिसे उन्होंने बखूबी निभाया। लगातार दो बार काशी क्षेत्र के अध्यक्ष की भी जिम्मेदारी भी उन्होंने पूरी निष्ठा के साथ निभाया।

### मत्स्य निगम के चेयरमैन व एमएलसी पद को भी किया सुशोभित



क्षेत्रीय अध्यक्ष पद रहने के दौरान ही इनके कार्यकाल और पार्टी के प्रति निष्ठा को देखते हुए शीर्ष नेतृत्व ने लक्ष्मण आचार्य को एमएलसी का चुनाव लड़ाया। जिसमें उन्होंने विजयश्री हासिल किया। वर्तमान में भी वे एमएलसी के साथ-साथ भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व भी निर्वहन कर रहे हैं। उनको प्रयागराज का प्रभारी भी बनाया गया। पार्टी हो या कार्यकर्ता या फिर आम नागरिक। सभी के लिए वे सहज रूप से सर्वसुलभ रहते हैं। विधानसभा चुनाव में भाजपा को मिली भारी जीत पर लक्ष्मण आचार्य का नाम सरकार में मंत्री बनने की दौड़ में सर्वाधिक रहा। लेकिन कहा जाता है कि समय से पूर्व कुछ नहीं मिलता। वहीं हुआ भी। उनके शांत स्वभाव का प्रतिफल मिला और अब वे राज्यपाल जैसे अहम पद को सुशोभित करने जा रहे हैं।

### आरएसएस के साथ निष्ठा भाव, संगठन के कई पदों पर रहे

एमएलसी लक्ष्मण आचार्य राम मंदिर आंदोलन में भी सक्रिय भागीदार रहे हैं। पूर्वांचल में गैर ओबीसी के बीच भाजपा की पैठ बनाने का श्रेय भी इन्हें दिया जाता है। भाजपा में लक्ष्मण आचार्य का नाम वरिष्ठ नेताओं में गिनती होती है। कुशल व्यक्तित्व के धनी लक्ष्मण आचार्य अपने व्यवहार से अपने विरोधियों को भी झुकने पर मजबूर कर देते हैं। कहा जाता कि सपा, कांग्रेस हो या फिर बसपा, सभी पार्टी के नेता इनको काफी सम्मान देते हैं। राजनीतिक जीवन में उनकी सक्रियता की ही देन है कि सरकार ने उनको सिक्किम राज्य के राज्यपाल के रूप में महत्वपूर्ण ओहदा प्रदान किया है।

## इन पदों पर किया सेवा कार्य



भाजपा के वरिष्ठ नेता लक्ष्मण आचार्य का जनम 1954 में रामनगर में हुआ। अपने छात्र जीवन के प्रारंभिक दिनों में ही बाल स्वयंसेवक के रूप में संघ से जुड़े। भाजपा के क्षेत्रीय मीडिया प्रभारी नवरतन राठी ने बताया कि 1973 से 1975 तक भारतीय शिशु मंदिर रामनगर में आचार्य का दायित्व निभाया। 1973 में शिमला समझौते के खिलाफ आंदोलन में पहली बार गिरफ्तारी दी। 1975 में आपातकाल के दौरान भूमिगत रहकर सक्रिय सहभागिता निभाई। विश्व हिन्दू परिषद रामनगर इकाई के महामंत्री रहते हुए राम जन्मभूमि आंदोलन में भाग लिया और गिरफ्तार हुए। राजनैतिक जीवन की शुरूआत करते हुए लक्ष्मण आचार्य 1990 में रामनगर इकाई के मंडल अध्यक्ष बनाए गए। तत्पश्चात 1995 में वाराणसी-चंदौली के संयुक्त जिला महामंत्री का दायित्व निभाया। 1996 में वे वाराणसी के जिलाध्यक्ष बनाए गए। 1997 से 2000 तक उत्तर प्रदेश मत्स्य विकास निगम के चेयरमैन रहे। 2002 में भाजपा काशी क्षेत्र के क्षेत्रीय मंत्री बने और 2004 में भाजपा के अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किए गए। श्री आचार्य 2013 में भाजपा काशी क्षेत्र के अध्यक्ष बनाए गए और 2015 में विधान परिषद सदस्य बने। 2018 में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष के तौर पर लक्ष्मण आचार्य की नियुक्त हुई। 2020 में उपनेता विधान परिषद भाजपा विधायक दल के तौर पर दायित्व मिला।

# युवा पीढ़ी को संगीत से जोड़ने में मिली कामयाबी : पं. देवाशीष डे

### शिष्यों के साथ खुलती है आंख और गुजरती है रात

राधेश्याम कमल

**वाराणसी।** भारतीय शास्त्रीय संगीत से मुझे युवाओं को जोड़ने में कामयाबी मिली है। अब तक हजारों शिष्यों को शास्त्रीय संगीत में पारंगत कर चुका हूं। रोज मेरी आंख विद्यार्थियों के साथ ही खुलती है और रात भी शिष्यों संग गुजरती है। बरसों की मेरी मेहनत आज रंगत ला रही है। कोई भी ऐसा विश्वविद्यालय, स्कूल अथवा मंच नहीं होगा जहां पर संगीत के क्षेत्र में सीखाये हुए मेरे शिष्य न हो। हर जगहों पर मेरे सीखाये शिष्य कामयाब हो रहे हैं और साथ ही मेरा भी नाम रौशन कर रहे हैं। यही वजह है कि मुझे उ.प्र. संगीत नाटक अकादमी अवार्ड मिला। कहा कि अब तक लगभग चार हजार विद्यार्थियों को गायन के अलावा तबला व हारमोनियम में पारंगत कर चुका हूं। कहा कि मेरे संगीत की गमक शिष्यों के सहारे हवा में फैल रही है। अब मुझे बहुत ज्यादा प्यार मिल रहा है। यह एक ऐसी चीज है जो खरीदी नहीं जा सकती है। यह कहना है बनारस घराने के प्रख्यात शास्त्रीय गायक पं. देवाशीष डे का। पं. देवाशीष डे से जनसंदेश टाइम्स ने खास मुलाकात की।

### अब तक हजारों शिष्यों को संगीत में कर चुके हैं पारंगत





### पं. पशुपतिनाथ मिश्र व मुकुंद विष्णु कालविंट से सीखीं गायन की बारीकियां

पं. देवाशीष डे बताते हैं कि उनके प्रथम गुरु रामापुरा निवासी प्रख्यात शास्त्रीय गायक स्व. पं. पशुपतिनाथ मिश्र रहे। जिनके सानिध्य में तकरीबन 9 सालों तक रह कर उनसे गायन की बारीकियों को सीखा। बताया कि शुरूआती दौर में वह एक स्कूल में गायन सीखने जाते थे। जहां पर स्व. पं. पशुपतिनाथ मिश्र सीखाया करते थे। उन्होंने हमसे पूछा कहां रहते हो। हमने बताया कि रामापुरा तो वे बोले अरे यह तो हमारे घर के ही पास है। तुम अच्छा गाते हो। घर पर आ जाया करो। इनके बाद उनके दूसरे गुरु संव. मुकुंद विष्णु कालविंट रहे। उनके यहां जाकर भी हमने गायन की बारीकियों को सीखा। इसके बाद तो हमें हर जगहों पर मंचों पर कामयाबी मिलने लगी। जैसे-जैसे ख्याति बढ़ती गई बड़े मंच भी मिलने लगे। मुझे अनगिनत सम्मान मिले जो हमारी जिंदगी का अनमोल धरोहर है। देवाशीष डे की संगीत पर दो पुस्तकें भी प्रकाशित हो चुकी हैं। सुबह-ए-बनारस का पहला कार्यक्रम 24 नवम्बर 2016 में पं. देवाशीष डे के गायन से हुआ था।

### दुनिया के दर्जनों देशों में दे चुके हैं व्याख्यान अनगिनत सम्मान से नवाजे गये




### शिल्पायन म्यूजिक हब में हर हफ्ते होता है संगीत का आयोजन

पं. देवाशीष डे ने भेलूपुर में शिल्पायन म्यूजिक हब के सभागार में शिष्यों को गायन, वादन में प्रशिक्षित करते हैं। इसमें उनके साथ शास्त्रीय गायिका डा. रागिनी सरना भी बच्चों को प्रशिक्षित करती हैं। इस समय यहां पर ढाई सौ बच्चे संगीत सीख रहे हैं। अब तक सौ बच्चों को स्कालरशिप भी दिया जा चुका है। सभागारों का नाम भी अपने गुरुओं के नाम पर रखा है। यहां पर हर सप्ताह संगीत का आयोजन होता है। जिसमें वह नये उभरते हुए कलाकारों को मौका देते हैं। वरिष्ठ कलाकारों का भी कार्यक्रम होता है। ताकि विद्यार्थियों को अच्छा संगीत सुनने का मौका मिले। यहां पर उस्ताद साहिद परवेज, अजय शंकर प्रसन्ना, पं. प्रभात कुमार, अशागर हुसैन खान, पद्मश्री शेखर सेन, पद्मश्री डा. सोमा घोष, पद्मश्री डा. राजेश्वर आचार्य, अभिनेत्री दीप्ति नवल आदि आकर इसकी प्रशंसा कर चुके हैं।

## सनबीम कॉलेज फॉर वीमेन भगवानपुर में विविधा-2023 का आयोजन

### तीस महाविद्यालयों के 300 प्रतिभागियों ने भाग लेकर अपनी प्रतिभा का किया प्रदर्शन



**वाराणसी।** सनबीम कॉलेज फॉर वीमेन भगवानपुर में दो दिवसीय युवा संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य थीम आधारित विविधा-2023 का आयोजन हुआ। जिसमें 30 महाविद्यालयों के लगभग 300 प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। युवा महोत्सव के पहले दिन उद्घाटन समारोह का मुख्य आकर्षण दिल्ली के मूंगफली बैंड की शानदार प्रस्तुति रही, जिसमें महाविद्यालय के प्रांगण में उपस्थित सभी दर्शकों व श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर थिरकने पर मजबूर कर दिया। विविधा के दूसरे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं नुक्कड़ नाटक, सोलो डांस, रंगोली, बिजनेस प्लान, पैंटेक, फेस पेंटिंग, केओरिओग्राफि, पेंटिंग सहित अन्य आयोजन हुए। जिसमें 37 महसविद्यालयों के लगभग 498 युवा प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि काशी विद्यापीठ के कुलपति प्रो. अनांद कुमार त्यागी ने स्वस्थ और सजग समाज के निर्माण के लिए युवाओं को अभिप्रेरित किया। समूह के अध्यक्ष डॉ. दीपक मधोक एवं निदेशिका भारती मधोक ने युवा शक्ति के राष्ट्र निर्माण में सकारात्मक सहभागिता के लिए प्रेरित किया। सह निदेशक प्रतिमा गुप्ता ने सभी छात्रों को स्वर्णिम भविष्य की शुभकामनाएं दी। विजयी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण-पत्र दिया गया। बहुआयामी प्रतिभा के लिए शिवी उपाध्याय, सनबीन कॉलेज फॉर वीमेन, भगवानपुर को यूथ आइकॉन-2023 के अवार्ड से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में प्रशासिका डॉ. मधुलिका सिंह और प्राचार्या डॉ. विभा श्रीवास्तव ने युवा महोत्सव 'विविधा' के महत्त्व को बताते हुए उपस्थित सभी अतिथियों तथा प्रतिभागियों का धन्यवाद ज्ञापन किया।

# हम बच्चों को किडनैप नहीं, एडॉप्ट करते हैं : सलमा किन्नर

**वाराणसी।** किन्नर समाज पर यह आरोप कि वह बच्चों का किडनैप करके उन्हें किन्नर बना देते हैं, यह सरासर बेबुनियाद है इसको लेकर किन्नर समाज बहुत ही मर्माहत है। किन्नर समाज के लगभग एक दर्जन किन्नर इसी मुद्दे को लेकर पराड़कर स्मृति भवन में पत्रकारों से रू-ब-रू थे। किन्नर समाज के लोगों का कहना था कि हम पर जो यह आरोप लगाया जा रहा है वह सरासर गलत है। अगर इस आरोप को हटाया नहीं गया तो वह इसको लेकर मुकदमा दायर करेंगे। किन्नर समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष सलमान सलमा किन्नर ने इस आरोप को निराधार बताते हुए कहा कि कतिपय चैनल वाले यह आरोप लगा रहे हैं कि किन्नर समाज के लोग किन्नर बच्चों को ले जाते हैं और उन्हें किन्नर बना देते हैं। लेकिन ऐसा नहीं है समाज के अंदर जिन परिवारों में किन्नर बच्चे पैदा होते हैं उन्हें हम पकड़ कर नहीं ले जाते हैं। बल्कि जो डाक्टर ऐसे बच्चों के बारे में जानकारी देते हैं उन्हें ही हम कानूनी तौर पर एडाप्ट करते हैं। हम यह सब उन बच्चों के अभिभावकों की रजामंदी से करते हैं। पहले तो ऐसे परिवार के लोग आनाकानी करते हैं लेकिन बाद में वह भी राजी हो जाते हैं। ऐसे ही बच्चों को हम लेकर आते हैं। उन्होंने बताया कि ऐसे बच्चों को हम ले आकर उनका पालन पोषण के साथ ही उनकी शिक्षा की भी व्यवस्था करते हैं। अब तक छह बच्चों को हम लोगों ने हाई स्कूल पास कराया है। एक किन्नर बीएचयू से पीएचडी कर चुकी है। उसको पीएचडी तक की शिक्षा ग्रहण में कितनी मुसीबतों का सामना करना पड़ा यह कहा नहीं जा सकता है। कहा कि हमारे सामने तो बहुत सारी मुसीबतें हैं लेकिन हम लोग हर मुसीबतों का हंसते हुए सामना करते हैं। लेकिन यह समाज अब भी काफी पिछड़ा हुआ है। लोग किन्नर समाज पर झूठा आरोप लगाते हैं। कहा कि किन्नर समाज के लोग शादी-विवाह या बच्चों के जन्म पर नाच गाकर पैसा कमाते हैं। इसी पैसे से वह किन्नर बच्चों का लालन पालन करते हैं। किन्नर समाज के लोग काशीवासियों को यह संदेश देना चाहते हैं कि हम किसी भी बच्चे को जबरन पकड़ कर नहीं ले जाते बल्कि कानूनी तौर पर एडाप्ट करते हैं। हम इन्ही पैसों से गरीब लड़कियों की शादी भी करवाते हैं। काशी की जनता को इस ओर ध्यान देना चाहिए। प्लीज, किन्नर समाज पर कोई भी आरोप मत लगाइये। क्योंकि किन्नर समाज तो खुद को समाज में असहाय महसूस करता है। अगर किन्नर समाज पर इस तरह का निराधार आरोप लगाया जायेगा तो यह असहाय समाज आखिर कहां जायेगा। सलमा किन्नर ने कहा कि इस बार वह काशी में मेयर पद की प्रत्याशी रहेंगी। यह पूछे जाने पर कि उन्हें कितना समर्थन मिलेगा? कहा कि काशी की जनता हमारे साथ है और काशीवासियों का प्यार व स्नेह उन्हें मिलेगा। इसके पहले भी किन्नर समाज के लोग चुनाव में अपनी भागीदारी कर चुके हैं। पत्रकारवार्ता में टीना किन्नर, पिंकी किन्नर, पायल किन्नर, संजू किन्नर, विशाखा किन्नर, पायल किन्नर, सानिया किन्नर, नेहा किन्नर, मोनिका किन्नर, पिंकी किन्नर, बंटी किन्नर समेत दर्जनों किन्नर मौजूद थीं।



बच्चों को जबरन ले जाने के आरोप को बताया निराधार

### कहा- मेयर प्रत्याशी के रूप में चुनाव मैदान में रहूंगी

इस गलत आरोप को लेकर किन्नर समाज है मर्माहत

अभिभावक हमें अपने किन्नर बच्चों को रजामंदी से सौंपते हैं

प्लीज किन्नर समाज पर कोई भी आरोप मत लगाइये